✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 309 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, बुधवार, 8 अप्रैल 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



पटना में बिहार की आपदा प्रबंधन यात्रा पुस्तक का विमोचन करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### लखीसराय डीएम का तबादला

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने मंगलवार को लखीसराय के जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र का तबादला कर दिया है। उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग में स्थानांतरित किया गया है। इस दौरान राज्य सरकार की आरे से ही लखीसराय के अपर समाहर्ता (एडीएम) नीरज कुमार को डीएम का प्रभार दिया गया है। जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र के तबादले की अधिसूचना जैसे ही जारी हुई, जिले के आमजनों में मायूसी छा गई। अधिकारियों और आम जनता में उनकी लोकप्रियता के कारण यह खबर चर्चा का विषय बन गई।

### पूर्व डीएसपी गौतम कुमार निलंबित

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पूर्व डीएसपी गौतम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अब उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी जल्द शुरू होगी। गौतम कुमार के निलंबन का आदेश सरकार ने जारी कर दिया है। इसे लेकर गृह विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। निलंबन की अवधि में गौतम कुमार का मुख्यालय पुलिस उप-महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र, बेतिया निर्धारित रहेगा।

### अब सिर्फ एक बार परीक्षा दे सकेंगे सरकारी कर्मचारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब सेवा में रहते हुए कर्मचारी सिर्फ एक बार ही प्रतियोगी परीक्षा दे सकेंगे। इस नए नियम ने कर्मचारियों के करियर विकल्पों को सीमित कर दिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश के अनुसार किसी भी सरकारी कर्मचारी को पूरी सेवा अवधि में केवल एक ही बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### 17 एडीटीओ-एमवीआई को मिला प्रोन्नति का लाभ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** परिवहन विभाग के 17 एडीटीओ-एमवीआई की बल्ले-बल्ले हो गई है। इन सभी की लंबे समय की मांग को परिवहन विभाग ने पूरी कर दी। सभी को जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नत कर दिया गया। इस संबंध में आज मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। परिवहन सेवा के जिन 17अधिकारियों का प्रमोशन देकर जिला परिवहन पदाधिकारी बनाया गया है, उनमें पांच मोटरयान निरीक्षक हैं, जबकि 12 अपर जिला परविहन पदाधिकारी हैं। अब ये सभी जिला परिवहन पदाधिकारी के समकक्ष होंगे।

### इंटर छात्र का शव बरामद

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। जिले में इंटर परीक्षा देकर आगे की पढ़ाई की तैयारी कर रहे 21 वर्षीय विशाल कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत से बरामद होने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। यह घटना बखरी थाना क्षेत्र के गोढ़ियारी गांव की है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 13वीं बैठक सम्पन्न

# आपदा पीड़ितों की मदद पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 13वीं बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन पर चर्चा हुई और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 24 नवम्बर 2005 को नई सरकार बनने के बाद से हमलोगों ने आपदा प्रबंधन के लिये कई कार्य किये हैं। बाढ़, सुखाड़, अगलगी, भूकम्प, हीटवेव आदि आपदाओं के कुशल प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया बनायी गयी। प्राकृतिक आपदाओं से



प्रभावित लोगों को मुफ्त भोजन, नकद अनुदान के अतिरिक्त फसल क्षति अनुदान, गृह क्षति अनुदान, पशु क्षति अनुदान आदि की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित सरदार पटेल भवन में गृह विभाग के साथ आपदा प्रबंधन विभाग और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कार्यालय भी बनाया गया है। यह आधुनिक एवं भूकम्परोधी भवन है। इसके छत पर हेलीपैड बनाया गया है जिसका उपयोग आपातकाल में किया जा सकता है। यहां राज्यस्तरीय आपदा नियंत्रण केन्द्र भी है, जिससे आपदा प्रबंधन में काफी सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों की मदद पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। हम मानते हैं कि राज्य के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का होता है। आप सबसे अनुरोध है कि आपलोग आपदा प्रबंधन के लिये अच्छे ढंग से काम करें तथा आपदा पीड़ितों को समय से सहायता उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री के समक्ष बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यो पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी। मुख्यमंत्री ने 'बिहार की आपदा प्रबंधन यात्रा पुस्तक का विमोचन किया।

## समय पर सेवा नहीं देने वाले बिजली अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार छोड़ने से पहले राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने का काम किया है। अधिकारियों की मनमानी रोकने के लिए अब समय पर सेवा नहीं देने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाने का फैसला लिया है। बिजली उपभोक्ताओं को शहर में तीन दिन में कनेक्शन देना होगा। वहीं अन्य शहरी क्षेत्र में सात दिन में और ग्रामीण इलाकों में 15 दिनों में कनेक्शन देना होगा और यदि ऐसा नहीं करते हैं तो अधिकारियों पर एक हजार तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के उपभोक्ताओं को नीतीश सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली का तोहफा दिया है, जिसका लाभ उपभोक्ता उठा रहे हैं। अब बिजली कनेक्शन में आने वाली परेशानी को दूर करने के लिए सरकार ने अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की है। नीतीश सरकार के फैसले से बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें बिजली कार्यालय और अधिकारियों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा बल्कि तय सीमा में यदि उन्हें कनेक्शन नहीं मिला तो अधिकारियों पर ही कार्रवाई होगी। जब से नीतीश सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा की है, नए कनेक्शन मिलने में काफी परेशानी हो रही है। बिजली उपभोक्ता कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें समय पर कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। उसी को देखते हुए नीतीश सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है। बिहार में नीतीश सरकार ने 2.22 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं के लिए सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 20% बिजली सस्ती की है तो वहीं शाम 5:00 बजे से 11:00 बजे तक 10% से 20% तक बिजली महंगी की है। बिहार में 87 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा।

## राज्य में 13 फॉरेंसिक लैब चालू, डीएनए जांच का भी विशेष इंतजाम : डीजीपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अपराधियों के लिए आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होने वाला है। राज्य के डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि पुलिस ने अपराधियों को उनके किए का अंजाम तक पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण इंतजाम किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सात साल या उससे अधिक की सजा वाले सभी मामलों में घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम की मौजूदगी अनिवार्य होगी। इस दिशा में अगले एक-दो साल में चार स्थायी और नौ क्षेत्रीय फॉरेंसिक लैब यानी कुल 13 एफएसएल पूरी तरह चालू कर दी जाएंगी। यह कदम बिहार में अपराध जांच के स्तर को आधुनिक बनाने और अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए उठाया गया है। डीजीपी विनय कुमार ने पटना के सरदार पटेल भवन में दो दिवसीय फॉरेंसिक बायोलॉजिकल साइंस सैटेलाइट कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य के 28 जिलों में जहां क्षेत्रीय फॉरेंसिक लैब नहीं हैं, वहां जिला चलंत प्रयोगशालाओं के लिए भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। साथ ही, इन सभी जिलों को फोरेंसिक वैन की सुविधा भी दी गई है ताकि घटनास्थल पर तत्काल जांच संभव हो सके। इसके अलावा, राज्य के 44 पुलिस जिलों को 50 मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। डीजीपी ने यह भी बताया कि डीएनए जांच के बढ़ते मामलों को देखते हुए तीन-चार नई लैब स्थापित करने के लिए केंद्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब (सीएफएसएल) से सहयोग की भी मांग की है।

## राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता का जनादेश भूमि विवाद रहित बिहार बनाने का है और इसको पूरा करने के लिए ही लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अंचल स्तर पर कार्य प्रभावित होने से आम जनता को जो परेशानियाँ हुई हैं, उसकी जिम्मेदारी तय होगी और इसका खामियाजा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने उपस्थित सभी डीसीएलआर से कहा कि काम में खानापूर्ति नहीं हो। वास्तविक कार्यों को लटकाने और भटकाने से बचना होगा। लोगों के जरूरी काम को ईमानदारी से समय सीमा के अंदर पूरा





कर देंगे तो आम जनता के बीच आपका बेहतर इमेज बनेगा। इससे आप अपने आप को उस स्थान पर सिद्ध कर पाते हैं। जनता भी आप पर विश्वास करने लगती है। इसलिए सभी अधिकारियों का पहला ध्येय जनता के उचित कार्य का समय पर निष्पादन करना होना चाहिए। मंगलवार को वे पटना स्थित पुराना सचिवालय के राजस्व मुख्यालय में आयोजित राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव सीके अनिल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के जनकल्याण संवाद का विभागीय कार्यप्रणाली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार को राजस्व अधिकारियों से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व का कार्य जनता से सीधे जुड़ा हुआ कार्य है, इसलिए पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि 9 मार्च से अंचल स्तर पर कार्य प्रभावित रहने के कारण जो समय नष्ट हुआ है, उसकी कीमत अमूल्य है और इससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। प्रधान सचिव ने सरकारी जमीन की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकारी भूमि से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी जमीन के आधार पर राज्य का लैंड बैंक मजबूत होगा, जिससे औद्योगिक निवेश और आधारभूत संरचना के विकास को गति मिलेगी। इसलिए सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में सरकार के पक्ष की मजबूती सुनिश्चित करना आवश्यक है।

## गया रूट की ट्रेनों के लिए बिहारशरीफ-शेखपुरा में बनेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गया रूट की ट्रेनों के रखरखाव को सुदृढ़ करने के लिए बिहारशरीफ या शेखपुरा में नए कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही फतुहा में लगभग 495 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक कोचिंग डिपो स्थापित करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार ने मंगलवार को दानापुर रेल मंडल की वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 22 स्टेशनों का 513.61 करोड़ रुपये की लागत से विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन से झाझा तक तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की योजना है। वहीं, मोकामा में गंगा नदी पर बन रहे दोहरी रेल पुल को



जून तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। डीआरएम ने बताया कि रेल संचालन के क्षेत्र में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। अस्थावां से सरसा जमालपुर के बीच 17.47 किलोमीटर नई रेल लाइन का निर्माण पूरा हो चुका है, जिससे बिहारशरीफ-शेखपुरा सेक्शन पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए 518 जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाई गईं और 2262 अतिरिक्त कोच जोड़े गए। इसके अलावा 52 नई ट्रेनों की शुरुआत की गई, जिनमें नमो भारत, वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए 77 स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया गया। पटना-बक्सर और दानापुर-झाझा के बीच चलाई गई पेंडुलम पैसेंजर ट्रेनें दैनिक यात्रियों के बीच लोकप्रिय साबित हुई हैं। राजस्व के मोर्चे पर दानापुर मंडल ने 2025-26 में 2362.63 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.39 प्रतिशत अधिक है। इसमें यात्री आय 1978.91 करोड़, मालभाड़ा से 162.71 करोड़ और अन्य कोचिंग आय से 178.65 करोड़ रुपये शामिल हैं। बिना टिकट यात्रा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12.85 लाख यात्रियों से 62.45 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। ढांचागत विकास के तहत कई स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज और रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। सीनियर डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि पटना जंक्शन पर लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा बढ़ाई गई है। आरा डिपो में मशीन लर्निंग आधारित सर्वर रूम और कोचों को आइओटी से जोड़ने की पहल की गई है। हरित पहल के तहत 90 हजार पौधों का रोपण किया गया और सौर ऊर्जा के उपयोग से 35 लाख रुपये से अधिक की बचत हुई। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करते हुए दानापुर रेल अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और सीबीसी जांच की सुविधा शुरू की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए मंडल में 247 वार रूम से निगरानी की जा रही है और कर्मचारियों को बेहतर ग्राहक सेवा के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## सात हजार रूपये रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधेपुरा।** जिले में महज सात हजार रुपये रिश्वत लेते एक एसआई को विजिलेंस टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मामला पुरैनी थाना का है। मंगलवार को सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह जमीन संबंधी प्रतिवेदन भेजने के लिए परिवादी से सात हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे। इस संबंध में औराय निवासी वशिष्ठ कुमार वर्मा ने 20 मार्च 2026 को निगरानी विभाग, पटना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय से जमीन संबंधी जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। पुरैनी थाना प्रभारी ने जांच रिपोर्ट भेजने का जिम्मा एसआई अनिल कुमार सिंह को सौंपा था लेकिन एसआई जांच रिपोर्ट भेजने के लिए 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे। कई दिनों तक टालमटोल करने के बाद अंततः उन्होंने सात हजार रुपये देने की बात कही। दूसरी तरफ शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और जाल बिछाया। मंगलवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत विजिलेंस टीम ने पुरैनी थाना के पास स्थित एक चौक पर कार्रवाई करते हुए एसआई अनिल कुमार सिंह को सात हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के डीएसपी आसिफ इकबाल मेंहदी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी को पटना ले जाया जाएगा। परिवादी वशिष्ठ कुमार वर्मा ने बताया कि वे कई बार एसआई अनिल कुमार सिंह से मिले लेकिन वे बिना रिश्वत लिए रिपोर्ट नहीं भेज रहे थे। आखिरकार उन्होंने इसकी शिकायत विजिलेंस में किया।

## बिहार में 4954 एएनएम को किया गया पदस्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- **20 अप्रैल तक सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान देना अनिवार्य**
- **ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार**

**पटना।** राज्य स्वास्थ्य समिति ने बड़ी संख्या में चयनित एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) को विभिन्न जिलों के अस्पतालों में पदस्थापित कर दिया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, कुल 4954 एएनएम को अलग-अलग जिलों में तैनाती दी गई है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 अप्रैल तक अपने आवंटित जिले के सिविल सर्जन कार्यालय में योगदान सुनिश्चित करें। समिति के अनुसार, संविदा के आधार पर कुल 5006 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से 4954 को पदस्थापन दिया गया है। शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले से राज्य के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। समिति ने सभी सिविल सर्जनों को भी निर्देश दिया है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर योगदान लेने की प्रक्रिया पूरी करें और इसकी सूचना राज्य मुख्यालय को उपलब्ध कराएं।

## पर्यटकों के लिए शुरू होगी हेली-टूरिज्म सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार घूमने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार जल्द ही हेली-टूरिज्म सेवा शुरू करने जा रही है जिससे अब पर्यटक कम समय में आसमान से बिहार के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का दीदार कर सकेंगे। अब बिहार के पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए घंटों सड़क जाम या लंबी ट्रेन यात्रा की जरूरत नहीं होगी। हेलीकॉप्टर सेवा के जरिए कुछ ही समय में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचना संभव होगा। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी बल्कि यात्रा भी आरामदायक और रोमांचक बनेगी। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पटना को मुख्य केंद्र बनाया गया है। यहीं से हेलीकॉप्टर उड़ान





भरकर राज्य के अलग-अलग पर्यटन स्थलों तक जाएंगे। यह कदम बिहार के पर्यटन को नई ऊंचाई देने वाला माना जा रहा है। इस हेली-टूरिज्म नेटवर्क के तहत राज्य के आठ प्रमुख ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसमें बोधगया, राजगीर, नालंदा, वैशाली, पटना साहिब, विक्रमशिला, पावापुरी और वाल्मीकि टाइगर रिजर्व शामिल हैं। ये सभी स्थल अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार इस सेवा को संचालित करने के लिए एक प्रोफ़ेशनल ऑपरेटर का चयन किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा। ऑपरेटर के साथ शुरुआती पांच साल का एग्रीमेंट किया जाएगा, जिसे आगे बढ़ाया भी जा सकता है। इस योजना को सफल बनाने के लिए राज्य के चिन्हित पर्यटन स्थलों पर मौजूद हेलीपैड और हवाई पट्टियों को अपग्रेड किया जाएगा। सिविल एविएशन विभाग के सहयोग से लैंडिंग और टेक-ऑफ की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। हेली-टूरिज्म सेवा शुरू होने से बिहार का पर्यटन सेक्टर तेजी से विकसित होने की उम्मीद है। इससे न सिर्फ देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होंगे बल्कि राज्य की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

## छात्र हत्याकांड में स्कूल संचालक गिरफ्तार

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र अंतर्गत मुठेर-लोदीपुर गांव के समीप स्थित एक गुरुकुल हॉस्टल में पांच वर्षीय छात्र की निर्मम हत्या के मामले ने नया और चौंकाने वाला मोड़ ले लिया है। प्रारंभिक जांच के बाद सिविल सर्जन द्वारा अप्राकृतिक यौनाचार की आशंका जताए जाने के बाद यह मामला और गंभीर हो गया है। मृतक की पहचान जिले के गुहापाकड़ गांव निवासी धनंजय कुमार के पुत्र आशु कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीन अन्य लोगों को हिरासत में लेकर उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक मासूम छात्र की हत्या धारदार हथियार से की गई थी। घटना गुरुकुल हॉस्टल परिसर में हुई जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने एहतियातन हॉस्टल को सील कर दिया है ताकि साक्ष्यों के साथ कोई छेड़छाड़ न हो सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है, जिसमें हत्या, यौन उत्पीड़न और आपराधिक साजिश जैसे पहलू शामिल हैं। जल्द ही सभी तथ्यों को सामने लाकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

C M Y K

# अब गांव से हाइवे तक आसान सफर, सुलभ संपर्कता योजना से बदली तस्वीर

## कुल 1.21 लाख ग्रामीण बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दशकों से संपर्क विहीन रही राज्य की 1.21 लाख ग्रामीण बसावटों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने के बाद अब उन ग्रामीण बसावटों का सीधा जुड़ाव बड़े राजमार्गों से किया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राज्य में सुलभ संपर्कता योजना की शुरुआत की गई है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे उच्च श्रेणी के मार्गों से जोड़ते हुए विकास की गति को नई रफ्तार देने वाला है। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना एवं ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना के तहत कुल 1,29,990 संपर्क विहीन ग्रामीण बसावटों की पहचान की गई थी। इनमें अब तक कुल 1,21,151 बसावटों को 1,20,178 किलोमीटर से अधिक लंबी पक्की बारहमासी सड़कों के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। वहीं शेष बसावटों को भी शीघ्र पक्की ग्रामीण सड़क से जोड़ने के लिए कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इस व्यापक ग्रामीण सड़क संपर्कता अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया है। इस दिशा में कार्य तेज गति से प्रगति पर है। इस योजना के तहत अब तक कुल 74 नई योजनाओं का चयन किया गया है, जिनमें से 65 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। साथ ही 16 महत्वपूर्ण योजनाओं पर निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिए गए हैं।बसावटों के पक्की सड़कों से जुड़ने के बाद अब सुलभ संपर्कता योजना के माध्यम से इस बुनियादी संपर्कता को और अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। राज्य के कई ऐसे गांव और टोले हैं जहां मुख्य सड़कों तक पहुंचने के लिए लोगों को संकरे, घुमावदार और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दिनों में यह सफर एक बड़ी चुनौती बन जाता था। इस नई योजना के माध्यम से राज्य के उन दुर्गम और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को अब सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), राज्य राजमार्ग (एसएच) तथा वृहद जिला पथों से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए सुलभ मार्गों और वैकल्पिक रास्तों (थ्रू रूट या बाईपास) का नवनिर्माण तथा जर्जर हो चुकी सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, ताकि संकरे रास्तों के जाम से ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके।

**सूबे की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही नई धार**

इसका सबसे सकारात्मक प्रभाव राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन पर पड़ेगा। अब ग्रामीणों को अपनी पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल या सीधे जिला मुख्यालय जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही संकरे रास्तों के मजबूत विकल्प तैयार होने से व्यावसायिक वाहनों का आवागमन सुगम हो जाएगा और आपातकालीन स्थितियों में एंबुलेंस बिना जाम में फंसे सीधे हाईवे का रास्ता ले सकेगी।

# डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की बिहार विधान सभा परिसर में प्रतिमा स्थापना का मार्ग प्रशस्त : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा की पहल पर बिहार निर्माता, प्रखर विधिवेत्ता और संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की बिहार विधान सभा परिसर में भव्य प्रतिमा स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार सरकार को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार के महान सपूत और 'बिहार निर्माता' के रूप में विख्यात डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के योगदान के अनुरूप अब तक उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया था जिसके वे वास्तव में हकदार थे। लंबे समय से बिहार के बुद्धिजीवियों, इतिहासकारों और आम नागरिकों द्वारा यह मांग उठती रही है कि उनके ऐतिहासिक योगदान को उचित सम्मान दिया जाए। इस संदर्भ में ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा ने बिहार के गठन, भारतीय लोकतंत्र और संविधान निर्माण की प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की स्मृति को सम्मान देना और नई पीढ़ी को उनके योगदान से अवगत कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। बिहार विधान सभा परिसर में उनकी प्रतिमा की स्थापना न केवल उनके महान कार्यों का सम्मान होगी, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रसेवा के आदर्शों से प्रेरणा भी देगी। श्री सिन्हा ने इस विषय पर सकारात्मक पहल के लिए बिहार विधान सभा सचिवालय और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की प्रतिमा स्थापना का यह ऐतिहासिक कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा और आधुनिक बिहार के निर्माता और जनक को उचित सम्मान मिलेगा।

# मल्लिकार्जुन खरगे का विवादित बयान, देश की एकता पर सीधा हमला: दानिश इकबाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाजपा और आरएसएस को लेकर दिए गए एक विवादास्पद बयान को लेकर बिहार भाजपा ने जोरदार पलटवार करते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई करने तक की मांग की है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, गैर-जिम्मेदाराना और देश की सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के शीर्ष नेता से इस तरह की भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष का बयान यह साबित करने के लिए काफी है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तुष्टिकरण और समाज को बांटने की राजनीति से बाहर निकलना ही नहीं चाहती। इस प्रकार के बयान न केवल राजनीतिक मर्यादा को गिराते हैं, बल्कि समाज में अविश्वास और तनाव भी पैदा करने का काम करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी को लेकर इस तरह के भड़काऊ और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल पूरी तरह निंदनीय है। देश की जनता अब ऐसे विभाजनकारी एजेंडे को समझ चुकी है और इसका लोकतांत्रिक तरीके से मुंहतोड़ जवाब देगी।

# पवन खेड़ा पर असम के मुख्यमंत्री की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध की भावना : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जोरदार विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं असम सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया। प्रदर्शन के दौरान असम सरकार का पुतला भी दहन किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा पर असम पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की बदले की राजनीति का कड़ा विरोध करती है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। राजेश राम ने कहा कि भाजपा सरकारें आलोचना से घबराकर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस तरह के दबाव में आने वाली नहीं है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी।

# गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से पूर्व सदस्य राधिका देवी का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से पूर्व सदस्य राधिका देवी का कल देर रात उनके पटना स्थित निवास पर निधन हो गया।

उनका पार्थिव शरीर 01:45 बजे अपराह्न में बिहार विधान सभा परिसर लाया गया जहां उनके पार्थिव शरीर पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की ओर से बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात बिहार विधान सभा के वरीय पदाधिकारीगण ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभा सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं पूर्व सदस्य के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि राधिका देवी कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थीं। वो वर्ष 1977 में गोपालगंज विधान सभा क्षेत्र से बिहार विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुईं थीं। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि भगवान उनकी आत्मा को शांति दें एवं शोक संतप्त परिजनों तथा शुभचिंतकों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# किसान संसद में 32 संगठनों के जुटेंगे सैकड़ों प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 9 अप्रैल को पटना में होने वाले किसान संसद को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसको लेकर आईएमएहॉल में गठित अभियान समिति के सदस्य दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, अशोक प्रियदर्शी, अमेरिका महतो, अमरेश नंदन, शशि कुमार एवं प्रदीप प्रियदर्शी ने स्वामी सहजानंद आश्रम में तैयारी की समीक्षा की। पूरे बिहार में किसान संसद में भाग लेने के लिए किसानों के बीच काफी उत्साह है। बिहार के 32 किसान संगठनों ने किसान संसद में भाग लेने की अपनी स्वीकृति अभियान समिति को अभी तक भेजा है। किसान संसद में भारतीय किसान यूनियन 'टिकैत' के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह, किसान नेता सांसद सुधाकर सिंह सहित एक दर्जन किसान नेता और कृषि विशेषज्ञ किसान संसद को संबोधित करेंगे। मोदी सरकार के किसान विरोधी नीतियों से अन्नदाताओं में काफी आक्रोश है। कृषि व्यापार में अमेरिका से कर मुक्त व्यापार समझौता से पूरे देश का कृषि अर्थ व्यवस्था एवं गांव की कृषि आधारित हमारी संस्कृति सब चौपट हो जायगा। किसानों से जबरन खेती छीन कर अपने यार पूंजीपतियों को खेती सौपनें से गांव एवं कृषि प्रधान हमारे मुल्क का पूरा ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, सामाजिक जीवन एवं हमारी तहजीब सब ध्वस्त हो जायगा। इसलिए खेत, खेती, किसान के साथ-साथ गांव और देश को बचाने के लिए सरकार की इस सुनियोजित तिकड़म का भंडाफोड़ करने हेतु किसानों के बीच सघन अभियान चलाने एवं एक बड़े जंग का हुंकार 9 अप्रैल 2026 को आईएमए हॉल पटना से होगा। इस अभियान की शुरुआत पटना किसान संसद से होगा। किसान संसद के संदेश को हम जन-जन तक बिहार के 38 जिलों में ले जाएंगे। योजनाबद्ध एक कार्यक्रम का मसौदा भी संसद में पेश होगा और उस पर परिचर्चा होगी। पहले चरण में बिहार के सभी जिलों में किसान संसद आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण में गांव-गांव में किसान चौपाल आयोजित किया जाएगा। किसान चौपाल में मोदी सरकार की किसान विरोधी हर षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया जाएगा।

# डॉ. आनंद रंजन झा को इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जंदाहा, वैशाली।** शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जंदाहा (वैशाली) के प्रख्यात शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा को प्रतिष्ठित संस्था इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए दिया गया है। डॉ. झा, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक के रूप में वर्षों से विद्यार्थियों को डिजिटल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. झा की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे वैशाली जिले के लिए गर्व की बात है। डॉ. आनंद रंजन झा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत करने तथा समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा एवं कौशल प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि निरंतर प्रयास और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# बीसी-इबीसी छात्राओं के लिए बड़ी राहत, 10 अप्रैल तक फिर खुला पोर्टल

## 760 सीटों पर फिर मौका, छात्राएं 10 स्कूल चुनकर कर सकेंगी आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन के लिए दूसरा मौका दिया गया है। जिन छात्राओं ने प्रवेश परीक्षा पास की है, लेकिन प्रथम मेधा सूची में जगह नहीं बना पाईं, उनके लिए विभाग ने पोर्टल दोबारा खोल दिया है।

**छात्राओं को 10 स्कूल चुनने की छूट**

अब वे 10 वैकल्पिक विद्यालय चुन सकेंगी। इसके लिए 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। कक्षा 6 से कक्षा 9 के लिए कुल 760 सीटों के आलोक में आवेदन लिए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक कक्षा 6 के लिए 464 सीटें उपलब्ध है। इसके अलवा कक्षा 7 के लिए 164, कक्षा 8 के लिए 52 और कक्षा 9 के लिए 80 सीटों पर आवेदन लिए जाएंगे। ये सीटें राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित 39 कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में उपलब्ध हैं। इन स्कूलों में छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षा, खेलकूद और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि विद्यालय चयन करते समय अभ्यर्थी के लॉगिन पर विद्यालय का नाम एवं उसके कक्षा व कोटि में उपलब्ध सीटों की संख्या प्रदर्शित है। अभ्यर्थी उक्त रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए ही अपने विद्यालय का चयन करें। द्वितीय मेधा सूची 12 अप्रैल को जारी की जाएगी, वहीं नामांकन की प्रक्रिया 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगी।

# इनर व्हील क्लब अशियाना, पटना ने किया भव्य सेवा कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इनर व्हील क्लब अशियाना, पटना ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि सेवा केवल शब्द नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। क्लब की अध्यक्ष सुजाता शर्मा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस विशेष सेवा कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मी गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि अशियाना क्लब वास्तव में इनर व्हील के आदर्शों, मित्रता, सेवा और अंतर्राष्ट्रीय समझ को जमीन पर उतार रहा है। इनर व्हील विश्व का सबसे बड़ा महिला स्वयंसेवी सेवा संगठन है। इस संगठन के तीन मूल उद्देश्य हैं- सच्ची मित्रता को बढ़ावा देना, व्यक्तिगत सेवा के आदर्शों को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय समझ के माध्यम से एक वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना। अध्यक्ष सुजाता शर्मा के मार्गदर्शन में इस वर्ष क्लब ने सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं।

# पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद वरुण सिंह ने लगाई सुरक्षा की गुहार

## बहन खुशबू सिंह हत्याकांड में एसआइटी जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और स्थायी अंगरक्षक की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी के दामाद व उद्यमी वरुण कुमार सिंह ने अपनी बहन खुश्बू सिंह की संदिग्ध मौत को लेकर मंगलवार को पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरपुर में शादी के महज छह महीने बाद उनकी बहन की साजिशन हत्या कर दी गई और अब इस मामले में आवाज उठाने पर उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों की जान को भी गंभीर खतरा है। वरुण ने सरकार से विशेष जांच दल के गठन, सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और परिवार को स्थायी सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। वरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बहन खुश्बू सिंह की शादी 1 जून 2025 को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम के साथ मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके के श्याम कुटीर, ज्ञानलोक मार्ग निवासी एनआरआई ई. सुधांशु सिंह से हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के दौरान ही लड़के पक्ष की ओर से फार्च्यूनर गाड़ी, लगभग एक करोड़ रुपये के गहने और 51 लाख रुपये नकद की मांग की गई। उन्होंने कहा कि गाड़ी को छोड़कर परिवार ने बाकी अधिकांश मांगें पूरी कीं, लेकिन शादी के बाद से ही बहन को गाड़ी और बाद में दिल्ली में फ्लैट की मांग को लेकर लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। वरुण के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को उनके बहनोई के पिता संजीव सिंह ने फोन कर सूचना दी कि खुश्बू की मौत जलने और दम घुटने से हो गई है। सूचना मिलने पर परिवार जब मुजफ्फरपुर पहुंचा, तब तक पुलिस और फॉरेंसिक टीम कथित रूप से अपनी जांच पूरी कर चुकी थी। वरुण ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बहन का शव ठीक से देखने तक नहीं दिया गया और शव पर मंगलसूत्र सहित कोई गहना नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि कमरे में ऐसी कोई स्पष्ट स्थिति नहीं दिखी जिससे यह लगे कि मौत जलने या दम घुटने से हुई है। उनका आरोप है कि उस समय स्थानीय पुलिस का रवैया आरोपी पक्ष के प्रति 'असामान्य रूप से नरम' था और परिवार की शिकायत दर्ज करने में भी टालमटोल की गई। उन्होंने कहा कि सामाजिक दबाव बढ़ने के बाद पुलिस ने खुश्बू के पति सुधांशु सिंह को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन सास ममता सिंह, ससुर संजीव सिंह और अन्य आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वरुण का आरोप है कि बाकी आरोपियों को फरार होने का अवसर दिया गया और अब केस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई बार जान से मारने की कोशिश की गई और लगातार धमकियां मिल रही हैं, यहां तक की उपलब्ध सरकारी सुरक्षा कर्मी के सामने ही मुझपर जानलेवा हमला किया गया ताकि वे इस मामले को आगे न बढ़ा सकें। प्रेस कांफ्रेंस में वरुण कुमार सिंह ने साफ कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष, समयबद्ध और उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई तो न्याय मिलना कठिन हो जाएगा।

# इस्टर पर एकता और सद्भाव का संदेश देगा भव्य समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के ईसाई समुदाय द्वारा 10 और 11 अप्रैल 2026 को गांधी मैदान में आयोजित होने वाले भव्य ईस्टर मिलन समारोह को लेकर बैपटिस्ट चर्च में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान आयोजकों ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता पादरी मोसेज सहित कई धर्मगुरु एवं चर्च प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। समारोह में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में ईसाई समाज के लोग, विशिष्ट अतिथि और अन्य समुदायों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार 10 और 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। समारोह के मुख्य प्रवक्ता एपोस्टोल प्रेजिम पीटर होंगे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के राज्यपाल के शामिल होने की संभावना है।

# जैन धर्मावलंबियों के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का शांति धारा एवं पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं में जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का किया शांति धारा एवं पूजन। जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की शांतिधारा एवं पूजन के लिए प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। इसके बाद भगवान वासुपूज्य का अभिषेक निर्मलजी बड़जात्या, अशोक छाबड़ा नयाटोला, एडवोकेट अजीत जैन, प्रभातजी, विनय जी, सुनीलजी, मनोज, संजय छाबड़ा, संदीपजी, नवीन जैन सहित अन्य द्वारा किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा एम पी जैन द्वारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसके बाद अशोक जैन छाबड़ा द्वारा स्वाध्याय सभी श्रद्धालुओं को सुनाया गया। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति के बिहार-झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया कि भगवान वासुपूज्य जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर हैं। जैन मान्यताओं के अनुसार उन्होंने सभी कर्मों का नाश करके सिद्ध पद प्राप्त किया, अर्थात वे एक मुक्त आत्मा बन गए। उनका जन्म चंपापुरी के राजा वसुपूज्य और रानी जया देवी के यहां फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को हुआ था। इनका प्रतीक चिन्ह बैल है।

# अविस्मरणीय यादें छोड़ गया महादेवी वर्मा सम्मान समारोह : अकेला

## बिहार की धरती पर जीकेसी का यह अनमोल कार्यक्रम रहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टॉवर में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह देश विदेश से आये कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, लेखकों, कलाकारों, उद्यमियों एवं समाज सेवकों के दिल पर अविस्मरणीय एवं अमिट यादें छोड़ गया एवं छोड़ गया लोगों के दिल में एक सवाल कि कैसे अपने पुरखों, देश के स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, कलाकारों एवं समाज सेवकों की स्मृतियों को जिंदा रखा जाये जिससे आने वालीं पीढियां उनसे प्रेरित होकर देश एवं समाज के लिए कुछ कर सके। उपरोक्त बातें जाने-माने कथाकार एवं कवि अरविन्द अकेला ने मीडिया से बात करते हुये कहा कि आयोजकों को सुभाषचंद्र बोस, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद, स्वामी विवेकानंद, लाल बहादुर शास्त्री, खुदी राम बोस, मुंशी प्रेमचंद, फिराक गोरखपुरी, जयशंकर प्रसाद, हरिवंश राय बच्चन सहित कई लोकप्रिय हस्तियों के नाम पर सम्मान समारोह आयोजित कर एवं देश की प्रतिभाओं को सम्मानित कर एक अलग मिसाल कायम करनी चाहिए। उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जीकेसी की जितनी तारीफ की जाए वह बहुत कम होगी।

# स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान का जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा की मिसाल : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व मोहम्मद हिदायतुल्ला खान की 18 वीं पुण्यतिथि आज सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्व. मोहम्मद हिदायतुल्ला खान का पूरा जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक परंपराओं और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सदन की गरिमा, निष्पक्षता और संसदीय परंपराओं को मजबूती प्रदान की, जो आज भी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजेश राम ने कहा कि स्व. खान साहब न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि वे सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और समावेशी राजनीति के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया।

# डीएम की अध्यक्षता में भूमि विवाद के निष्पादन हेतु समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को भू-समाधान पोर्टल के तहत भूमि विवाद की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि पिछले बैठक की तुलना में इस बैठक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा 9 मार्च से 6अप्रैल 2026 तक भू-समाधान पोर्टल पर अत्यधिक थानाध्यक्षों द्वारा एक भी आवेदन की इन्ट्री नहीं किये जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा संबंधित अंचलाधिकारियों / थानाध्यक्षों को भू-समाधान पोर्टल पर सभी लंबित मामलों को अपलोड करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जहां एक ही थाना अंतर्गत दो अंचल आता है तो संबंधित अंचलों में रोस्टर बनाकर थानाध्यक्षों को उपस्थित होने का निदेश देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही निश्चित रूप से भू- समाधान पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तथा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिस थाना का इन्ट्री शून्य है वहां भूमि विवाद से संबंधित मामलों की बैठक में समीक्षा कर निश्चित रूप से भू समाधान पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे तथा बैठक की कार्यवाही की एक प्रति गृह विभाग, पटना को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। सभी थानाध्यक्ष, भूमि विवाद से संबंधित बैठक का रोस्टर के अनुसार प्रत्येक शनिवार को अंचल स्तर पर आयोजित भूमि विवाद की बैठक में भाग लेने तथा उसकी प्रति संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## बैंक के रेसाइकिलर मशीन में पकड़ा गया जाली नोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय एक्सिस बैंक के एक एटीएम से 12 हजार रूपये जाली नोट पाए जाने की प्राथमिकी साइबर थाना में मंगलवार को दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक निपुल कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उनके बैंक के एटीएम हाल ही में सिक्योरिटीयन सी एम एस के कर्मचारी आशुतोष कुमार सिंह द्वारा जमा की गई जाली नोट मशीन में पड़ने की सूचना दी गई। उक्त राशि को अज्ञात ने बैंक के एक खाता में 500 का 20 नोट और 100 का 20 नोट डाला गया है।

## फायरिंग कर भागे अपराधी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** थाना क्षेत्र के न्यू एरिया निवासी कृष्ण कुमार मिश्रा ने मोहल्ले के ही तीन युवकों पर मारपीट कर रुपया आभूषण ले जाने और जान मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने की प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार तीन युवकों पर देसी कट्टा से फायरिंग करने, सोने की अंगूठी नगद राशि ले जाने और जान मारने की नीयत से फायरिंग करने की प्राथमिकी की गई है।

# एसपी की अध्यक्षता में एनकॉर्ड एवं मद्य निषेध से सम्बंधित समीक्षा बैठक

### थानाध्यक्ष सघन जांच कर अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध करें कार्रवाई : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को एनकॉर्ड एवं मद्य निषेध से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आहूत की गयी। एनकॉर्ड में सभी संबंधित पदाधिकारियों यथा-वन प्रमण्डल पदाधिकारी रोहतास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आई.सी.डी.एस.), जिला कृषि पदाधिकारी, सिविल सर्जन, सभी सहायक औषधि नियंत्रक, जिला विशेष शाखा को निदेशित किया गया कि अफीम व गांजा से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो उसकी सूचना पुलिस विभाग तथा मद्य निषेध विभाग को देना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग को निदेशित किया गया कि रोहतास जिला में पूर्व में जहां पर सुषव प्राप्त हुआ है वहां लगातार सघन छापामारी, गश्ती करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जहां सुषव पकड़े जा रहे हैं वहां पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कहां से आ रहा है, कौन ला रहा है, कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। रोहतास जिला में कहीं भी जहरीली शराब की घटना घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेवारी सहायक आयुक्त मद्य निषेध, संबंधित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी की होगी। इस मद्देनजर सभी क्षेत्रों में सघन छापामारी, गश्ती, वाहन चेकिंग करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मार्च 2026 में 202 शराब में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मार्च 2026 में 8078.100 लीटर शराब जब्त की गयी। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा माह मार्च 2026 तक जब्त 286 वाहनों का पुलिस अधीक्षक, रोहतास द्वारा तीनों अनुमण्डल के पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने अनुमण्डल अंतर्गत थाना से संबंधित लंबित अधिहरण प्रस्ताव की समीक्षा कर अविलम्ब वाहन अधिहरण प्रस्ताव जिला विधि को भेजने का निर्देश दिया गया है। पुलिस विभाग एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा जब्त शराब का विनष्टीकरण प्रस्ताव 15 दिनों के अन्दर भेजने का निर्देश दिया गया है। सभी न्यायालयों से लंबित वाहनों का अधिहरण प्रस्ताव अविलम्ब निष्पादन कराने का निर्देश दिया गया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम

### हेल्थ को दें पहला स्थान, तभी होगा बीमारियों का निदान : डॉ. एस. निशा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तारबंगला स्थित अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा ने फलों से बने विशेष केक का कटिंग कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया और मरीजों व अस्पताल कर्मियों के बीच पौष्टिक फलों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. निशा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी और तभी से हर वर्ष इस दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और इसे प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। अस्पताल के प्रबंधक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. बिरेन्द्र कुमार ने कहा कि यदि व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ है तो वही सबसे सुखी और समृद्ध माना जाता है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एक छोटी लेकिन सार्थक शुरुआत है जिसे आने वाले समय में और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुमार, डेंटल सर्जन डॉ. ओ. पी. आनंद, राजबली यादव सहित अस्पताल के सभी कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

# 400 प्लस अंक लाने वाले छात्रों को मिला सम्मान व कैरियर गाइडेंस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मैट्रिक परीक्षा में 400 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 200 से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए तिलौथू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आई आई टी कंप्यूटर्स तिलौथू द्वारा किया गया जिसमें मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मैकू राम, समाजसेवी सत्यानंद कुमार, गार्गी पाठशाला की संचालिका नूतन कुमारी तथा पीडब्ल्यू के जिला संयोजक प्रतीक सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद मंत्रोच्चार, परिचय एवं स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से जेईई एडवांस, मेडिकल की पढ़ाई एवं विभिन्न कैरियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने उत्साह का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिससे उनका मनोबल और भी ऊंचा हुआ। कार्यक्रम के संयोजक आनंद द्विवेदी ने कहा कि अब छात्रों को कोटा, पटना, बनारस या दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है। सासाराम में ही पीडब्ल्यू का ब्रांच शुरू हो चुका है जहां से छात्र-छात्राएं डॉक्टर और इंजीनियरिंग की तैयारी कर सकते हैं। इस मौके पर रोहतास जिला की साइंस टॉपर पल्लवी राज को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में न केवल छात्रों को सम्मानित किया, बल्कि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी जिससे रोहतास जिले का शिक्षा स्तर और मजबूत होने की उम्मीद है।

## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**भभुआ।** तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पलटने से 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाते समय एक युवक की रास्ते में ही मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार सदर अस्पताल में जारी है। घटना अधौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरकट्ठा मोड़ के पास हुई। मृतकों की पहचान नौहट्टा थाना क्षेत्र के चानोडीह गांव निवासी कैलाश उरांव (30) और संतोष उरांव (30) के रूप में हुई है। दोनों बाइक से बरकट्ठा बाजार जा रहे थे। इसी दौरान बरकट्ठा मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 04_2026-27, दिनांक 06.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सं. 04 _2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/नबद्वीपधाम, कटवा और आजिमगंज के तहत नबद्वीधाम, कटवा जंक्शन और ईस्ट कॉलोनी/आजिमगंज में वर्तमान ओआरएच का नवीनीकरण एवं उन्नयन। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,64,34,729.41, **बयाना राशि:** रु. 3,28,700/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 24.04.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-09/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# महादेव खोह के प्रतीक चिन्ह से डिहरी विधायक सोनू सिंह सम्मानित, पर्यटन विकास पर जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह को महादेव खोह मंदिर के संचालक राधा सुत सिन्हा ने उनके आवास पर अंग वस्त्र एवं महादेव खोह का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पर्यटन विकास को लेकर सार्थक चर्चा भी हुई। राधा सुत सिन्हा ने कहा कि विधायक द्वारा रोहतास जिले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग सदन में उठाना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि कोई विधायक स्थानीय मुद्दों को मजबूती से सदन में रख रहा है। उन्होंने महादेव खोह मंदिर की ऐतिहासिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थल एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन सकता है जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने विधायक से इस दिशा में विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। वहीं विधायक सोनू सिंह ने कहा कि रोहतास जिला प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक स्थलों से परिपूर्ण है जिसे पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि वे लगातार सदन में इस मुद्दे को उठाते रहेंगे, ताकि रोहतास को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान मिल सके। कार्यक्रम के अंत में दोनों ने मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

# मानसून की समग्र तैयारी हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

### संरक्षा, सतर्कता एवं बहु-विभागीय समन्वय पर विशेष जोर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आगामी मानसून-2026 के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आज एक उच्चस्तरीय तैयारी एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अद्यतन नियमों एवं पिछले अनुभवों के आधार पर संवेदनशील स्थलों की पहचान, अद्यतन सूचीकरण तथा उन पर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया गया। ट्रैक, पुलों एवं तटबंधों की नियमित जांच एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साइड ड्रेनों, कैच वाटर ड्रेनों एवं यार्ड ड्रेनेज की समुचित सफाई एवं रखरखाव पर जोर दिया गया, ताकि वर्षा जल का सुचारु निष्कासन सुनिश्चित हो सके। सिग्नलिंग एवं दूरसंचार उपकरणों की कार्यक्षमता बनाए रखने हेतु निरीक्षण, परीक्षण तथा बैकअप व्यवस्थाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई जिससे प्रतिकूल मौसम में भी विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित किया जा सके। विद्युत एवं ट्रैक्शन से संबंधित परिसंपत्तियों के निरीक्षण, आवश्यक अनुरक्षण, अर्थिंग एवं इन्सुलेशन की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्युत प्रतिष्ठानों को जलभराव से सुरक्षित रखने, बैटरी एवं पावर सप्लाई प्रणालियों की कार्यशीलता बनाए रखने तथा प्रतिकूल मौसम में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मानसून अवधि में विशेष पेट्रोलिंग, वॉचमैन तैनाती तथा अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जिससे किसी भी स्थिति में समयबद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल सेवाओं के सुचारु संचालन पर विशेष बल दिया गया। यह बैठक मानसून के दौरान संभावित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु समन्वित एवं सक्रिय तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गेहूं कटाई के समय विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** गेहूं की कटाई के मौसम में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है जिससे फसल, संपत्ति और जान को खतरा हो सकता है। इसलिए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। पुलिस प्रशासन भी भूसा बनाने वाली मशीनों को चलने से रोक रहा है और विशेषज्ञों ने भी सलाह दी है कि जब तक गेहूं फसल की कटाई नहीं हो जाती, पूरी तरह से सतर्कता बरतना जरूरी है। आग से बचाव के लिए कुछ जरूरी बातें हैं जिन पर ध्यान देना जरूरी है- जैसे कि खेत में धूम्रपान न करना और सिगरेट के अवशेष को सुरक्षित तरीके से निपटाना, माचिस या लाइटर खेत में न रखना और बच्चों को इनसे दूर रखना, मशीनरी की नियमित जांच करना और खराबी को तुरंत ठीक करना, आग बुझाने के उपकरण जैसे कि अग्निशमन यंत्र खेत में रखना, खुले में आग न जलाना और अगर जलाना भी पड़े तो सुरक्षित तरीके से जलाना, बिजली के तारों की जांच करना और खराबी को तुरंत ठीक करना। अगर आग लगती है तो आग बुझाने के उपकरण का उपयोग करके आग को बुझाने की कोशिश करें, अगर आग बड़ी है तो फायर ब्रिगेड को सूचित करें और सुरक्षित स्थान पर जाएं। इस तरह गेहूं की कटाई के दौरान आग का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन सावधानी और सतर्कता से इससे बचाव किया जा सकता है।

## दो नाबालिग लड़कियों को आरपीएफ ने चाइल्ड हेल्पलाइन को किया सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ आरक्षी विकास कुमार के द्वारा डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर गश्त व चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या 02 पर एक लड़की डरी सहमी घबराई हुई दिखी तो आसपास की महिला यात्रियों के समक्ष पूछताछ करने पर उक्त लड़की ने अपना नाम काल्पनिक रेशमा कुमारी उम्र करीब 17 वर्ष बताई एवं बताई कि घर में मां के डांटने के कारण गुस्सा होकर घर से भागकर यहां आ गई हूं। मामला नाबालिग लड़की का होने के कारण चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित करते हुए महिला यात्रियों के सहयोग से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर लाया गया जहां चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर ज्योति कुमारी मौजूद थी उनके द्वारा भी पूछताछ एवं काउंसलिंग करने पर उपलब्ध बातें बताए। बाद में उक्त नाबालिग लड़की को उसके घर सही सलामत पहुंचाने एवं मां बाप से मिलने हेतु सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर ज्योति कुमारी को सुपुर्द किया गया। एक अन्य मामले में सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार शास्त्री रामचंद्र यादव डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर गश्त करते हुए प्लेटफार्म संख्या 2/3 के पश्चिमी छोड़ पर एक नाबालिग लड़की को इधर-उधर घूमते हुए दिखाई दिया जिसे पूछताछ करने पर अपना काल्पनिक नाम रेखा कुमारी उम्र करीब 11 वर्ष बताई आगे उनके द्वारा बताया गया कि मां से झगड़ा हुआ था इसी कारण गुस्सा से घर से भागकर यहां आ गई हूं।

# विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरु की महत्वपूर्ण पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब हर सोमवार और शुक्रवार को सभी संबंधित कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। ये शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेंगे। शिविर में बिजली बिल की त्रुटियों, आपूर्ति संबंधी समस्याएं जैसे झुके हुए पोल, ढीले तार, कम वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निवारण किया जाएगा। नए विद्युत कनेक्शन और नाम परिवर्तन के लिए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। स्मार्ट प्रीपेड मीटर, कृषि कनेक्शन और पीएम सूर्य घर योजना के लिए भी जानकारी और आवेदन की सुविधा होगी। शिकायतों का समाधान 72 घंटे में किया जाएगा। कुछ समस्याओं का समाधान शिविर में ही कर दिया जाएगा जबकि अन्य के लिए आवेदन पत्र लिया जाएगा और 72 घंटे में निस्तारण किया जाएगा। विद्युत विभाग का उद्देश्य आगामी दो महीनों में लंबित सभी शिकायतों का समाधान करना है। ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ सके। विद्युत अधीक्षण अभियंता इं. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि शिविर की सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहेंगे और आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति और निष्पादन की समय-सीमा के बारे में जानकारी देंगे। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय में आयोजित शिविर में पहुंचकर इसका अधिकतम लाभ उठाएं। इस पहल से उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं का समाधान पाने में आसानी होगी और विद्युत विभाग के प्रति उनका विश्वास बढ़ेगा। इस प्रकार विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार काम कर रहा है। उपभोक्ता भी अपनी जिम्मेदारी समझें और इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# जबरन शादी करने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई के तहत शिव मैरेज हॉल से दर्जनों लोगों को हिरासत में लिये जाने की खबर प्रकाश में आया है। नगर परिषद के आरा रोड स्थित शिव मैरेज हॉल में पुलिस ने बुधवार को छापेमारी की। इस दौरान महिला, पुरुष, युवा, युवती और नाबालिक सहित कई लोगों को हिरासत में लिए जाने की बातें सामने आई है। पुलिस ने सभी लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय बिक्रमगंज की पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बक्सर और एमपी के लड़के तथा लड़की वाले के बीच जबरन शादी कराने की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की बातें बताई है। बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच जोर-जबरदस्ती शादी कराई जा रही थी। हालांकि जिले में इस तरह के मामले पहले भी सामने आए हैं जिसमें पुलिस ने कार्रवाई की थी और कुछ लोगों को जेल भी भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि रोहतास जिले में अवैध शादी करने वाले दलालों का नेटवर्क चलने की बातें सामने आई थीं। पुलिस ने इस मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद**
**Email ID:- eenkcdmadanpur@gmail.com**
**भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या (NIQ)- 01/2026-27**

कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद अंतर्गत अवर प्रमंडल पदाधिकारी, उत्तर कोयल नहर अवर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद द्वारा परिक्षेत्राधीन नहरों के संचालन, नहरों के निरीक्षण एवं अन्य कार्यालय संबंधी कार्यो हेतु भाड़े पर वाहन (बोलेरो/स्कार्पियो) के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक/फर्म से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। जिसे मोहर बंद लिफाफे में दिनांक– 15.04.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद कार्यालय में जमा किया जाएगा और दिनांक–15.04.2026 को 3:30 बजे अपराह्न में खोला जाएगा। कोटेशनदाता या उनके प्राधिकृत कोटेशन खुलने के समय उपस्थित रहेगें।

| ग्रुप सं0 | वाहन उपयोग करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | गाड़ी परिचालन का कार्यान्वित अवधि | गाड़ी की संख्या | दर (प्रतिमाह) चालक सहित | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | एकरारनामा कि तिथि 31.03.2027 तक | 01 | औरंगाबाद समाहरणालय द्वारा अनुसूचित दर के बराबर रू0 17400.00 प्रतिमाह | |
| 02 | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | एकरारनामा कि तिथि 31.03.2027 तक | 01 | औरंगाबाद समाहरणालय द्वारा अनुसूचित दर के बराबर रू0 17400.00 प्रतिमाह | |

1. कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक– 04.04.2026
2. कोटेशन जमा करने की अवधि : दिनांक– 15.04.2026 को 3:00 बजे अपराह्न।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 15.04.2026 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद।

**(ई0 पंकज कुमार)**
**कार्यपालक अभियंता**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर**
**शिविर– औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 000259 (WRD) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

# राजगीर मलमास मेला की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन एवं पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मलमास मेला का आयोजन 17 मई से 15 जून निर्धारित है । इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं । निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि मलमास मेला 2026 से संबंधित सभी प्रकार के टेंडर्स समय से पूर्व हर हाल में करना सुनिश्चित करेंगे। बताया गया कि सभी समितियों का गठन किया जा चुका है। इस बैठक में मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ तंत्र पर नियंत्रण, आपातकालीन सेवाओं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग



रूम,साफ सफाई, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क,आवासन, खानपान, मैकिंग, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निर्धारित शुल्क पर बस, ई रिक्शा से परिवहन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्निशमन से सुरक्षा व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान आमजन, श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाएगी एवं पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस, स्ट्रेचर, आवश्यक दवा, मेडिकल कैंप एवं चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करेंगे। मेला में खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिवार से मिलाने हेतु सूचना केंद्र बनाए जाएंगे, श्रद्धालुओं के खान-पान की सुविधा के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई, सस्ती रोटी काउंटर का प्रबंध किया जाएगा। संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक स्त्रोतों से आने वाले अविरल जलधारा को निरंतर प्रवाहित करने के उद्देश्य से आसपास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। उन्होंने कहा कि वैतरणी घाट पर भारी तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घाट की साफ सफाई, मरम्मती सौंदर्यीकरण का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता,अपर समाहर्ता राजस्व, वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सहित भवन, लघु सिंचाई, विद्युत, पीएचइडी ,नगर परिषद सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे ।

## अवैध कब्जा कर सब्जी मंडी निर्माण का आरोप, जनता में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** नगर परिषद हिसुआ की कार्यप्रणाली एक बार फिर विवादों के घेरे में है। ताजा मामला भारत सरकार की कीमती भूमि पर बिना किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र के अवैध रूप से सब्जी मार्केट निर्माण का है। यह निर्माण हिसुआ थाना के बगल में अस्पताल रोड में है ,जिसका खाता संख्या 720 एवं प्लॉट 1367 है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अतीश रंजन के आदेश पर यह निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है, जबकि इसके लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रख दिया गया है। आरोप है कि जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है, वह भारत सरकार की है और इसके लिए संबंधित विभाग से कोई एनओसी नहीं ली गई है। नगर परिषद कार्यालय के ठीक बगल में करोड़ों रुपये की लागत से पहले ही एक आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जा चुका है। पूर्व में बनी सब्जी मंडी का उपयोग करने के बजाय, उसे कूड़े के ढेर में तब्दील कर दिया गया है। उचित रख-रखाव के अभाव में सरकारी संपत्ति बर्बाद हो रही है। इस अव्यवस्था और सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर हिसुआ की जनता में गहरा रोष व्याप्त है।

# विकास परियोजनाओं पर डीएम सख्त
## अधूरे कार्य जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में तकनीकी विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के क्रम में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा एनएच-31 के 97वें किलोमीटर पर कादिरगंज एसएच-08 (सकरी नदी) तक बाईपास-सह सादीपुर रेलवे हॉल्ट के पास रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि भू-अर्जन हेतु सेक्शन 11(1) का प्रकाशन दिनांक 12 मार्च 2026 को किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं राजस्व अधिकारी, नवादा से समन्वय स्थापित कर भू-अर्जन हेतु चिन्हित भूमि पर गेहूं की फसल की कटाई के उपरांत कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि नवादा जिलांतर्गत सकरी नदी पर गोविंदपुर-रोह पथ में गोविंदपुर प्रखंड के समीप 20x27.80 मीटर आकार के उच्च स्तरीय आरसीसी पुल का



निर्माण कार्य प्रगति पर है। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान गोविंदपुर-दर्शन नाला पथ एवं एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक पथ निर्माण कार्य को प्रगति में बताया गया। इसके अतिरिक्त लेघा, कझिया, नाद, कुलना, कौशी हवार, भूमई, अकबरपुर पीडब्ल्यूडी पथ तथा नवादा स्टेशन रोड से गोसाईबीघा, जहाना, सुपौल पथ से संबंधित योजनाएँ निविदा उपरांत तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में हैं। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि कोशडीह पईन सिंचाई योजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला पदाधिकारी ने अंतिम छोर पर अतिक्रमण की समस्या दूर करते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य सिंचाई योजनाओं एवं चेक डैम निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। नाटा नदी पहाड़पुर चेक डैम सीमांकन नहीं होने के कारण लंबित है, जिस पर जिला पदाधिकारी ने राजस्व अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अमीन द्वारा सीमांकन कराते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में विभिन्न पथ एवं पुल निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रजौली द्वारा बताया गया कि नरहट प्रखंड में पीएमजीएसवाई अंतर्गत फतेहपुर-नरहट पथ से बदलपुर पथ में विवादित हिस्से को छोड़कर शेष भाग में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सहायक अभियंता, पीएचईडी द्वारा अवगत कराया गया कि 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु कार्य जारी है, ताकि पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# ब्रिलियंट कान्वेंट के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किया प्रस्तुत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ब्रिलियंट कान्वेंट के सभागार में विद्यालय सत्र 26-27 के प्रथम दिन रंगारंग तथा काफी मनमोहक अंदाज में शुरू किया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभागार को और भी खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉक्टर धनंजय कुमार ने सारे बच्चों को कहा कि विद्यार्थी जीवन में जो कुछ भी सीखना है और कुछ भी आदतें अपने जीवन में सम्मिलित करता है वही आगे चलकर उसकी दिशा तय करती है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर शशी भूषण कुमार ने कहा कि आज विद्यालय के पहले दिन में आप सभी बच्चों का स्वागत है आप सभी बच्चे एक मिट्टी के तरह हैं जैसे कुम्हार



मिट्टी से अपने हाथों से जो आकार देता है तब वही मिट्टी का गोला एक सुंदर आकृति बन जाता है ठीक उसी प्रकार आप सभी बच्चे हमारे इस विद्यालय में इस वर्ष के नए सत्र में प्रण ले की नए वर्ग में गए हैं उसे वर्ग की मर्यादा शिक्षकों गुरुजनों के प्रति मर्यादा एवं माता-पिता के प्रति मर्यादा को बनाए रखेंगे एवं उनके बतलाए मार्गों को अपनाएंगे। जिससे आप एक अच्छे विद्यार्थी, एक अच्छा पुत्र, एक अच्छा नागरिक बन सके तो हमें आप पर गर्व होगा। इस सभा में उपस्थित विद्यालय के पिछले सेशन के प्रत्येक क्लास के टॉपर बच्चों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ पुष्प लता विद्यार्थी शिक्षक रंजय सिंह, किशोर पांडे, विजय कुमार, पवन कुमार, नाजिम राजा, नाजिया खान आदि उपस्थित थे।

# द्वितीय अपील की सुनवाई में मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 10 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से चार मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में पवन कुमार द्वारा झूठा आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने के संबंध में नवीन कुमार द्वारा दाखिल-खारिज पंजी का बाज़बता नक़ल लेने के संबंध में तथा शिवशंकर यादव द्वारा व्यवहार न्यायालय, नवादा द्वारा पारित आदेश के अनुपालन को अंचल अधिकारी, अकबरपुर द्वारा नहीं किए जाने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है।

# आईएमए ने शिविर लगाकर 200 रोगियों का किया निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहारशरीफ के द्वारा आईएमए भवन बिहार शरीफ के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय "स्वास्थ्य के लिए साथ मिलकर, विज्ञान के साथ खड़े हों" था। जो स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों एवं आपसी सहयोग पर जोर देती है। इस मौके पर उपस्थित मरीजों को ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमडी, युरिक एसिड तथा बी एम आई के जांच की सुविधा प्रदान की गई। इस मौके पर पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु आईएमए के प्रांगण में आईएमए सदस्यों के द्वारा पौधारोपण तथा पौधा वितरण किया गया।




इस अवसर पर जुम्बा कसरत का आयोजन भी किया गया। प्रोजेक्ट को सफल बनाने में ब्लड शुगर जाँच के लिए डॉ. अशोक कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, युरिक एसिड जांच में एलेम्बिक फार्मा तथा बीएमडी जांच में ग्लैशियल फार्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा, सचिव डॉ. धनंजय कुमार, प्रोजेक्ट चैयरमैन डॉ. इंद्रजीत कुमार तथा डॉ अभिषेक, डॉ सुजीत कुमार, डॉ वीरेंद्र प्रसाद (चर्मरोग), डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ अभिषेक (रिम्स), डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ अरूण कुमार (हड्डी), डॉ अरविन्द कुमार सिन्हा, डॉ सुनील कुमार, डॉ सुजीत कुमार (पीडियाट्रिक सर्जन), डॉ अजय कुमार (सर्जन), डॉ अमरेन्द्र कुमार, डॉ नरेन्द्र कुमार सिन्हा,डॉ कुमार अमरदीप नारायण,डॉ अरुण कुमार (सहोखर), डॉ शम्भू शरण, डॉ राजीव रंजन (फिजिशियन), डॉ अंजय, डॉ पंकज डॉ सबरी अहसन, डॉ रश्मि नारायण,डॉ ममता कौशांबी, डॉ नीतू कुमारी, डॉ त्रिशला सहित अन्य कई प्रमुख चिकित्सक उपस्थित रहे।

# जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सामान्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 13,908 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 2,589, बीपीसीएल के 7,973 एवं आईओसीएल के 3,346 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही, उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 282 शिकायतों में से 236 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है।

## पंचायत सचिव आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कौआकोल।** राजस्व कर्मचारी, सीओ एवं राजस्व अधिकारियों के बाद अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ के बैनर तले पंचायत सचिवों ने भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी है। कौआकोल प्रखण्ड में कार्यरत सभी पंचायत सचिवों ने बीडीओ को पांच सूत्री मांगों के समर्थन में पत्र लिखकर बुधवार संघ की प्रमुख मांगों में पंचायत से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। पंचायत सचिव ने बताया कि सचिवों का अंतरजिला स्थानांतरण, शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर पदोन्नति, ग्रेड पे 2000 के स्थान पर 4200 किए जाने, पंचायत राज पदाधिकारी पद पर 25 प्रतिशत प्रोन्नति में आयु सीमा में छूट तथा परिवहन भत्ता की सुविधा आदि मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है।

# 26 दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के दिशा-निर्देश पर 7 अप्रैल 2026 को बुनियाद केन्द्र, रजौली (नवादा) में सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा रीतेश कुमार द्वारा 26 चयनित दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। यह वितरण मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना अंतर्गत संचालित राज्य योजना "सम्बल" के तहत किया गया। बैट्री चालित ट्राईसाइकिल प्राप्त कर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे बिना किसी कठिनाई के अपने जीविकोपार्जन एवं शिक्षा हेतु आवागमन कर सकेंगे।

सहायक निदेशक ने बताया कि दिव्यांगजनों की आवागमन संबंधी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस योजना के अंतर्गत निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जैसे बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, हस्त चालित ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अधिक-से-अधिक दिव्यांगजनों से योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील की।

**कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु पात्रता :**

1. दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो,
2. वार्षिक आय अधिकतम 2 लाख रुपये हो,
3. बिहार राज्य का निवासी हो,
4. पिछले तीन वर्षों में समान प्रकार के उपकरण का लाभ प्राप्त न किया हो।



**आवश्यक दस्तावेज :**

दिव्यांगता प्रमाण पत्र या UDID कार्ड
आधार कार्ड/वोटर आईडी
आय प्रमाण पत्र/बीपीएल कार्ड
निवास प्रमाण पत्र

**आवेदन प्रक्रिया :**

दिव्यांगजन अपना आवेदन संबंधित प्रखंड कार्यालय, बुनियाद केंद्र या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय, नवादा में जमा कर सकते हैं।

**बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु विशेष पात्रता :**

1. चलंत (Locomotor) दिव्यांगता हो,
2. दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो,
3. आय अधिकतम 2 लाख रुपये हो,
4. आयु न्यूनतम 18 वर्ष हो,
5. बिहार का निवासी हो,
6. पिछले 5 वर्षों में बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का लाभ न लिया हो।

**आवेदन प्रक्रिया (ऑनलाइन) :**

बैट्री चालित ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल http://sambalyojana.bihar.gov.in/SWFTC/Default.aspx के माध्यम से किया जा सकता है।

सहायक निदेशक द्वारा सभी दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड बनवाने हेतु भी प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूडीआईडी कार्ड आवश्यक है। जिन दिव्यांगजनों के पास प्रमाण-पत्र या यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध नहीं है, वे https://www.swavlambancard.gov.in/ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण-पत्र है परंतु यूडीआईडी कार्ड नहीं है, वे भी उक्त पोर्टल अथवा प्रखंड कार्यालय या जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नवादा में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, आधार की छायाप्रति एवं फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव निवासी मुसहर तांती के पुत्र नवीन कुमार की मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सिकंदरा–लखीसराय मुख्य मार्ग पर हुआ। बताया जाता है कि मृतक युवक बंधन बैंक में कार्यरत था। दुर्घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया।

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक 11 अप्रैल को

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के राजेंद्र भवन में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 26वीं बैठक आगामी 11 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में कृषि विकास,नई तकनीकों के प्रसार,किसानों की समस्याओं तथा कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# दिनेश तिवारी बने पटना मंडल-1 के प्रथम फास्टट्रैक एमडीआरटी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** कैलेंडर वर्ष 2027 के लिए नवादा शाखा के एलआईसी अभिकर्ता दिनेश कुमार तिवारी 'चिम्पू' ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए फास्टट्रैक एमडीआरटी (MDRT) की अर्हता प्राप्त कर ली है। महज तीन महीनों में यह मुकाम हासिल कर उन्होंने पटना मंडल-1 में इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि पर नवादा शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक जय प्रकाश जी ने उन्हें बुके, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके मार्गदर्शक आरपी साहू को भी सम्मानित करते हुए बधाई दी गई। दिनेश कुमार तिवारी पटना मंडल-1 में फास्टट्रैक एमडीआरटी की योग्यता हासिल करने वाले पहले अभिकर्ता बन गए हैं। गौरतलब है कि दिनेश कुमार तिवारी इससे पहले भी कई बार एमडीआरटी तथा सीओटी (COT) की अर्हता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उनकी इस सफलता को एलआईसी परिवार के लिए गर्व की बात बताया जा रहा है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए दिनेश कुमार तिवारी ने अपने मेंटर आरपी साहू, शाखा प्रबंधक जय प्रकाश जी, कार्यालय के सभी कर्मियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इस अवसर पर शाखा के एवीएम सहित सभी विभागों के एचओडी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही नवादा शाखा में करोड़पति एजेंट बनने वाले मनोज कुमार को भी वरीय शाखा प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया था, जिससे शाखा में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# राजगीर रोपवे 8 से 20 अप्रैल तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर आने वाले सैलानियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। रत्नागिरी पर्वत पर स्थित प्रसिद्ध रोपवे (आकाशीय रज्जुपथ) का परिचालन 8 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक पूरी तरह बंद रहेगा। रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि तकनीकी मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आगामी दिनों में लगने वाले मलमास मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की संभावना है, जिसे देखते हुए रोपवे की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में मशीनों और केबल्स की गहन जांच व मरम्मत की जाएगी। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद



21 अप्रैल से रोपवे का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि यह रोपवे पर्यटकों को विश्व शांति स्तूप तक पहुंचने का आसान साधन है। साथ ही यहां से पंत वन्यजीव अभ्यारण्य और मगध की पहाड़ियों का सुंदर दृश्य भी देखने को मिलता है। वर्तमान में यहां अत्याधुनिक 8-सीटर केबिन (केबल कार) का संचालन किया जा रहा है।

# प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के गणपत बिगहा गांव स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। चोरों ने विद्यालय के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर हजारों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिवाकर कुमार ने बताया कि सोमवार को वे प्रतिदिन की भांति विद्यालय बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने फोन कर विद्यालय में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जब वे विद्यालय पहुंचे, तो देखा कि मुख्य द्वार और कार्यालय कक्ष का ताला टूटा हुआ था तथा अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने विद्यालय में रखी शैक्षणिक एवं उपयोगी सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामानों में ढोलक, थाली, करीब 10 रजिस्टर, झाड़ू, बक्से को तोड़कर उसमें रखी किताबें, बिजली के तार एवं बोर्ड सहित अन्य सामग्री शामिल हैं।

इधर, हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हो चुकी है। आवेदन मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# घर-घर पहुंची पशु चिकित्सा सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के पशुपालकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मोबाइल वेटनरी यूनिट (एम्बिव्यू) सेवा के माध्यम से अब पशुओं का इलाज सीधे पशुपालकों के घर पर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाना और पशुधन की उत्पादकता बढ़ाना है। इस सेवा के तहत प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों और पैरावेट की टीम अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ पशुपालकों की सेवा में तत्पर है। 1962 टोल-फ्री कॉल के माध्यम से पशुपालक अपने पशुओं के लिए इलाज, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, आपातकालीन सेवाएं



और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। अब तक जिले में हजारों पशुओं का सफल उपचार किया जा चुका है। इस पहल से विशेष रूप से दूरदराज के गांवों में रहने वाले पशुपालकों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पहले उपचार के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। बिहारशरीफ प्रखंड के तेतरावा गांव निवासी रोशन कुमार यादव ने 1962 पर कॉल किया जिसके बाद बिहारशरीफ प्रखंड की एमवीयू टीम वहा पहुँच कर उनके पशु का इलाज किया और एमवीयू डॉक्टर सोनाली राज ने उन्हें परामर्श देकर आने वाली बीमारियों से पशुओं को कैसे बचाया जाए का सुझाव दिया । मोबाइल वेटनरी यूनिट सेवा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पण के साथ कार्य करें : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आज गया जी के उत्तरी मंडल 2 में बैरागी स्थित बिहार कुमार सरस्वती मैरिज हॉल में एक अत्यंत प्रेरणादायी, ऊर्जावान एवं सुव्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के उत्साह का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

कार्यक्रम की विशिष्टता उस समय और अधिक बढ़ गई जब बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की। अपने प्रभावशाली एवं ओजस्वी संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है जिसकी वास्तविक शक्ति उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण का एक सक्रिय प्रहरी है और प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जो कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम तथा व्यवहारिक रूप से कुशल बनाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने जोर देकर कहा कि पार्टी की निरंतर सफलता के पीछे उसका मजबूत बूथ स्तर का ढांचा और कार्यकर्ताओं की निष्ठा ही सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करें तथा समाज के हर वर्ग के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। उनका मार्गदर्शन उपस्थित कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत प्रेरणास्रोत साबित हुआ। प्रशिक्षण सत्र में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, अधिवक्ता मुकेश कुमार शर्मा, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रौनक सेठ, दयानंद गिरी एवं डॉ. जेड खान ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना एवं कार्य पद्धति के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुंजन मिश्रा ने की। इस अवसर पर मंडल प्रभारी डब्लू राय, महामंत्री साकेत कुमार, राजेश कुमार मस्तान, संतोष पांडे, अभय सिंह, डॉ. बृजेश कुमार, शिवनारायण चंद्रवंशी, अपराजिता आजाद, तनुजा देवी, शशि प्रभा देवी, गोपाल चंद्रवंशी, मनोज चौधरी, राजकुमार प्रसाद, विवेक चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। प्रशिक्षण के दौरान पार्टी के सिद्धांतों, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा प्रभावी जनसंपर्क के तरीकों पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं में जो उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली, वह आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति देने का संकेत है।

# हिन्दुस्तानी अवामी मोर्चा ने किया मिलन समारोह का आयोजन

## पार्टी का काम अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं विकास की किरण पहुंचाना : मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया जी।** गया जिला अंतर्गत सुरहरी मोड़, भुसंडा स्थित पार्टी कार्यालय में एक अत्यंत भव्य, उत्साहपूर्ण एवं ऐतिहासिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन संगठन की एकता, समर्पण एवं जनाधार को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। यह कार्यक्रम डॉ. संतोष कुमार सुमन (राष्ट्रीय अध्यक्ष) एवं जीतन राम मांझी (पार्टी संरक्षक सह केंद्रीय मंत्री) के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने की जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इंजीनियर दिवाकर सिंह द्वारा किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नंदलाल मांझी एवं शैलेश मिश्री ने पुनः पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा एवं विश्वास प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि कुछ परिस्थितियों एवं भ्रामक प्रचार के कारण वे पार्टी से दूर हो गए थे, किंतु आज वे पुनः अपने वैचारिक घर में लौटकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि वे आजीवन पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति समर्पित रहकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीतन राम मांझी ने संगठन विस्तार एवं जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए चल रहे महासदस्यता अभियान को गति देने हेतु सभी सदस्यता प्रभारियों को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को केवल औपचारिकता न मानते हुए जमीनी स्तर तक ले जाना अनिवार्य है। प्रत्येक कार्यकर्ता को आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना, उन्हें दर्ज करना एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर समस्या के समाधान में कठिनाई आती है तो वे स्वयं हस्तक्षेप कर उसका निराकरण करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय एवं विकास की किरण पहुंचाना है। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धुरी बताते हुए खेल एवं प्रतिभा को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने घोषणा की कि जरूरतमंद युवाओं एवं बच्चों के बीच 500 से 600 क्रिकेट किट गांव-गांव में वितरित किए जाएंगे जिससे उनमें उत्साह, ऊर्जा एवं सकारात्मक सोच का विकास होगा तथा वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। इस गरिमामय अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े अनेक लोगों ने भी पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थामा।

# कृषि मंत्री ने किया राज्यस्तरीय 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' कार्यक्रम का उद्घाटन

## जल-जीवन-हरियाली अभियान व्यापक और बहुआयामी पहल : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा कृषि भवन, मीठापुर, पटना के सभागार में 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान अंतर्गत राज्यस्तरीय 'जल-जीवन-हरियाली दिवस' कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कृषि मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह दिवस पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यह हमें जल-जीवन-हरियाली के गहरे संबंध को समझाने और इसे संरक्षित करने की प्रेरणा भी देता है। हम सभी जानते हैं कि जल ही जीवन का आधार है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है, लेकिन आज के दौर में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है। बढ़ती जनसंख्या अनियंत्रित शहरीकरण और जल के असंतुलित उपयोग के कारण भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। इसके साथ ही वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण असंतुलन को और भी बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण पर अभी से ध्यान देने की जरूरत है नहीं तो अगली लड़ाई पानी के लिए लड़नी होगी। मंत्री ने कहा कि इसी संकट को देखते हुए राज्य को प्रदूषण से मुक्त करने एवं वातावरण को स्वच्छ तथा स्वस्थ्य बनाने के उद्देश्य से 13 जुलाई 2019 को बिहार विधान मंडल के सदस्यों की संयुक्त बैठक में सभी सदस्यों से विचार विमर्श किया गया एवं प्राप्त सुझावों के आलोक में मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में बिहार जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान की रूप-रेखा तैयार की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के मौके पर 02 अक्टूबर, 2019 को ज्ञान भवन, पटना में मुख्यमंत्री द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान का शुभारम्भ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देना और पर्यावरण संतुलन बनाये रखना है। जल-जीवन-हरियाली अभियान मानव जीवन को सुरक्षित रखने वाली एक व्यापक और बहुआयामी पहल है जिसकी सराहना न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सार्वजनिक जल संरचनाओं, तालाब, पोखर, कुंआ, नदी, नाला, आहर, पाइन को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके अलावा छोटी-छोटी नदियों, नालों और पहाड़ी क्षेत्रों में जल संग्रहण के लिए चेक डेम और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

# रक्तदान महान और जीवनदायी कार्य




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना जिला शाखा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनआईटी पटना के संयुक्त तत्वावधान में एनआईटी पटना परिसर में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेड क्रॉस सोसाइटी पटना के सचिव एवं एनएमसीएच अगमकुआं के प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. मुकुल कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद भांटी, कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार एवं गोविंद जायसवाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एनएमसीएच के मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान से जुड़ी मिथ्या एवं भ्रामक बातों से रक्तदाताओं को विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि रक्तदान एक महान और जीवनदायी कार्य है। इस शिविर में एनआईटी पटना एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 120 यूनिट रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनआईटी पटना के एसोसिएट डीन डॉ. विमलेश वर्मा, डॉ. निशांत तनवर, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अनुराग सहाय, डॉ. अनिमेष श्रीवास्तव, डॉ. भावनी कुमारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। छात्र प्रतिनिधियों में अश्विनी, हर्ष, सुरेंद्र, सज्जन, विक्रम पाटिल, सौरभ, हिमांशु, रिजवान तथा एनएसएस के अध्यक्ष सीतल की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पटना एवं एनआईटी प्रशासन के सहयोग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे मानव सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# 10 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड सभागार में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित आपदारोधी निर्माण से संबंधित 10 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल तक चला जिसका संचालन प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान राजमिस्त्रियों को आपदा के समय सुरक्षित एवं टिकाऊ भवन निर्माण की आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय राजमिस्त्रियों को आपदारोधी निर्माण के नए कौशल से प्रशिक्षित कर उन्हें सशक्त बनाना था, ताकि वे भविष्य में सुरक्षित भवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को राजमिस्त्री सामग्री किट प्रदान की गई। किट का वितरण गुरुआ के अंचलाधिकारी अख्तर जमील द्वारा किया गया। प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( लापता जहनारा बीबी, उम्र– 26 वर्ष )**



डंडई थाना सनहा संख्या–10/26 दिनांक–29.03.26 में लापता जहनारा बीबी, उम्र–26 वर्ष, पति–शमशेर खान, सा0–सोनेहारा, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। जो दिनांक–26.03.26 को बिना किसी को बताये कहीं चली गई है तथा अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता जहनारा बीबी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण / हुलिया :–**
नाम–जहनारा बीबी, लम्बाई–लगभग 05 फीट,
पहनावा–काला सूट, रंग–गोरी।

**निवेदक,**
**पुलिस अधीक्षक,**
**गढ़वा**

**PR 376829 (Police)26-27*D**

# पारिश्रमिक का भुगतान लंबित रहने को लेकर वैक्सीन कुरियर का कार्य बहिष्कार जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** पारिश्रमिक का भुगतान नौ माह से लंबित रहने को लेकर टिकारी पीएचसी के वैक्सीन कुरियर का कार्य बहिष्कार लगातार जारी है। वैक्सीन कुरियर उद्रेश कुमार ने बताया कि पीएचसी के लेखपाल की लाल फीताशाही के कारण नौ माह से पारिश्रमिक का भुगतान नहीं हो पाया है। लेखपाल पर आवंटन नहीं होने का बहाना बनाने का आरोप वैक्सीन कुरियर ने लगाया। वैक्सीन कुरियर उद्रेश कुमार के साथ नवीन मिश्रा, पुनदेव यादव, रामू कुमार, प्रमोद कुमार, मुकेश यादव, रूपेश कुमार, कौशलेंद्र कुमार, चंद्रदेव प्रसाद, देवानंद यादव सहित अन्य ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर पारिश्रमिक भुगतान करने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर लेखपाल चंदन कुमार ने बताया कि वैक्सीन कुरियर के पारिश्रमिक भुगतान को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी कर दी गई व पीएफएमएस के लिए भेजा जा चुका है। शीघ्र ही भुगतान हो जाएगा।

# चोरी मामले में फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजीव कुमार के रूप में हुई है।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई**

थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कांड संख्या 292/24 का वांछित अभियुक्त खिजरसराय बाजार इलाके में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और बाजार से संजीव कुमार पिता झम्मन बिंद ग्राम- भेल्लौर, थाना- काको, जिला- जहानाबाद। पुलिस के अनुसार संजीव कुमार चोरी की वारदातों में शामिल था और गिरफ्तारी से बचने के लिए काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद अब आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी है। इस गिरफ्तारी को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में खिजरसराय पुलिस की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के बख्तर गांव से पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 21 साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी कारू यादव पिता- मुंशी यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि अभियुक्त कांड संख्या 131/03 में नामजद था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे उसके गांव से दबोच लिया।

**कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा**
**(zilaparisad.garhwa@gmail.com)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत नावघाटों का वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–06.04.2026 को बंदोबस्ती निर्धारित था, लेकिन नाविकों द्वारा निम्नांकित नावघाटों की बंदोबस्ती में शामिल नहीं होने या बोली नहीं लगाने के कारण बंदोबस्ती की अगली तिथि दिनांक–16.04.2026 दिन–गुरूवार को 11:30 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी प्रकोष्ठ, समाहरणालय, गढ़वा (कल्याणपुर) में निर्धारित की जाती है।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि को समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। वैसे नाविक जिन्हें नावघाट डाक के माध्यम से आवंटित किया जायेगा, उन्हें डाक की तिथि से एक माह के अंदर एक वर्ष का आचरण प्रमाण–पत्र तथा स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का रहेगा।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि (15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 1035404.00 | 155310.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 231438.00 | 34715.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 169050.00 | 25357.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 53032.00 | 7954.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 171994.00 | 25799.00 |
| 6. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 80842.00 | 12126.00 |
| 7. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 134158.00 | 20123.00 |

**नावघाट बंदोबस्ती हेतु आवश्यक शर्तें**

1. जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगा, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा।
2. उक्त नावघाट के बंदोबस्ती में केवल गढ़वा जिला के निवासी ही भाग ले सकते हैं।
3. नावघाट के बंदोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति को स्वयं नाव की व्यवस्था करना होगा।
4. नाव द्वारा किसी भी मादक पदार्थ का परिवहन नहीं किया जायेगा।
5. नाव में क्षमता से अधिक यात्री का परिवहन नहीं किया जायेगा।
6. नावघाट में लाईफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा।
7. नाव का परिचालन निर्धारित रूट में ही किया जायेगा।
8. नाव का परिचालन रात्रि में नहीं किया जायेगा।

नावघाट बंदोबस्ती में भाग लेने के पूर्व क्रमांक–01 से 08 तक के शर्त्त के संबंध में शपथ–पत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

ह0/– उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा

PR 376826 Rural Development (26-27)_D

# आंधी-बारिश के बाद राहत, गेहूं-सरसों की कटाई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र में हाल ही में हुई आंधी और बारिश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। मौसम के साफ होते ही खेतों में फिर से चहल-पहल बढ़ गई है और गेहूं व सरसों की फसल की कटाई तेज हो गई है। बीते दिनों खराब मौसम के कारण किसान फसल को लेकर चिंतित थे। तेज हवा और बारिश से नुकसान की आशंका बनी हुई थी, लेकिन मौसम सामान्य होते ही किसानों ने तेजी से कटाई कार्य शुरू कर दिया। सुबह से लेकर शाम तक किसान अपने परिवार के साथ खेतों में जुटे नजर आ रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में अभी भी अधिकांश किसान पारंपरिक तरीके से हंसिया के सहारे कटाई कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए वे जल्द से जल्द फसल काटकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना चाहते हैं, ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो।

# सुधार के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेलागंज।** बेलागंज स्थित अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को आयोजित पूर्ववर्ती छात्र समागम समारोह केवल एक मिलन समारोह बनकर नहीं रहा, बल्कि यह कार्यक्रम विद्यालय की गिरती शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन को लेकर गंभीर मंथन का मंच बन गया। बड़ी संख्या में जुटे पूर्व छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने विद्यालय के स्वर्णिम अतीत को याद करते हुए वर्तमान हालात पर चिंता जताई और सुधार के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक स्व. गुलाब चंद अग्रवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का औपचारिक उद्घाटन हुआ। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रामप्रवेश सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यालय के पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि एक समय यह संस्थान अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट परिणामों के लिए पूरे क्षेत्र में पहचान रखता था, लेकिन वर्तमान में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा के स्तर में गिरावट और अनुशासनहीनता ने विद्यालय की छवि को प्रभावित किया है। उन्होंने पूर्व छात्रों से आह्वान किया कि वे केवल आलोचना तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। समारोह में पूर्व शिक्षक राम सुमिरन शर्मा, राम अकबाल शर्मा, जनमेजय बाबू, कौशलेंद्र प्रियदर्शी, अभयचंद प्रजापति, अरविन्द शर्मा, रामविनय सिंह, शंभू शरण सिंह, जनक शर्मा, मंटू कुमार गौतम एवं रजनीश कुमार सहित कई वक्ताओं ने भी शिक्षा व्यवस्था में आ रही गिरावट पर नाराजगी जताई। वक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो विद्यालय अपनी पहचान खो सकता है। सभी ने मिलकर अनुशासन बहाली, शिक्षण गुणवत्ता सुधार और छात्रों के समग्र विकास के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमति जताई।

संपादकीय

# राघव चड्ढा को हटाने के मायने

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने का मुद्दा राजनीतिक रूप से गर्माता जा रहा है। यूं तो किसी पार्टी द्वारा अपने सदस्य को किसी पद पर रखना या हटाना उसका आंतरिक मामला है, लेकिन आप के इस ताजा घटनाक्रम ने दल के भीतर की कलह को फिर से सामने ला दिया है। आप ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिख कर सदन के उपनेता की जिम्मेदारी अशोक मित्तल को सौंप दी है। इससे यह भी संदेश जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और उनकी समर्थक टोली अपनी सनक और समझ के हिसाब से पार्टी को चला रही है। राघव चड्ढा को हटाने का औपचारिक कारण तो उनका 'पार्टी लाइन' से हटना बताया जा रहा है, लेकिन अंदरूनी वजह चड्ढा के भाजपा से तार जुड़ने की है। कहा जा रहा है कि चड्ढा महत्वपूर्ण मौकों पर संसद में पार्टी के मुद्दों को उठाने से बचते रहे। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखे हमलों के बजाए उन्होंने समोसे जैसे कम महत्व के मुद्दे उठाए। राघव को पद से हटाकर पार्टी ने एक संदेश देने की कोशिश की है। आप के अनुसार राघव काम्प्रोमाइज्ड हैं। देशहित के मुद्दों पर वो खामोश रहे। आप का यह भी आरोप है कि राघव भाजपा से डरते हैं। बहरहाल, आप के इस फैसले से राघव चड्ढा बेहद नाराज है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आप को चेताया कि ' मैं घायल हूँ इसलिए घातक हूँ' ? राघव ने कहा कि मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना। मेरी चुप्पी को मेरी हार मत समझना। मैं वह नदी हूं जो समय आने पर बाढ़ बन जाती है। समझा जा रहा है कि वह आम आदमी पार्टी के अंदरूनी राज भी खोल सकते हैं। राघव चड्ढा ने कहा कि वे जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाते रहे हैं। इन्हें उठाने से पार्टी को कैसे नुकसान पहुंच सकता है। उन्हें उपनेता पद से हटाना आप का समन्वित हमला है, जिसका मक़सद संसद में उनकी आवाज़ को दबाना है। नई व्यवस्था के तहत राघव चड्ढा राज्यसभा के सदस्य तो बने रहेंगे, लेकिन उन्हें संसद में बोलने का ज्यादा समय नहीं मिलेगा। राघव चड्ढा आम आदमी पार्टी में लंबे वक्त से हैं। वे आप के शुरुआती दिनों से यानी 2012 से पार्टी के साथ हैं। वह केजरीवाल के बेहद क़रीबी रहे हैं। वह कई अहम पदों पर और कोर समूह में रहे हैं। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट चड्ढा पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे। पार्टी को पंजाब में सत्ता में लाने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। जाहिर है कि उनके पास पार्टी के कई राज रहे होंगे। राघव अभी क्या करेंगे, यह देखने की बात है। क्योंकि राज्यसभा में उनका कार्यकाल 2028 तक है। यदि वो पार्टी छोड़ते हैं तो उनकी सदस्यता चली जाएगी। और पार्टी उन्हें नहीं निकालती है तो इसी हालात में उन्हें काम करना होगा। वैसे आम आदमी पार्टी का इतिहास अपनों के लतियाने की घटनाओं से भरा पड़ा है। सबसे पहले पार्टी ने उसके जन्मदाता कारण अण्णा हजारे को ही दरकिनार किया। उसके बाद अण्णा के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में शामिल रहे और केजरीवाल के करीबी प्रशांत भूषण, आशुतोष, शाजिया इल्मी, योगेन्द्र यादव, कुमार विश्वास, कपिल मिश्रा, स्वाति मालीवाल को ठिकाने लगाया। यानी एक एक कर सभी नेता बाहर कर दिए गए। दरअसल आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल एक असुरक्षा से भरे नेता हैं, जो पार्टी में किसी को भी आगे नहीं बढ़ना देना चाहते। उनका यही असुरक्षा बोध देश में बहुत कम समय में तेजी से बढ़ती आम आदमी पार्टी के भविष्य के लिए काला टीका साबित हो रहा है। राष्ट्रीय पार्टियां ऐसे नहीं चलतीं।

# न्यायपालिका संदिग्ध न बने

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने शालेय शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम में शामिल पुस्तक में न्यायपालिका के संबंध में जो लेख प्रकाशित किया है उसे लेकर भारत के सर्वोच्च न्यायालय व माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय काफी विचलित हुए। सार्वजनिक रूप से की गई टिप्पणियों में उन्होंने एनसीईआरटी की पुस्तक में इस लेख के प्रकाशन पर न केवल आपत्ति की है बल्कि सार्वजनिक रूप से उसे न्यायपालिका के सम्मान पर सुनियोजित हमला माना है। उन्होंने यह भी कहा कि इसे क्षम्य नहीं माना जा सकता। भारत के मुख्य न्यायाधीश की सार्वजनिक प्रतिक्रिया के बाद सरकार सक्रिय हुई। एनसीईआरटी ने उस लेख को हटाने की घोषणा की और लिखित रूप से सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी। उस माफी का सार्वजनिक प्रकाशन भी हुआ। इसके बावजूद मुख्य न्यायाधीश महोदय संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने ऐसे संकेत दिए हैं कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वाभाविक था कि उनकी भावना व तेवर देखकर भारत सरकार इसका संज्ञान लेती। प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल की बैठक में उल्लेख करते हुए कहा कि यह गंभीर घटना है इस पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। याने किसी एक व्यक्ति या कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहरा कर दंडित किया जाना संभावित तय है।**

**रघु ठाकुर**

एनसीईआरटी संसद द्वारा पारित कानून के तहत गठित एक स्वतंत्र इकाई है जिसे देश के शिक्षण संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम तय करने का दायित्व दिया गया है। एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम के लिए लेख चुनने हेतु एक कमेटी बनाई थी जिसमें श्री सुमित पंत और श्रीमती सुधा मूर्ति भी शामिल है। सुधा मूर्ति श्री नारायण मूर्ति की पत्नी हैं और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री श्री सुनक की सास है। शायद इसी वजह से उन्हें भारत सरकार ने राज्यसभा में मनोनीत किया है। वैसे भी पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के सभी सदस्य परिषद द्वारा नामजद होते हैं और प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से वे सरकार के नामजद जैसे होते हैं। अगर इस समिति ने न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के विषय को शामिल किया है और यदि यह गलत है तो इसकी जवाबदारी भले ऊपरी तौर पर या सामने से समिति या परिषद की नजर आती हो पर यह जवाबदारी भारत सरकार तक भी जाती है।

हालांकि मैं इस लेख के प्रकाशन में कुछ भी अनुचित या न्यायपालिका के सम्मान को गिराने वाला नहीं मानता। इस लेख में छापा गया है कि न्यायपालिका के जजों के खिलाफ 8600 शिकायत प्राप्त हुई हैं। लगभग 50 लाख प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। कई करोड़ प्रकरण न्यायालयों में विचारार्थ लंबित है। यह संख्या भी तब है जब उच्चतम न्यायालय की पहल पर सरकार ने लोक अदालत का कानून पारित किया है। लाखों सामान्य या छोटे मामले लोक अदालत में हल किये जा रहे हैं। हालांकि लोक अदालत की कार्यवाही को जहां तक मैंने देखा और समझा है वह न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। बिजली, पानी, ट्रैफिक, छोटे-मोटे कर्ज आदि जो विषय लोक अदालत में चिह्नित किए गए हैं वह लोक अदालत के जज साहब के सामने निर्धारित तिथि पर प्रस्तुत किए जाते हैं। लोक अदालत की तारीख की सार्वजनिक घोषणा की जाती है। बहुत सारे मामलों में तो आपस में विभाग और पक्षकार मिलकर मामला निपटाते हैं। अनेक ऐसे प्रकरण होते हैं जिन्हें पक्षकार लड़ना चाहता है परंतु लंबी-लंबी तारीखों में पेशियों करने अपील दर अपील लड़ते-लड़ते जब न्याय नहीं मिलता तो थक कर समर्पण कर देता है और लोक अदालत के समझौते के नाम पर स्वीकृति देता है।

लंबित प्रकरण निपटाने के लिए शीर्ष न्यायालयों ने पिछले दिनों चेंबर हियरिंग की प्रथा भी शुरू की जिसमें हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में अपील करने वालों या उनके वकीलों को सुने बगैर ही न्यायाधीश फैसला कर देते हैं।



फैसला क्या होता है ,बल्कि अधिकांश मामले खारिज कर दिए जाते हैं। ये चेम्बर हियरिंग वस्तुतरू न्यायिक प्रक्रिया को स्वतः न्यायालय द्वारा खंडित करना है, यह एक प्रकार से श्तो हियरिंग्य जैसा है। सामान्य आम आदमी और गरीबों के फैसलों के लिए लोक अदालत हैं लेकिन अमीरों के अरबों खरबों के बैंक चोरी के मामलों के लिए आर्बिट्रेशन सिस्टम है जिसमें सेवानिवृत न्यायाधीश को आर्बिट्रेटर बनाया जाता है। वे पंचायत कर अरबों खरबों के मामले निपटा देते हैं। अगर आर्बिट्रेशन कमेटी के निर्णयों की समीक्षा की जाए तो बहुत सारे प्रश्न खड़े होंगे। सरकारी धन के चोरी या न-अदायगी के जिम्मेदार लोग बड़े आर्थिक और कारावास के दंड से बच जाते हैं। याचिकाओं के नाम पर प्रतिदिन कई घंटे माननीय सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के व्यय होते हैं जिनमें उन पर मार्मिक टिप्पणी होती है परंतु फैसले नहीं होते। पता नहीं अदालतों ने कभी इस पर विचार क्यों नहीं किया। उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था और कार्य वितरण के खिलाफ तो कितनी ही बार आवाज उठी है। उच्चतम न्यायालय के ही चार न्यायाधीशों ने मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ राजधानी दिल्ली के प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता की थी, जो सारे देश की मीडिया में प्रमुखता से छपी थी। बाद में पत्रकार वार्ता करने वाले न्यायाधीशों में से एक भारत के मुख्य न्यायाधीश भी बने। परंतु इतनी बड़ी घटना से माननीय उच्चतम न्यायालय की साख और सम्मान पर चोट नहीं पहुंची। कुछ दिनों पूर्व पुणे के एक लॉ कालेज में बोलते हुए स्वतः सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश श्री उज्जवल भुयान ने सरकार के कहने पर हाईकोर्ट जज के ट्रांसफर करने को कालेजियम का गलत निणार्य सार्वजनिक रूप से कहा पर क्या इससे कोर्ट के सम्मान पर चोट नहीं पहुंची? जो पाठ पाठ्यक्रम में शामिल किया गया था वस्तुतः उसमें न्यायपालिका के खिलाफ कुछ भी नहीं है। केवल वे सूचनाएं दर्ज की गई हैं जिन्हें संसद में एक प्रश्न के उत्तर में भारत के विधिमंत्री ने बताया था। ये सूचनाएं देश के सभी अखबारों व मीडिया में पहले भी आई हैं।

मैं न्यायपालिका का पूरा सम्मान करता हूं। चाहता हूं कि न्यायपालिका की साख सुरक्षित रहे। मैंने लगातार कई कई लेखों में लिखा भी है कि देश की जनता के समक्ष सरकार अविश्वसनीय है, संसद पर भरोसा नहीं, नौकरशाही पर भरोसा नहीं, केवल न्यायपालिका ही विश्वास का आखिरी केंद्र है। यदि न्यायपालिका से विश्वास उठेगा तो यह भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा होगा। लोग हिंसा की ओर मुड़ेंगे और उसके लिये लाचार होंगे। हालांकि मैं यह भी मानता हूं कि एक नागरिक के नाते न्यायपालिका की कार्यपद्धति पर चर्चा या टिप्पणी करना एक नागरिक का अधिकार है जिसे दबाना या रोकना लोकतंत्र में अभिव्यक्ति के अधिकार को सिकोड़ना या सीमित करना होगा। अगर देश के छात्रों को यह मालूम हो जाए कि न्यायपालिका के जजों के खिलाफकितनी शिकायतें लंबित है या कितने प्रकरण सुनवाई के लिए लंबित हैं तो इसमें न्यायपालिका का क्या बिगड़ने वाला है। यह तो और भी अच्छा होता कि लोग न्यायपालिका के प्रति और अधिक सजग होते। शायद प्रत्युत्तर में न्यायपालिका भी अपने दायित्व को और अधिक जिम्मेदारी के साथ पूरा कर पाती या करने के लिए प्रेरित होती।

यह भी सोचना होगा कि पिछले दशकों में कितने ऐसे प्रकरण मीडिया में आए हैं जिनमें माननीय न्यायाधीशों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। कई के खिलाफ संसद में महाभियोग भी आया और राजसत्ता तथा न्यायपालिका के मिले-जुले प्रयास से उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई या फिर संसद और न्यायपालिका दोनों चुप हो गईं। अभी कुछ समय पहले दिल्ली उच्च न्यायालय के जज माननीय वर्मा के घर रूपयों का ढेर पाया गया। यहां तक की सर्वोच्च न्यायालय की जांच समिति ने भी इसके लिए जज साहब को जिम्मेदार माना।

पर अभी तक उनके खिलाफ न कोई कार्रवाई हुई न वह गिरफ्तार हुए न उन्हें जेल में डाला गया। माननीय न्यायाधीश महोदय कल्पना करें कि ऐसी घटना किसी अन्य के साथ होती तो शासन व न्यायपालिका का क्या व्यवहार होता। मामले के गुण दोष पर टिप्पणी किए बगैर मैं इतना तो इंगित करना ही चाहता हूं कि श्री लालू प्रसाद यादव, श्री संजय सिंह, श्री हेमंत सोरेन, श्री अरविंद केजरीवाल, श्री डी राजा, श्री मनीष सिसोदिया और कितने ही ऐसे अन्य नाम लिखे जा सकते हैं जिनके घर से एक रुपया भी प्राप्त नहीं हुआ परंतु महीनों या सालों न्यायपालिका के आदेश से जेल में रखे गए। माननीय न्यायाधीश के घर से बड़ी संख्या में रुपए प्राप्त हुए। वे स्वस्थ और सकुशल है। इससे न्यायपालिका की साख बढ़ी है या घटी है? इसका फैसला स्वयं न्यायपालिका को करना होगा।

अध्यात्म

## सर्वश्रेष्ठ हो, बस वही ईश्वर को समर्पित हो

एक नगर मे एक महात्मा जी रहते थे और नदी के बीच मे भगवान का मन्दिर था और वहाँ रोज कई व्यक्ति दर्शन को आते थे और ईश्वर को चढाने को कुछ न कुछ लेकर आते थे। एक दिन महात्मा जी अपने कुछ शिष्यों के साथ नगर भ्रमण को गये तो बीच रास्ते मे उन्हे एक फल वाले के वहाँ एक आदमी कह रहा था की कुछ सस्ते फल दे दो भगवान के मन्दिर चढाने है। थोड़ा आगे बढे तो एक दुकान पर एक आदमी कह रहा था की दीपक का घी देना और वो घी ऐसा की उससे अच्छा तो तेल है। आगे बढे तो एक आदमी कह रहा था की दो सबसे हल्की धोती देना एक पण्डित जी को और एक किसी और को देनी है। फिर जब वो मन्दिर गये तो जो नजारा वहाँ देखा तो वो दंग रह गये.। उस राज्य की राजकुमारी भगवान के आगे अपना मुंडन करवा रही थी और वहाँ पर एक किसान जिसके स्वयं के वस्त्र फटे हुये थे पर वो कुछ लोगों को नये नये वस्त्र दान कर रहा था। जब महात्मा जी ने उनसे पूछा तो किसान ने कहा ह? महात्मन चाहे हम ज्यादा न कर पाये पर हम अपने ईश्वर को वो समर्पित करने की ईच्छा रखते है जो हमें भी नसीब न हो और जब मैं इन वस्त्रहीन लोगों को देखता हूँ तो मेरा बड़ा मना करता है की इन्हे उतम वस्त्र पहनावे।

और जब राजकुमारी से पूछा तो उस राजकुमारी ने कहा ह? देव एक नारी के लिये उसके सिर के बाल अति महत्वपुर्ण है और वो उसकी बड़ी शोभा बढ़ाते है तो मैंने सोचा की मैं अपने इष्टदेव को वो समर्पित करूँ जो मेरे लिये बहुत महत्वपुर्ण है इसलिये मैं अपने ईष्ट को वही समर्पित कर रही हूँ। जब उन दोनो से पूछा की आप अपने ईष्ट को सर्वश्रेष्ठ समर्पित कर रहे हो तो फिर आपकी माँग भी सर्वश्रेष्ठ होगी तो उन दोनो ने ही बड़ा सुन्दर उत्तर दिया। ह? देव हमें व्यापारी नही बनना है और जहाँ तक हमारी चाहत का प्रश्न है तो हमें उनकी निष्काम भक्ति और निष्काम सेवा के अतिरिक्त कुछ भी नही चाहिये। जब महात्मा जी मन्दिर के अन्दर गये तो वहाँ उन्होने देखा वो तीनों व्यक्ति जो सबसे हल्का घी, धोती और फल लेकर आये साथ मे अपनी मांगो की एक बड़ी सूची भी साथ लेकर आये और भगवान के सामने उन मांगो को रख रहे है। तब महात्मा जी ने अपने शिष्यों से कहा ह? मेरे अतिप्रिय शिष्यों जो तुम्हारे लिये सबसे अहम हो जो शायद तुम्हे भी नसीब न हो जो सर्वश्रेष्ठ हो वही ईश्वर को समर्पित करना और बदले मे कुछ माँगना मत और माँगना ही है तो बस निष्काम-भक्ति और निष्काम-सेवा इन दो के सिवा अपने मन मे कुछ भी चाह न रखना। इसीलिये हमेशा याद रखना की भले ही थोड़ा ही समर्पित हो पर जो सर्वश्रेष्ठ हो बस वही समर्पित हो।

# बराबरी की असली कसौटी क्या है?

**रात के ग्यारह बजे एक व्यक्ति बिजली के खंभे पर चढ़ा है। नीचे अँधेरा है और ऊपर करंट का खतरा। तस्वीर के साथ लिखा है कि जिस दिन महिलाएँ भी ऐसे काम करेंगी, उस दिन सच्ची बराबरी होगी। पहली नज़र में यह तर्क सीधा लगता है, लेकिन क्या वास्तव में बराबरी का अर्थ केवल वही काम करना है जो दिखाई देता है। क्या जोखिम ही समानता की अंतिम कसौटी है, या यह सवाल ही अधूरा है। कभी-कभी हम तस्वीरों से निष्कर्ष निकाल लेते हैं, पर तस्वीरें अक्सर कहानी का आधा हिस्सा ही दिखाती हैं। जो दिखाई देता है, वह श्रम है; जो नहीं दिखाई देता, वह त्याग है। और बराबरी की चर्चा में त्याग का अदृश्य होना ही सबसे बड़ी विडंबना है।**

**सत्य प्रकाश नायक**

इतिहास बताता है कि स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाज़े बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया। उन्नीसवीं सदी में एक महिला को चिकित्सा शिक्षा पाने के लिए पुरुष की पहचान अपनानी पड़ी, क्योंकि महिलाओं के लिए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश वर्जित था। पहले रास्ते बंद किए गए, फिर पूछा गया कि महिलाएँ दिखती क्यों नहीं। यह बराबरी नहीं थी, यह संरचनात्मक असमानता थी।

भेदभाव अचानक वयस्कता में शुरू नहीं होता। वह बचपन से शुरू होता है। लड़कों को खिलौनों में गाड़ियाँ, औज़ार और बाहर की दुनिया दी जाती है; लड़कियों को रसोई सेट और गुड़िया। लड़कों को चढ़ना, गिरना, जोखिम लेना सिखाया जाता है; लड़कियों को संभलकर चलना और सीमाओं में रहना। धीरे-धीरे यह सामाजिक प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और निर्णय लेने की क्षमता को आकार देता है। जब बचपन से ही यह संदेश दिया जाए कि कुछ काम 'तुम्हारे लिए नहीं हैं', तो बड़े होकर अवसरों की असमानता केवल परिणाम होती है, कारण नहीं।

कार्य विभाजन भी तटस्थ नहीं है। समाज ने कामों को 'पुरुष' और 'महिला' श्रेणियों में बाँट दिया। भारी मशीन, निर्माण, तकनीकी मरम्मत पुरुषों के हिस्से में गई। देखभाल, सफाई, खाना बनाना, बच्चों और बुजुर्गों की जिम्मेदारी महिलाओं के हिस्से में। यह बँटवारा जैविक कम और सामाजिक अधिक था। पर समय के साथ इसे प्राकृतिक मान लिया गया। भारतीय समाज में यह असमानता और जटिल हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ से जुड़े आकलनों के अनुसार ग्रामीण भारत में पानी लाने की जिम्मेदारी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं पर है। वे रोज़ कई किलोमीटर पैदल चलती हैं और घंटों कतार में खड़ी रहती हैं। यह श्रम शारीरिक रूप से कठिन है, लेकिन इसे जोखिमपूर्ण कार्यों की श्रेणी में नहीं रखा जाता, क्योंकि यह घर के दायरे से जुड़ा है और इसके बदले वेतन नहीं मिलता।

भारत के टाइम यूज़ सर्वे 2019 के अनुसार महिलाएँ पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक समय अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्यों में लगाती हैं। ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार भारतीय महिलाएँ पुरुषों से लगभग आठ गुना अधिक समय देखभाल कार्यों में देती हैं। यदि एक पुरुष प्रतिदिन एक घंटा देता है, तो एक महिला औसतन आठ घंटे देती है। यह केवल समय का अंतर नहीं है; यह अवसर का अंतर है।

जब किसी व्यक्ति का अधिकांश समय अवैतनिक जिम्मेदारियों में व्यतीत होता है, तो वह प्रशिक्षण, कौशल विकास, नेटवर्किंग या जोखिमपूर्ण पेशों में प्रवेश के लिए आवश्यक तैयारी कैसे करेगा।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के अध्ययन से संकेत मिलता है कि यदि घरेलू जिम्मेदारियाँ संतुलित रूप से बाँटी जाएँ, तो



महिला श्रम भागीदारी लगभग छह प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यह वृद्धि केवल सांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होगी; यह लाखों महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोलेगी। मैकिंज़ी ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि महिलाओं की पूर्ण आर्थिक भागीदारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर की वृद्धि संभव है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और विश्व बैंक भी बार-बार इस बात पर बल देते हैं कि देखभाल अर्थव्यवस्था को कमतर आँकना विकास की सबसे बड़ी अदृश्य बाधाओं में से एक है। लेकिन अवसर केवल समय से नहीं रुकते; वे मानसिकता से भी रुकते हैं। अनेक घरों में आज भी लड़कियों की गतिशीलता सीमित की जाती है। देर शाम बाहर रहना, दूर शहर में प्रशिक्षण लेना, फील्ड जॉब करना, जोखिमपूर्ण काम सीखना–इन सब पर प्रश्नचिह्न लगाया जाता है। परिवार की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और परंपरा का तर्क दिया जाता है। परिणामस्वरूप लड़कियाँ धीरे-धीरे अपने सपनों को छोटा करना सीख जाती हैं।

लगातार यह सुनना कि तुम नाज़ुक हो, तुम कमजोर हो, तुम्हें सुरक्षा की ज़रूरत है–केवल बाहरी रोक नहीं है; यह भीतर भी घर कर लेता है। मनोवैज्ञानिक स्तर पर आत्मविश्वास क्षीण होता है। कई महिलाएँ अवसर मिलने पर भी स्वयं को उस भूमिका के योग्य नहीं मानतीं। जब समाज बार-बार सीमाएँ खींचता है, तो व्यक्ति उन सीमाओं को अपनी पहचान का हिस्सा समझने लगता है।

इसी के समानांतर 'मर्दानगी' की एक छवि भी गढ़ी जाती है। कठोर बनो। जोखिम लो। डर मत दिखाओ। कमाओ। घर चलाओ। यह छवि पुरुषों को भावनात्मक अभिव्यक्ति से दूर करती है और महिलाओं को साहसिक भूमिकाओं से। पितृसत्ता केवल महिलाओं को सीमित नहीं करती; वह पुरुषों को भी एक संकीर्ण ढाँचे में बाँध देती है।

फिर एक दिन वही ढाँचा प्रश्न करता है। महिलाएँ कठिन या खतरनाक कामों में कम क्यों दिखती हैं। प्रश्न पूछने वाला यह नहीं देखता कि बचपन से किसे चढ़ना सिखाया गया और किसे रोका गया। किसे जोखिम लेने दिया गया और किसे डर दिखाया गया। किसे देर रात बाहर रहने की छूट मिली और किसे नहीं। किसे कहा गया कि दुनिया तुम्हारी है, और किसे कहा गया कि सीमा पहचानो।

इस संदर्भ में रात ग्यारह बजे खंभे पर क्यों नहीं जैसा प्रश्न अधूरी तस्वीर प्रस्तुत करता है। क्योंकि उसी समय लाखों महिलाएँ घरों में काम कर रही होती हैं। वे भोजन तैयार कर रही होती हैं, बच्चों की देखभाल कर रही होती हैं और अगले दिन की जिम्मेदारियों की तैयारी कर रही होती हैं। यह श्रम बुखार या थकान में भी रुकता नहीं। इसके लिए न वेतन है, न अवकाश, न औपचारिक मान्यता। यह अदृश्य श्रम समाज और अर्थव्यवस्था की बुनियाद है, पर बराबरी की चर्चा में अक्सर इसे स्थान नहीं मिलता। बराबरी का प्रश्न केवल जोखिमपूर्ण कार्यों में उपस्थिति का नहीं है। असली प्रश्न यह है कि क्या हर व्यक्ति को अपने जीवन का मार्ग चुनने की समान स्वतंत्रता मिली। क्या प्रशिक्षण, सुरक्षा, प्रोत्साहन और अवसर सचमुच समान थे। क्या परिवार और समाज ने समान भरोसा दिया। क्या असफल होने की समान अनुमति दी।

बराबरी का अर्थ यह नहीं कि हर स्त्री खंभे पर चढ़े। बराबरी का अर्थ यह है कि यदि वह चढ़ना चाहे तो कोई उसे रोके नहीं। और यदि वह किसी अन्य भूमिका को चुने तो उसे कमतर न आँका जाए। खंभे पर चढ़ी तस्वीर एक प्रतीक हो सकती है, पर वह अंतिम प्रमाण नहीं है। सच्ची बराबरी तब होगी जब समाज यह स्वीकार करेगा कि घर की रसोई, खेत, दफ्तर और कार्यस्थल–हर जगह किया गया श्रम समान सम्मान का अधिकारी है।

बराबरी की ऊँचाई खंभे से नहीं मापी जाती; वह इस बात से मापी जाती है कि समाज अपने हर सदस्य को कितनी स्वतंत्रता, अवसर और सम्मान देता है। जब प्रश्न पूछने से पहले हम यह जाँचेंगे कि अवसर सचमुच समान थे या नहीं, तब संवाद ईमानदार होगा। और जब स्वतंत्रता वास्तव में साझा होगी, तभी बराबरी का दावा सार्थक होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परोपकार में आप रुचि लेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। आपको किसी उपलब्धि के लिये पुरस्कार प्राप्त हो सकता है।

**वृषभ**
सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपना मत न रखें।

**मिथुन**
आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है। किसी बड़ी समस्या का निवारण हो सकता है।

**कर्क**
नये कार्यों को आरम्भ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

**सिंह**
उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी।

**कन्या**
कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुयी परियोजनायें पुनः प्रारम्भ हो सकती हैं। उच्च अधिकारियों के साथ आपका तालमेल बढ़ेगा।

**तुला**
आज एक साथ अनेक कार्य करना पसन्द करेंगे। काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा। प्रभावशाली लोगों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक**
आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**धनु**
जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। सोशल मीडिया पर आपकी सक्रियता बढ़ सकती है।

**मकर**
अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**कुंभ**
अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिये दिन अत्यन्त उत्तम है। भावनात्मक रूप से आप काफी मजबूत रहेंगे।

**मीन**
नये निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं। अपने अधिकारों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टीपीएस कॉलेज में एविएशन करियर अवेयरनेस एवं प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना के प्लेसमेंट सेल द्वारा केबिन क्रू एवं एयरपोर्ट ऑपरेशन अवेयरनेस सेशन एवं प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन कौटिल्य सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं का कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने कौशल का विकास कर सकें और एविएशन जैसे उभरते क्षेत्र में रोजगार के लिए स्वयं को तैयार कर सकें।



कार्यक्रम का स्वागत एवं विषय परिचय प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित मिलेनियम एयर होस्टेस एकेडमी के एविएशन ट्रेनर श्री मनीष कुमार ने एविएशन सेक्टर में रोजगार के अवसर, चुनौतियाँ, आवश्यक योग्यताएँ तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को एयरलाइन इंडस्ट्री में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल एवं तैयारी के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इसके साथ ही इंडिगो एयरलाइंस की पूर्व केबिन क्रू सुश्री काव्यांजलि एवं सुश्री वंशिका ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को इस क्षेत्र की वास्तविकताओं एवं संभावनाओं के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुंद कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल की सह-समन्वयक डॉ. सनंदा सिन्हा द्वारा एवम धन्यवाद ज्ञापन सह-समन्वयक डॉ. सुशोवन पलाधी ने किया।

### अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी एन एच-22 पर पुनपुन थाना अंतर्गत डुमरी पुल के नीचे अज्ञात वाहन के ठोकर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पंकज कुमार उम्र करीब 31 वर्ष पिता अशोक कुमार सिंह ग्राम शाहजहांपुर पटना निवासी है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर लगने से जख्मी हो गया था जिसे राहगीरों द्वारा इलाज करने को लेकर गवसपुर निजी अस्पताल मे ले जाया गया जहाँ उसकी मृत्यु हो गई,बहरहाल शव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार करते हुए पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच पटना भेजा गया है।

### मोबाइल झपटकर भागने वाले दो गिरोह को केवडा पुलिस ने जहानाबाद से किया गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झपटा मारकर मोबाइल छिनतई करने वाले गिरोह के दो सदस्य को केवड़ा पुलिस ने मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है।यह घटना बिते 15 12 2025 को है जहां पोठही के पास सड़क के किनारे खड़े एक व्यक्ति से बाइक सवार दो अपराधियों ने मोबाइल को झपट्टा मार कर छीनकर भाग गए थे, इस मामले में मसौदा थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव के रहने वाले गोलू कुमार पिता रमेश प्रसाद के द्वारा अज्ञात के खिलाफ थाने में केस दर्ज की गई थी, दर्ज प्राथमिकी को लेकर तकनीकी अनुसंधान के जरिए पुलिस ने उसे मोबाइल और मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष ने बताया की कांड संख्या 362/25 में मोबाइल स्नैचिंग की गई मोबाइल को तकनीकी अनुसंधान करते हुए एक व्यक्ति (1) गुलशन कुमार पे0 विनोद शर्मा सा0 बंधुगंज थाना घोषी को जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया एवं मोबाइल बरामद किया गया इससे पूछ ताछ करने पर एक और व्यक्ति (2) कुंदन कुमार पे0 ललीत यादव सा0 चुनुकपुर थाना घोषी जिला जहानाबाद को भी जहानाबाद से गिरफ्तार किया गया है।



### पोता को गोली मार कर हत्या करने वाला चचेरा दादा गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के निजामत गांव में बीते 5 अप्रैल की सुबह तकरीबन 10 बजे के आसपास सोनू कुमार पिता भूषण यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें सीधा आरोप मृतक के चचेरे दादा विजेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय टुन्नी प्रसाद पर आरोप लगा था, घटना के बाद मृतक के पिता भूषण यादव ने पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी, इस संबंध में छापेमारी के दौरान मुख्य अपराधी चचेरे दादा विजेंद्र सिंह को धनरूआ पुलिस ने इमलिया गांव से उसके बेटी के घर से गिरफ्तार किया है। उसके साथ देसी कट्टा भी बरामद किया गया है।पूर्वी से सिटी एसपी ने इस संबंध में खुलासा करते हुए बताया है कि गिरफ्तार आरोपी का कहना है कि ₹2 लाख हमारा बकाया था उसी के संबंध में काफी दिनों से विवाद चल रहा था जिसको लेकर उसकी भैंस खोलकर बांध लिए थे वहीं दूसरे दिन भूषण यादव का बेटा जब अपनी भैंस खोलने के लिए गया था इसी विवाद में गोली चली थी और हत्या हो गई थी। बहरहाल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अन्य फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।



# जमीन विवाद में दिव्यांग महिला की गोली मारकर हत्या

## भैंसुर और भतीजा पर हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।जिसकी पहचान फुलेलपुर मेउरा निवासी रघुवंश यादव की 35 वर्षीय विकलांग पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है।हत्या का कारण प्रथमतः जमीनी विवाद बताया जा रहा है।आरोपी मृतका के भैंसूर श्लोक यादव उर्फ पप्पू यादव और उसके पुत्र सूर्यभूषण यादव बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो पूर्व से ही ये सभी आपराधिक प्रवृत्ति के रहे हैं। और घर से अक्सर फरार ही रहते थे। हत्या के उद्देश्य से ही सोमवार की देर शाम घर वापस आए और घटना को मंगलवार की अहले सुबह अंजाम देकर फरार हो गए।विकलांग मृतका के पति भी विकलांग है और समोसा चाट का दुकान चला कर अपना गुजर बसर कर रहे थे। मृतक के पति तीन भाई श्लोक यादव हरिवंश यादव और रघुवंश यादव हैं। जिनके बीच में जमीन का बंटवारा पूर्व में ही हो चुका था लेकिन श्लोक यादव 5 कट्ठा ज्यादा जमीन की मांग पर अड़े थे।ग्रामीण पंचायत के आधार पर श्लोक यादव को दो कट्ठा जमीन अलग से दे भी दिया गया था लेकिन पिता पुत्र अपराधिक प्रवृत्ति होने के कारण इस तरह की वारदात को पूर्व में भी अंजाम देते रहे हैं ग्रामीणों के अनुसार श्लोक यादव के दो पुत्र चंद्रभूषण यादव और सूर्यभूषण यादव हैं चंद्रभूषण यादव थाना क्षेत्र के थमहावां में हुई ट्रिपल मर्डर की घटना में संलिप्त होने के कारण अभी जेल में है वही 2023 में श्लोक यादव द्वारा अपने भाई हरिवंश यादव पर भी जानलेवा हमला किया गया था जिसमें हरिवंश यादव के हाइड्रोसील में गोली लगी थी ग्रामीणों के अनुसार आरोपी पत्नी और पुत्र के साथ सोमवार की संध्या करीब 7:00 बजे घर पर आया है मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे अपने घर से निकली मृतिका मीना देवी को गोली मार दी ग्रामीणों के अनुसार उसका लक्ष्य भाई की हत्या करना था लेकिन भागने की जल्दबाजी में मीना देवी की ही हत्या कर दी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीन गोली चलाई गई है जिसमें दो गोली मृतका के सिर और अन्य अंग पर लगी है जबकि एक गोली मिसफायर हो गया है।पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया है और घटनास्थल को घेरे में लेकर एफएसएल की टीम जांच कर रही है। मौके पर ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार एवं एसडीपीओ-2 आयुष श्रीवास्तव पहुंचे है।एसडीपीओ-2 ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी गई है।

## पालीगंज के दहिया में पैक्स अध्यक्ष की मनमानी के खिलाफ किसानों की बैठक



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दहिया गांव में मंगलवार को पैक्स अध्यक्ष की कथित मनमानी के विरोध में किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे बीसीओ शत्रुघ्न कुमार ने किसानों की शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई तथा न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता किसान शैलेश कुमार शर्मा तथा संचालन वार्ड सदस्य आनंद कुमार ने किया। किसानों ने धान खरीद में कटौती, भुगतान में गड़बड़ी, धान लेने से इनकार, लाभांश नहीं मिलने और कार्यकारिणी की बैठक की सूचना नहीं देने जैसे गंभीर आरोप लगाए। किसानों ने बताया कि नमी, खखरी और कम वजन के नाम पर धान की कटौती की गई, कई किसानों का धान अब तक नहीं लिया गया या भुगतान लंबित है। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि कागजात और रसीद जमा करने के बावजूद धान नहीं लिया गया, जबकि कुछ को भुगतान भी नहीं मिला। कार्यकारिणी सदस्यों ने भी बैठक की सूचना नहीं मिलने की बात कही। बैठक की सूचना के बावजूद पैक्स अध्यक्ष उपस्थित नहीं हो सके। मौके पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे। बीसीओ शत्रुघ्न कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी और किसानों को न्याय दिलाया जाएगा।

## एबीएसआई स्कीलकॉन -2026 का समापन, आधुनिक तकनीकों से ब्रेस्ट कैंसर उपचार को नई दिशा

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एबीएसआई स्कीलकॉन -2026 - ब्रेस्ट कैंसर लाइव सर्जरी वर्कशॉप का सफल समापन हुआ। दो दिवसीय इस कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों द्वारा उन्नत सर्जिकल प्रक्रियाओं, प्रिसीजन मेडिसिन, इम्यूनोथेरेपी एवं मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में ट्यूमर बोर्ड की भूमिका, मरीज-केंद्रित उपचार एवं ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि सही समय पर जांच, स्क्रीनिंग और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से ब्रेस्ट कैंसर का प्रभावी इलाज संभव है।
कार्यक्रम की शुरूआत वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से सर्जिकल तकनीकों के डेमोंस्ट्रेशन से हुई, जिससे नए सर्जनों को आधुनिक विधियों की जानकारी दी गई। परिचर्चा को संबोधित करते हुए सवेरा कैंसर अस्पताल के प्रबंध निदेशक एवं वरीय कैंसर सर्जन डॉ. वी. पी. सिंह ने कहा कि स्तन कैंसर महिलाओं में होने वाला सबसे आम कैंसर है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर बड़ी संख्या में महिलाएं इस बीमारी से प्रभावित हैं, वहीं भारत में इसकी बढ़ती दर चिंता का विषय है, जिसे समय रहते पहचान और उपचार से नियंत्रित किया जा सकता है। इंग्लैंड से आए डॉ. ऋषिकेश परमेश्वर ने कहा कि आधुनिक तकनीकें युवा चिकित्सकों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे मरीजों के उपचार परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव है। वहीं, डॉ. आकाश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पहचान से स्तन कैंसर से होने वाली मृत्यु दर में काफी कमी लाई जा सकती है।




कार्यक्रम के दौरान वीडियो वर्कशॉप के माध्यम से पोस्ट ग्रेजुएट एवं ग्रेजुएट चिकित्सकों के बीच एक विशेष पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें **प्रथम स्थानः** डॉ नमिता मित्तल (आईजीआईएमएस), **द्वितीय स्थानः** डॉ कोमल भारती (आईजीआईएमएस) **तृतीय स्थानः** डॉ जूही कुमारी (आईजीआईएमएस) विजेताओं को विशेष पुरस्कार के रूप में सम्मानित किया गया। समापन समारोह में डॉ. वी. पी. सिंह एवं डॉ. राहुल कुमार चौधरी ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि सवेरा कैंसर हॉस्पिटल भविष्य में भी चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी आधुनिकता लाने एवं मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## 26 मार्च को वन्दे भारत पर पथराव का आरोपित युवक गिरफ्तार



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 26 मार्च 2026 को समय लगभग पौने दो बजे गाड़ी संख्या 22234 पटनाझन्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले व्यक्ति को आखिरकार रेल पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया है।मालूम हो की 26 मार्च को जब 22234 पटना न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत बख्तियारपुर जंक्शन से थ्रू पास कर रही थी तो दाहिनी ओर से पत्थर फेंका गया था जिससे कोच संख्या उ-1 की सीट संख्या 41, 42 एवं 43 के शीशे में दरार (क्रैक) आ गई थी ।प्रारंभिक जांच में कुछ लोगों की निशानदेही पर अथमलगोला प्रखंड के बुजरूक विद्यालय के छोटे बच्चों द्वारा पत्थरबाजी की बात कही गई थी जिसके बाद रेल पुलिस ने विद्यालय पहुंच कर स्कूल प्रबंधन व स्कूली बच्चों को हिदायत देते हुए जागरूक भी किया था।लेकिन जब उक्त घटना के संबंध में रेलवे द्वारा जांच आगे बढी तो दूसरे किसी व्यक्ति द्वारा पत्थरबाजी करने का वीडियो सामने आई बख्तियारपुर रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी, जवाहरलाल के दिशा निर्देश पर बख्तियारपुर रेलवे सुरक्षा में तैनात अवर निरीक्षक चक्रपाणि कुमार के द्वारा इस घटना की आगे जांच की गई,जांच के दौरान न्यू जलपाईगुड़ी में वन्दे भारत ट्रेन में लगे संबंधित विभाग से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया गया। फुटेज के यह में पाया गया कि गाड़ी संख्या 22234 पर बख्तियारपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 के मोकामा छोर पर एक व्यक्ति दाहिनी ओर से गाड़ी पर पत्थर मारते हुए दिखाई दे रहा है।उक्त व्यक्ति की पहचान स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से की गई तथा स्पष्ट पहचान हेतु विज़िबल फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ भी प्राप्त किया गया। प्राप्त वीडियो एवं फोटो को स्थानीय रेल मित्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों के बीच साझा किया गया।आखिर में मुखबिर खास की सूचना पर आरपीएफ एवं जीआरपी बख्तियारपुर की संयुक्त टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को स्टेशन क्षेत्र बख्तियारपुर से गिरफ्तार किया गया। जहाँ इसकी पहचान अजय कुमार, उम्र 54 वर्ष, पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर प्रसाद, सा० झिंगनगर, थाना बिहार, जिला नालंदा के रूप में की गई है। इसने उस दिन वन्दे भारत पर पथराव की बात को भी कबूल किया है और रेलवे द्वारा जारी विडियो में भी ट्रेन पर पत्थर मारते हुए दिख रहा है।

## वेंडर का भेष बनाकर रेल यात्रियों से करता था लूटपाट, तारेगना जीआरपी ने किया उद्भेदन

### आभूषण के साथ तीन चेन स्नेचर गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेल पुलिस की सक्रियता के कारण महज चंद घंटों में चेन स्नेचर एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। जहां छिंनतई हुई सोने का ढोलना के साथ तीन चेन स्नेचर को गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जा रहा है यह घटना बीते सोमवार की शाम को है जहां पटना गया सवारी गाड़ी 63 251 ट्रेन से नदौल रेलवे स्टेशन से जहानाबाद जा रही एक महिला ट्रेन यात्री के साथ एक वेंडर के भेष में एक अपराधी ने चेन छीन कर भाग गया था, जहां इस मामले में स्वीटी कुमारी पति मनीष कुमार नदौल निवासी ने तारेगना रेल पुलिस को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, सूचना मिलते ही तारेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने टीम गठित कर एवं मानवीय सूत्रों के द्वारा छापेमारी की गई, जहां सबसे पहले राजू कुमार पिता विनोद प्रसाद केसरी नदौल से उसे पकड़ा गया और पूछताछ के दौरान सारी सच्चाई का खुलासा हुआ उसके बाद जिस आभूषण दुकान में बेचे गए थे वहां भी जांच पड़ताल की गई जहां दुकानदार ने भी स्वीकार किया और छिनतई कि गई ढोलना बरामद किया गया उसके निशानदेही पर घटना मे शामिल अंकित कुमार पिता सुधीर कुमार नदौल, एवं आभूषण दुकानदार को भी इस मामले में चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया जिसका नाम रवि कुमार पिता गोपाल प्रसाद बढई मसौढ़ी का है, थानाध्यक्ष ने बताया की वैसे सभी आभूषण दुकानदार से अपिल करते हैं कि अगर वह चोरी किए गए आभूषण खरीदेंगे तो वह जेल जाएंगे ऐसे में वह चोरी का सामान नहीं खरीदें। इसके साथ ही रेल यात्रियों से उन्होंने अपील की है कि ट्रेनों में इन दिनों वेंडर के भेष में बहुत सारे चेन स्नेचर घूम रहे हैं इसलिए अपनी सामान की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें।

### पैक्स चुनाव को लेकर आज से नामांकन शुरू

## मसौढी में कटे 35 एनआर, तीनों प्रखंडों में बनाए गए अलग-अलग पंचायत के लिए काउंटर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पैक्स चुनाव को लेकर आज से नामांकन शुरू हो चुका है। जहां तक कुल 35 उम्मीदवारों ने अपना एनआर कटवाया है। नामांकन 8 अप्रैल और 9 अप्रैल को होना है। नामांकन को लेकर मसौढ़ी समेत धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में अलग-अलग पंचायत के लिए अलग-अलग विंडो बनाया गया है। जहां पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी को सहायक निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है वही धनरूआ और पुनपुन में भी नामांकन आज से शुरू हो गया है।मसौढी में सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीएओ हर्ष पटेल ने जानकारी देते बताया कि आठ व नौ अप्रैल को नामांकन की तिथि तय की गयी है. इच्छुक अभ्यर्थी दिन के ग्यारह बजे से संध्या तीन बजे तक विहित प्रपत्र में अपना नामांकन पर्ची जमा कर सकेंगे. दस व ग्यारह अप्रैल को संवीक्षा की जायेगी. तेरह अप्रैल को नाम वापसी की तिथि तय है व देर शाम चुनावी मैदान में डटे अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन कर दिया जायेगा. बीस अप्रैल के दिन सुबह सात बजे से साढ़े चार बजे तक मतदान कराया जायेगा व उसी दिन देर शाम प्रखंड कार्यालय में मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवार को जीत का प्रमाण पत्र हस्तगत कराया जायेगा। दरअसल, मसौढी प्रखंड के बारा पंचायत, चरमा पंचायत और नदौल पंचायत में पैक्स का चुनाव होना है, जहां बारा पंचायत में मतदाताओ की संख्या 4086 है, वही चरमा पैक्स में 1695 मतदाता और नदौल पैक्स में 1681 मतदाताओं है। बताया कि मसौढ़ी के तीन पंचायत में पैक्स का चुनाव होना है, इसके लिए चुनाव की तैयारियां की जा रही है। मतदान को लेकर नदौल पंचायत में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बारा पंचायत में 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं चरमा पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कोई धनरूइ प्रखंड में सोनमई और बारीबिगहा पंचायत चुनाव होना है वहीं पुनपुन प्रखंड में पैमार पंचायत में चुनाव होना है।मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी.

## आपसी विवाद में एक महिला को लोहे के रॉड से मारपीट कर किया जख्मी, बदसलूकी का आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोविंदचक गांव में बीते सोमवार की देर शाम को एक एक महिला को लोहे के रॉड से मारपीट कर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने मसौढी थाने में कुल सात लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब हम घर में अकेले खाना बना रहे थे उसी वक्त सभी लोग लाठी डंडा लोहे के रॉड लेकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे, जहां लोहे के रॉड से मेरे सिर पर मार दिया जहां बेहोश हो गए हैं वहीं बदसलूकी करते हुए हमारे कपड़े भी फाड़ दिए ,बचाने आए हमारे पति को भी लोगों ने मारपीट किया है नामजद आरोपियों में वकील यादव, किशोरी यादव दोनों पिता लालू यादव, चंदन यादव,हूना यादव ,गुड़िया कुमारी, बबीता देवी लीलामती देवी आदि सात लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए मारपीट करने मंगलसूत्र छीन लेने और बदसलूकी करने का आरोप लगाया। पुलिस इस मामले में छानबीन मे जुटी है।

## गर्मी में लू से खतरों के बचाव को लेकर स्कूलों में बच्चों को किया गया जागरूक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, और इस मौसम में लू का खतरा बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए, शहर के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को लू से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया है। ऐसे में उत्क्रमित मध्य विध्यालय मलिकाना उर्दू में छात्र छात्राओं को लू से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया है, जैसे कि अधिक पानी पीना, हल्के रंग के कपड़े पहनना, और धूप में बाहर न निकलना। बच्चों को यह भी बताया गया है कि लू के लक्षण क्या होते हैं और क्या करना चाहिए अगर किसी को लू लग जाए तो बताया गया है कि गर्मी में अधिक पानी पीना चाहिए और धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए। छात्राओं में कशिश प्रवीण, मंतशा प्रवीण, इशमत जहां ,मुस्कान प्रवीण आदी ने कहा, की हमने लू से बचाव के लिए एक नारा भी बनाया है - 'पानी पीओ, धूप से बचो, लू से बचो'। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मालिकाना उर्दू के प्रधानाध्यापक मो. असलम प्रवेज ने बताया की हम बच्चों को लू से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक कर रहे हैं, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को भी बता सकें। हम उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।गर्मी में लू से बचाव के लिए हमें सावधानी बरतनी चाहिए। अधिक पानी पीना, हल्के रंग के कपड़े पहनना, और धूप में बाहर न निकलना, ये कुछ तरीके हैं जिनसे हम लू से बच सकते हैं। लू लगने पर उल्टी आना और शरीर में तेज दर्द होना आम बात है, उल्टी होने के कारण शरीर में सोडियम और पोटेशियम का संतुलन बिगड़ा जाता है. कमजोर इम्युनिटी वाले या शारीरिक रुप से कमजोर लोग लू लगने से बेहोश भी हो जाते हैं. लू लगने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है. लू लगने से मस्तिष्क, हृदय और अन्य अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी ताकि शरीर को हाइड्रेटेड रखा जा सके. शरीर को ठंडा रखने के लिए हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनने की भी सलाह बच्चों को दी गयी. धूप में निकलते समय सिर ढंककर यथासंभव छाता के उपयोग करने, ठंढा पानी, ठंढा खाना खाने की सलाह दी गयी. भोजन में मसालेदार और चिकनाई युक्त भोजन से परहेज की बात भी बतायी गयी।

## साइबर अपराध को लेकर एसएमडी कॉलेज में एनसीसी छात्रों को पढ़ाया जागरूकता का पाठ



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पटना साइबर थाना के पुलिस ने एनसीसी कैडेट्स के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम एनसीसी एसएमडी कॉलेज पुनपुन के एनसीसी ईकाई के द्वारा किया गया, जिसमें 95 कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में साइबर थाना, पटना के सब इंस्पेक्टर सोनी रॉय, धर्मेंद्र मंडल और रौशन कुमार उपस्थित थे। इन पदाधिकारी ने कैडेट्स को साइबर अपराधों के नवीनतम तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बोले- तस्वीरें शेयर करते समय सावधानी बरतें उन्होंने बताया कि आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) की मदद से फोटो में छेड़छाड़ कर ब्लैकमेल करने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए, सोशल मीडिया पर अपनी निजी तस्वीरें साझा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए।



कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो डॉ मधुरेंद्र, एनसीसी ऑफिसर मुकेश कुमार, महाविद्यालय के शिक्षक गण, कर्मचारी गण और 95 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित हुए।

# ड्यूटी के दौरान घायल एसआई ताज मोहम्मद खान का इलाज के दौरान निधन, पुलिस महकमे में शोक

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के एकमा थाना में पदस्थापित लगभग 57 वर्षीय एसआई ताज मोहम्मद खान का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मंगलवार की सुबह पटना स्थित जयप्रभा मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार को नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव स्थित यशोदा भारत गैस एजेंसी गोदाम पर गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद उपभोक्ताओं की भीड़ जमा हो रही थी। इसी दौरान वे एक उपभोक्ता को समझाने के लिए एकमा-मांझी



सड़क किनारे पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार टोटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद अफरा-तफरी के बीच स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों की मदद से उन्हें एकमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर किया गया, जहां जयप्रभा मेदांता अस्पताल पटना में उनका इलाज चल रहा था। बाद में उन्हें सीएनएस अस्पताल भी रेफर किया गया, लेकिन मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रेवती निवासी ताज मोहम्मद खान आगामी वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी जमरुल खातून, दो बेटियां और तीन बेटे हैं, जिनमें एक पुत्र की शादी अभी शेष है। मृत्यु के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच ले जाया गया, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव छपरा पुलिस लाइन लाया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थाना में शोक की लहर छा गई। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था, तभी उनके निधन की दुःखद सूचना मिली। उन्होंने कहा कि ताज मोहम्मद खान एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और मिलनसार पुलिस अधिकारी थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। थाना परिसर में शोक जताने वालों में एसआई भरत साह, संजय कुमार, विनायक राम, नवल किशोर सिंह, सुरेश राम, जावेद आलम, सुबोध पासवान सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, सूबेदार मेजर नीरज राय, रणधीर सिंह समेत कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# उत्पाद विभाग का छापा, आठ गिरफ्तार

## 36.60 लीटर विदेशी शराब जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग इलाके में छापेमारी कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान टीम 36.60 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। छापेमारी सोमवार को बेतिया, नौतन व नरकटियागंज इलाके में की गई। मद्य निषेध उत्पाद अधीक्षक सीमा चौरसिया ने बताया कि डीएम के निर्देश पर सोमवार को नौतन थाना क्षेत्र के डवरिया में छापेमारी की गई। जहां से डवरिया वार्ड चार निवासी विश्वजीत कुमार उर्फ गोल्डन को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एट पीएम और किंगफिशर ब्रांड का 36.60 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। अधीक्षक ने बताया कि गोल्डन के खिलाफ अगस्त 2024 में मझौलिया थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज है। उस समय वह पिकअप पर लोड 423.36 लीटर विदेशी शराब परिवहन करते पकड़ा गया था। इसके अलावा उत्पाद विभाग की टीम बेतिया व नरकटियागंज इलाके में छापेमारी की। जहां से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चरगाहा निवासी चंदू प्रसाद, बेलदारी के शंकर राम, नगर थाना क्षेत्र के बंधवा टोला के अर्जुन कुमार, इनरवा थाना क्षेत्र के कवलापुर निवासी सोम कुमार, मनुआपुल थाना क्षेत्र के बानुछापर निवासी भूलन पटेल, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कठैया बिशनपुरा निवासी रंजीत महतो व नौतन थाना क्षेत्र के धूमनगर निवासी गयालाल पटेल को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक आर्यन राज, दिलीप कुमार सिंह, दारोगा प्रिंस कुमार, नीरज कुमार, जमादार ब्रज किशोर ठाकुर, बुद्धन कुमार, आर. किरण कुमारी व उत्पाद बल शामिल रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु द्रोण एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार की शाम दसवी एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में पंचायत स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की गरिमा मयी उपस्थिति रही।समारोह में मुख्य अतिथि लौरिया जोगापटी विद्यानसभा से विद्यायक विनय बिहारी, भभटा पंचायत के मुखिया नवीन कुमार उर्फ गोरख जी, भाजपा महिला मोर्चा के साठी मंडल अध्यक्ष कुमारी किरण, समाजसेवी अभिषेक सर्राफ तथा राजा राम हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक समीम अख्तर, आकाश वर्मा शामील हुए।अतिथियों ने मेधावी बच्चों को मेडल, फूलमाला एवं डायरी प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की यह सफलता पूरे पंचायत और समाज के लिए गर्व की बात है। विधायक ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए मैं ट्रस्ट के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया है। ऐसे आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है और वे आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित होते हैं। मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी कृष्ण कुमार राय, सोनू कुमार, राजीव तिवारी, शेख फाखरुद्दीन एवं विनोद कुमार सहित अन्य सदस्य कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि संस्था आगे भी शिक्षा स्वास्थ्य और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती रहेगी।

## अबतक 10 एफआईआर दर्ज, छापेमारी में 160 सिलेंडर जब्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी गैस की सुचारू और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहा है। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि गैस की कालाबाजारी और आपूर्ति में अनियमितता के मामलों में अब तक विभिन्न थानों में 10 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में 9,53,304 घरेलू गैस उपभोक्ता हैं, जिनके बीच वितरण के लिए 74 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। अब तक विभिन्न अधिकारियों द्वारा 1,630 स्थानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें 160 गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।उन्होंने बताया कि गैस बॉटलिंग प्लांट से आपूर्ति कम होने के कारण वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बैकलॉग बढ़ रहा है। इसके बावजूद जिला प्रशासन आपूर्ति को बाधित नहीं होने देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सीपीएस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर दिया गया जोर

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (जूनियर) द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीपीएस ऑडिटोरियम, छपरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। इस वर्ष की थीम - सभी के लिए स्वास्थ्य, विज्ञान के साथ, रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विज्ञान की भूमिका के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रंजीतेश कुमार (वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी, सारण, विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने वर्तमान स्वास्थ्य चुनौतियों, स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण




और रोगों की रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करते हैं और सभी को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरेंद्र सिंह (राज्य शाखा, बिहार) ने कहा कि रेड क्रॉस का उद्देश्य मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुई। इसकी जानकारी डॉ विकास कुमार सिंह ने दी है।

# दारोगा राजकुमार हरिजन सेवानिवृत : पुनपुन थाने पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाने पर मंगलवार को दारोगा राजकुमार हरिजन को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उन्होंने पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान, समाजसेवी, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने दारोगा राजकुमार हरिजन के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का परिचय दिया। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता से मधुर संबंध स्थापित कर पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते थे और निष्पक्ष कार्रवाई के लिए जाने जाते थे। उनके



शांत स्वभाव और सहयोगात्मक रवैये की सभी ने सराहना की।इस अवसर पर दारोगा राजकुमार हरिजन को माला पहनाकर, फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अपने विदाई संबोधन में शिवशंकर सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है और उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने सहयोग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ, सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की। नेवढ़िया थाना परिसर में आयोजित यह विदाई समारोह आपसी सम्मान और सौहार्द का प्रतीक बना।

# युद्ध-विरोध की सांस्कृतिक हुंकारः रश्मिरथी के मंचन ने जगाई शांति की चेतना

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रजकिशोर किंडर गार्टन परिसर में आयोजित लोक रंग उत्सव 2026 का सांस्कृतिक सत्र कला और विचार का प्रभावशाली संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम का केंद्रबिंदु रहा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति- रश्मिरथी, का नाट्य मंचन, जिसने युद्ध-विरोध, शांति और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश दिया। नाट्य प्रस्तुति में कर्ण और कृष्ण के संवादों के माध्यम से धर्म, नीति और सत्ता के द्वंद्व को समकालीन संदर्भों में प्रस्तुत किया गया। कर्ण की भूमिका में मनोरंजन पाठक ने आत्मसम्मान, करुणा और अंतर्द्वंद्व को जीवंत किया, वहीं कृष्ण के रूप में डॉ. अमित रंजन ने विवेक और नैतिक रणनीति का प्रभावी चित्रण किया। कंचन बाला ने कुंती के रूप में संवेदनशील अभिनय किया, जबकि शैलेन्द्र शाही (इन्द्र), पंकज कुमार (दुर्योधन) और सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी (कृपाचार्य) ने सत्ता के विभिन्न आयामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। परशुराम के रूप में बबुआनन्द द्विवेदी तथा अर्जुन के रूप में विजय शंकर ने भी सशक्त अभिनय किया। निर्देशन, नाट्यांतरण व रंग-परिकल्पना डॉ. अमित रंजन की रही, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक रंगभाषा का संतुलित समावेश दिखा। संगीत संयोजन कंचन बाला और टुन्नू तनहा का रहा। सांस्कृतिक सत्र की शुरूआत कबीर गायन से हुई, जिसके बाद जनगीत, सूफी गीत, लोकगीत, गजल और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को बहुरंगी बना दिया।





कंचन बाला की चैती, विनय कुमार की गजल और अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन बाला ने किया। अंत में सभी कलाकारों को प्रतीक-चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युद्ध के खिलाफ शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की एक सशक्त सांस्कृतिक अभिव्यक्ति बनकर उभरा।

# 3.9 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी पश्चिमी द्वारा गठित व डीएसपी 2 अमरेन्द्र कुमार झा व थानाध्यक्ष रजनीश के नेतृत्व में मनेर पुलिस की टीम ने नीलकंठ टोला गोरया स्थान में छापेमारी कर 3 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ देवर व भाभी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास एक मोबाइल फोन और एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन बरामद की गई है। बताया जाता है कि सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि मनेर के नीलकंठ टोले गांजे की बिक्री की जा रही है। जिसके बाद उन्होंने डीएसपी 2 के नेतृत्व में टीम का गठन किया और टीम ने छापामारी कर नीलकंठ टोला से देवर मुन्ना यादव एवं उसकी भाभी मुन्नी देवी को गिरफ्तार किया है। उनके घर से 3.900 किलों गांजा ,एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, एक मोबाइल फोन बरामद की गई है। इस मामले में डीएसपी तो अमरेंद्र कुमार झा ने पुष्टि करते हुए बताया कि 3 किलो 900 ग्राम गांजा एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन और एक मोबाइल फोन के साथ मुन्ना व मुन्नी देवी को गिरफ्तार किया गया है।



# अमन-चैन की गूंजः छपरा में 29वां इप्टा सम्मेलन चार सत्रों में संपन्न

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा), छपरा द्वारा बिपिन बिहारी श्रीवास्तव नगर स्थित ब्रजकिशोर किंडर गार्टन परिसर में 29वां इप्टा छपरा सम्मेलन सह लोक रंगोत्सव चार सत्रों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का समन्वय देखने को मिला, जहां युद्ध के खिलाफ शांति और मानवीय मूल्यों का संदेश प्रमुख रूप से उभरा। सम्मेलन की शुरूआत विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव एवं इप्टा बिहार के महासचिव डॉ. फीरोज अशरफ खाँ द्वारा झंडोत्तोलन से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया गया। दूसरे सत्र में युद्धः शांति की संस्कृति बनाम हिंसा की राजनीति, विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। विषय प्रवेश करते



हुए डॉ. अमित रंजन ने कहा कि मानव सभ्यता का इतिहास विकास के साथ-साथ युद्धों की त्रासदी का भी रहा है, इसलिए शांति की संस्कृति को सामाजिक आंदोलन के रूप में स्थापित करना आवश्यक है। विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए युद्ध को मानवता के लिए गंभीर संकट बताया और संस्कृति, कला व साहित्य को शांति का माध्यम बताया। प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि शांति सामाजिक न्याय और समानता के आधार पर ही संभव है। अध्यक्षता करते हुए सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने संस्कृति की भूमिका को जनचेतना जागृत करने वाला बताया। तीसरे सत्र में सांगठनिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें संयोजक शैलेन्द्र कुमार शाही द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन को संशोधन के साथ सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव बनाए गए, जबकि संरक्षक मंडल में कई वरिष्ठ सदस्यों को शामिल किया गया। अध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अमित रंजन तथा सचिव के रूप में शैलेन्द्र कुमार शाही का चयन हुआ। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इप्टा जैसे सांस्कृतिक संगठन समाज में शांति, समानता और जनवादी मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऐसे आयोजन समय की जरूरत हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## स्वास्थ्य के लिए एकजुट रहें, विज्ञान के साथ खड़े रहें

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, उपजिला शाखा हिलसा कार्यालय में मंगलवार विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ह्लस्वास्थ्य के लिए एकजुट होकर विज्ञान के साथ खड़े रहें पर केंद्रित रहते हुए रेड क्रॉस परिवार ने जन-स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। कार्यक्रम में हिलसा नगर परिषद के मुख्य पार्षद घनंजय कुमार ने कहा कि बदलते परिवेश में खानपान की आदतों में तेजी से बदलाव आया है, जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वहीं मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य चुनौतियों से लड़ने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और एकजुटता बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भ्रामक जानकारियों से बचें और प्रमाणित चिकित्सा पद्धति पर विश्वास करें।उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तत्परता के कारण कई गंभीर बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है, उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार आलोक ने बताया कि किसी भी तरह के वैक्सीन्स के प्रति निराधार अफवाहों से लोगों को बचना चाहिए। क्योंकि ये वैक्सीन्स बाजार में पूर्णतः वैज्ञानिक देखरेख में एवं हर तरह के मानक को पूर्ण करके लाया जाता है।इस दौरान रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष अभिजीत कुमार, प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ, आर्यन आर्क (अधिवक्ता), गणेश रजक, नरेश प्रसाद अकेला, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा, अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा एवं सुरेश कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### सूखा नशा के खिलाफ भेलाही थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 230 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत आने वाले भेलाही थाना क्षेत्र में सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भेलाही थाना पुलिस ने छपवाट के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दरसी दास के रूप में हुई है, जो मुशहरवा गांव का निवासी बताया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 230 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसे अवैध रूप से रखा गया था। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। भेलाही थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूखा नशा के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### नये थानेदार प्रियंका कुमारी के आने से तस्करों में हड़कंप

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस उप महानिरीक्षक चम्पारण क्षेत्र बेतिया से प्राप्त अनुमोदन एवं बेहतर कार्य कुशलता के आधार पर हरपुर थाना प्रभारी राहुल कुमार को कुण्डवा चैनपुर थाना के थाना प्रभारी बनाया गया है जबकि हरपुर थाना में अपर थानाध्यक्ष बनजरिया प्रियंका कुमारी को थाना प्रभारी के पद दिया गया है वे महिला 2019 बैच के है जिनके कार्यशैली, कार्य कुशलता, एवं निरभिक पुलिसिया कार्रवाई में तत्पर है, इनके आने से सीमावर्ती क्षेत्रों के महिला तस्करों में हड़कंप मची हुई है,इस रास्ते से भारी मात्रा में नेपाल से नशीले पदार्थ लाया जाता है जिनपर काबू पाया जा सकता है।



### स्वच्छता से सशक्तिकरण तकः सीपीएस में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की पहल बनी प्रेरणा

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लियो क्लब ऑफ छपरा सारण द्वारा सीपीएस, छपरा में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का हस्तांतरण एवं सफल स्थापना किया गया। यह पहल समाजसेवी शैलेन्द्र सेंगर के सहयोग से संभव हो सकी, जिन्होंने छात्राओं के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किशोरावस्था में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। इस मशीन के माध्यम से छात्राओं को विद्यालय परिसर में ही सहज एवं सम्मानजनक तरीके से सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे। इससे उनकी नियमित उपस्थिति के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा 'संकल्प', लायन डॉ. विक्की आनंद, लायन डॉ. विकास कुमार सिंह, लायन प्रमोद मिश्रा, लायन सौरभ टिबरेवाल एवं लायन अश्विनी परमार मौजूद रहे। साथ ही लियो क्लब के अध्यक्ष विशाल भास्कर, सचिव मोनू कुमार, कोषाध्यक्ष बाबलू कुमार, सदस्य सूरज एवं छोटू भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने इस सराहनीय पहल के लिए लियो क्लब ऑफ छपरा एवं शैलेन्द्र सेंगर के प्रति आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों की अपेक्षा व्यक्त की।




### पीपरा डंपिंग स्थल पर उठे सवाल, पारदर्शिता की मांग तेज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीपरा स्थित कचरा डंपिंग स्थल को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री एवं उप महापौर प्रतिनिधि रमण गुप्ता ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए महापौर से स्पष्ट जवाब की मांग की है। उन्होंने कहा कि महापौर द्वारा हाल में किए गए औचक निरीक्षण की पहल सराहनीय है, लेकिन डंपिंग स्थल की वैधता को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न अब भी अनुत्तरित हैं। आरोप है कि जिस जमीन पर कचरा डंप किया जा रहा है, वह नगर निगम की अधिकृत भूमि नहीं है, जबकि प्रशासन द्वारा आवंटित भूमि अलग बताई जा रही है।रमण गुप्ता ने पूछा है कि यदि भूमि अधिकृत नहीं है, तो वहां कचरा डंप करने का आदेश किस आधार पर दिया गया और नगर निगम के संसाधनों का उपयोग क्यों किया जा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यह मामला निजी लाभ से जुड़ा हो सकता है और इसमें बड़े स्तर पर अनियमितता की संभावना है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करे कि उक्त जमीन किसकी है और वहां कचरा डंपिंग किस वैधानिक आधार पर की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ कचरा प्रबंधन नहीं, बल्कि जनता के संसाधनों और जवाबदेही से जुड़ा गंभीर विषय है।

### भभटा के अग्निपीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु द्रोण एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा भभटा पंचायत के वार्ड संख्या 9 में अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। बीते 5 अप्रैल को हुई अगलगी की घटना से प्रभावित चार परिवारों को ट्रस्ट की ओर से राशन एवं अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया।इस अवसर पर स्थानीय मुखिया नवीन कुमार उर्फ गोरख प्रसाद, समाजसेवी अभिषेक सर्राफ एवं वार्ड सदस्य अनिसुर रहमान मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों व ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि आपदा की घड़ी में जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची मानवता है। राहत वितरण में ट्रस्ट के विनोद कुमार, सोनू कुमार, शेख फकिरुद्दीन और कृष्ण मोहन राय सहित कई लोग शामिल थे। पीड़ित परिवारों व स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रस्ट की इस मानवीय पहल की सराहना की है।

### पुरानी रंजिश में अधेड़ को चाकू मारा, गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर गांव में आपसी रंजिश को लेकर एक अधेड़ व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया।इस घटना में घायल लखन चौधरी को बचाने आए उनके पुत्र और पत्नी को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धुमनगर गाव निवासी हीरालाल चौधरी के रूप में की गई है। मामले में पीड़ित लखन चौधरी ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने हीरालाल चौधरी, विकास चौधरी, विशाल चौधरी सहित पांच लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि जब वह अपने खेत की रखवाली करने गए थे, तभी आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे घेरकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट की और जख्मी कर दिए। इस दौरान गले से सोने की चैन और 10 हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले में एक कि गिरफ्तारी हुई है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मनेर के एक निजी स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम व हास्य व्यंग्य नाटक की प्रस्तुति कर बच्चों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।एपीएस के छोटे छोटे बच्चों ने अपनी नृत्य से लोगों का खूब मनोरंजन किया।देश प्रेमी फिल्म में अमिताभ बच्चन के ऊपर फिल्माए गए ताने दिन तनदना पर जूनियर सतीश ने खूब वाह वाही बटोरी।वहीं स्कूल की छात्र छात्राओं ने एक अनपढ नेता जीत कर विधायक बनता है फिर मंत्री व किस तरह से प्रशासन के अच्छे कार्यों को प्रभावित करता है इसे हास्यव्यंग नाटक अनपढ नेता में बच्चों ने खूब दिखाया।वहीँ इससे पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ. आशा ठाकुर,डॉ. सुप्रिया, स्कूल निदेशक सुभाष सिंह, प्राचार्य ममता शर्मा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कैंसर विशेषज्ञ डॉ. आशा ठाकुर महिलाओ को हो रही कैंसर से बचाव के बारे में विस्तृत रूप से छात्राओं को जानकारियां देते हुए जागरूक किया।वही बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया ने वार्षिकोत्सव में जुटे अभिभावकों को बच्चों में संचार संबंधी समस्याएं बोलने में देरी, शब्द दोहराना, या आवाज का लहजा रोबोट जैसा होने वाली बीमारियों से अवगत करवाया।

CMYK

# ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, बैकलॉग वाली गैस एजेंसियों पर होगी कड़ी निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई**। जिले में पेट्रोलियम पदार्थों एवं रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में ईंधन आपूर्ति प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी बनाना रहा। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिले में संचालित ईंधन आपूर्ति श्रृंखला की गहन समीक्षा करते हुए भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित पाइप्ड नेचुरल गैस से जुड़े प्रतिनिधियों से अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ईंधन आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम उपभोक्ताओं को समय पर सेवाएं मिलना प्राथमिकता है। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से उन गैस एजेंसियों पर नाराजगी जताई जिनका बैकलॉग अत्यधिक है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसी एजेंसियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने पर बल दिया गया। बैठक में आपूर्ति व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वितरण के मौजूदा रुझानों का सूक्ष्म विश्लेषण कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले मानकों को अपनाया जाए, ताकि आपूर्ति प्रक्रिया में तेजी और सुगमता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित अंतराल पर समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश भी दिया, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। इस दौरान जिले में पीएनजी पाइपलाइन विस्तार की प्रगति पर भी गंभीर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पाइपलाइन परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी, जमुई एवं सिकंदरा को निर्देश दिया कि वे पाइपलाइन के रखरखाव, मरम्मत और संचालन को लेकर संबंधित एजेंसियों के साथ सतत संपर्क बनाए रखें। निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी ने प्रखंड स्तर के सभी वरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीनी स्तर पर सक्रिय निगरानी से ही उपभोक्ताओं को समय पर लाभ मिल सकेगा। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत दी कि आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि जिले की आम जनता को रसोई गैस एवं अन्य ईंधन की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम नागरिकों की सुविधा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



## शादी के गहनों के नाम पर साजिश, युवक की हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)**। जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटी की शादी के लिए गहने बनवाने गए एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए आभूषण विक्रेता और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान अनिल सिंह के रूप में हुई है, जो माली थाना क्षेत्र के सत्तर गांव के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, 5 अप्रैल की सुबह वह अपनी मोटरसाइकिल से नबीनगर स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर बेटी की शादी के लिए गहने बनवाने गए थे। मृतक के भाई रंजीत कुमार सिंह द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के मुताबिक, दुकान बंद होने पर उनकी मुलाकात टिंकू पांडेय नामक व्यक्ति से हुई, जिसने बताया कि दुकानदार अपने ससुराल गया है। इसके बाद टिंकू पांडे उन्हें अपने साथ मोटरसाइकिल पर लेकर चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन किया, जिस पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानकारी दी कि बारून थाना क्षेत्र के बरुआ पुल के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारून ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मैरी बहन बालिका विद्यालय में छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जमुई**। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के चंद्रशेखरनगर स्थित मैरी बहन बालिका विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। स्वयंसेवी संस्था परिवार विकास के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय की लगभग 100 आदिवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल छात्राओं के स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति का आकलन करना था, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गिद्धौर से आए चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं की बारीकी से जांच की। इस क्रम में छात्राओं का शारीरिक तापमान, रक्तचाप, एनीमिया सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई। चिकित्सकों ने विशेष रूप से किशोरियों में होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें उचित उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान किशोरी स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं को बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से आयरन की गोलियों का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे एनीमिया जैसी समस्याओं से बचा जा सके। साथ ही, प्रत्येक छह माह में टिटनेस (टीटी) का टीका लेने की भी सलाह दी गई, ताकि विभिन्न संक्रमणों से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, छात्राओं को संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार लेने, हरी सब्जियों एवं फल का सेवन बढ़ाने तथा जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी गई। व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें नियमित रूप से साफ-सफाई रखने, हाथ धोने की आदत अपनाने और स्वच्छ वातावरण में रहने के लिए प्रेरित किया गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने विशेष सावधानियां बरतने की अपील की। उन्होंने छात्राओं को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और हल्के व सूती कपड़े पहनने की सलाह दी, ताकि लू एवं डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचा जा सके। इस अवसर पर गिद्धौर से डॉ. हेत राम मीना, माला कुमारी, सपना मुर्मू सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। वहीं संस्था के सचिव भावनंद, विद्यालय की वार्डेन रूबी कुमारी, अभिषेक आनंद, उपेंद्र यादव तथा विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं अन्य गणमान्य लोगों की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्राओं के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी हो सके और उन्हें एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके।

## मारपीट मामले में शिक्षक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत तेमुड़ा गांव के समीप मारपीट के मामले में पुलिस ने एक निजी कोचिंग संस्थान के संचालक सह शिक्षक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान लट्टा गांव निवासी ओनीश कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के विरोध में शिक्षक के विद्यार्थियों ने पौथू थाना के सामने करीब एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने शिक्षक की रिहाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। हालांकि पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद स्थिति शांत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लट्टा गांव निवासी रमेश साव द्वारा दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि 6 अप्रैल की सुबह करीब 9:30 बजे वे पूर्व विवाद के सिलसिले में थाना जा रहे थे। इसी दौरान तेमुड़ा मोड़ के पास पहले से घात लगाए बैठे विष्णु साव, सुधीर साव एवं ओनीश साव ने उन पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले को लेकर रफीगंज सर्किल इंस्पेक्टर सह प्रभारी पौथू थाना अध्यक्ष विनय कृष्ण ने बताया कि ओनीश कुमार इस मामले में नामजद आरोपी थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों द्वारा बच्चों को बहला-फुसलाकर विरोध प्रदर्शन के लिए उकसाया गया था, लेकिन समझाने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## प्राथमिकता के आधार पर सुलहनीय वादों का हो निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा खनन विभाग एवं वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार एवं सहायक वन संरक्षण पदाधिकारी अरविंद कुमार मौजूद रहें। इस दौरान प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने खनन एवं वन से संबधित लोक अदालत हेतु अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा की। खनन एवं वन विभाग के पदाधिकारियों से वैसे वाद जिनमें सुलहनीय शुल्क पक्षकार के द्वारा विभाग में जमा कर दिये गये हैं या जमा कराने की कार्रवाई करते हुए वादों का निस्तारण हो सकता है उससे संबंधित विवरणी के साथ-साथ वादों की सूची का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आयोजित होने वाले लोक अदालत में संबधित वाद का निस्तारण हेतु गठित पीठ के समक्ष खनन एवं वन विभाग के पदाधिकारी आवश्यक रूप से रहें ताकि विभाग से संबधित वाद के निस्तारण में तेजी से हो सके और किसी तरह की समस्यायें नहीं हो। लोक अदालत के दिन संबधित विभाग के पदाधिकारी अपने साथ सुलहनीय शुल्क संबधित विवरणी आवश्यक रूप से रखें ताकि अगर कोई पक्षकार तत्काल शुल्क जमा कर वाद का निस्तारण कराना चाहें तो लोक अदालत के दिन उनके वाद का निस्तारण सुगमतापूर्वक हो सके। समीक्षा के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल के द्वारा लोक अदालत के दिन उनके वाद के निस्तारण से जुड़ा कोई भी समस्या उत्पन्न होती है तो उसका निराकरण पूर्व में ही कर लेना का निर्देश दिया है ताकि खनन व वन विभाग से संबधित वाद आसानी से लोक अदालत के दिन निष्पादित हो जाए।



## दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। जिले जिले के गरही थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,मंगलवार की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम बोझामत से कुरवा टॉड की ओर एक ऑटो वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब लायी जाई जा रही है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए गरही थाना पुलिस -बल के साथ कार्रवाई के लिए रवाना हुई और ग्राम दरिमा पहुंचकर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। इसी दौरान एक ऑटो वाहन सामने से आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखते ही ऑटो चालक वाहन छोड़कर भागने लगा,जिसे पुलिस बल ने खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को ऑटो के पास लाकर जब वाहन की विधिवत तलाशी ली गई, तो चालक सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 72 बोतलों में कुल 54 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मंतोष कुमार (उम्र करीब 21 वर्ष),पिता केलु मंडल तथा धीरज कुमार (उम्र करीब 22 वर्ष), पिता किशोरी मंडल, दोनों निवासी हॉसडीह, थाना व जिला जमुई के रूप में की गई है। पुलिस ने मौके से ऑटो वाहन को भी जब्त कर लिया है। इस छापेमारी अभियान में गरही थाना के थानाध्यक्ष विपिन चन्द्र पलटा, विश्वमोहन पासवान एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमि की दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## ओबरा में नहीं है कचड़ा प्रसंस्करण की व्यवस्था

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन नारदीगंज में मंगलवार को आयोजित बैठक नोंक झोंक और कोरम के अभाव में स्थगित हो गया। बैठक शुरु होने के पहले नारदीगंज पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भाग दो के सुदामा सिंह उर्फ मनोज कुमार सिंह और प्रमुख पति दिनेश कुमार अकेला के बीच नोंकझोंक शुरु हो गया। मामला राशि आवंटन और योजनाओं को लेकर हुआ। अधिकारियों व पंचायत समिति सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद बाद मामला शांत हुआ। यह बैठक एक बजे से शुरु होना था। लेकिन दो बजे तक उप प्रमुख अमित कुमार समेत अन्य अधिकांश पंचायत समिति सदस्य आयोजित बैठक में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रमुख शोभा भारती,बीडीओ सोनिया ढनढननिया,मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कई पंचायत समिति व जनप्रतिनिधि ही शामिल हुए थे। इधर,उप प्रमुख अमित कुमार ने कहा इस प्रखंड में 11 पंचायत हैं,और 15 पंचायत समिति सदस्य हैं। आरोप है कि प्रखंड प्रमुख शोभा भारती ने अपने कार्यकाल में योजनाओं के वितरण में अनियमितता और राशि का बंदरबांट किया गया है। जो जांच का विषय है। प्रखंड प्रमुख ने अपने चहेते पंचायत समिति सदस्यों को योजना का लाभ दिया है। जबकि अधिकांश पंचायत समिति सदस्यों को योजनाओं का लाभ देने से वंचित कर दिया है। जबकि सरकारी प्राविधान के मुताबिक सभी सदस्यों को योजनाओं का सामान्य रुप से आवंटित करना है। यह बैठक वितीय वर्ष मार्च 2026 तक होना चाहिए था, लेकिन सात अप्रैल 2026 को बैठक रखा गया, जो नियमानुसार नहीं है। इस बाबत बीडीओ ने कहा कोरम के अभाव में पंचायत समिति

## दिल मोहम्मदगंज जाने वाली पुलिया जर्जर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड के पोखराहा पंचायत के दिल मोहम्मदगंज जाने वाली पुलिया जर्जर होने से आम लोगो की परेशानियां बढ़ गई है। यह पुलिया बगईया पोखराहा कैनाल के फेसर-खुदवां पथ से दिल मोहम्मदगंज जाने वाली नहर के ऊपर बनी हुई है। इस पुलिया से दर्जनों गांव के लोग आवागमन करते है। यह पुलिया से दिल मोहम्मदगंज बखारी बघोई समेत कई गांव के ग्रामीण इस पुलिया से आवागमन करते है। यह पुलिया अत्यंत जर्जर होने के साथ पुलिया पर उभरे गड्ढे से लोग परेशान हो रहे है।

## शिक्षकों की कमी और कमरों के अभाव से जूझ रहा मध्य विद्यालय खैरा द्वीप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय खैरा द्वीप में शिक्षकों की भारी कमी और आधारभूत सुविधाओं के अभाव के कारण छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक की पढ़ाई होती है, लेकिन संस्कृत और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में छात्रों को इन विषयों की पढ़ाई से वंचित होना पड़ रहा है। विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या लगभग 180 है, जिनमें से करीब 160 छात्र नियमित रूप से विद्यालय आते हैं, लेकिन शिक्षकों की संख्या प्रधानाध्यापक सहित मात्र सात है। छात्राओं प्रीति कुमारी और ऋचा कुमारी ने बताया कि महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कमरों की संख्या भी केवल पांच है, जिसके कारण कक्षाओं का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। कमरों के अभाव में कई बार संयुक्त (कंबाइंड) कक्षाएं चलानी पड़ती हैं। साथ ही बेंच-डेस्क की कमी के कारण अधिकतर छात्र जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिससे विशेषकर बरसात और ठंड के मौसम में परेशानी और बढ़ जाती है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि 29 जनवरी 2026 को शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के कारण पठन-पाठन का कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय अभिभावकों ने भी जल्द से जल्द शिक्षकों की नियुक्ति एवं अतिरिक्त कमरों के निर्माण की मांग की है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।



## पंचायत समिति की बैठक नोंक झोंक और कोरम के अभाव में स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन नारदीगंज में मंगलवार को आयोजित बैठक नोंक झोंक और कोरम के अभाव में स्थगित हो गया। बैठक शुरु होने के पहले नारदीगंज पंचायत के पंचायत समिति सदस्य भाग दो के सुदामा सिंह उर्फ मनोज कुमार सिंह और प्रमुख पति दिनेश कुमार अकेला के बीच नोंकझोंक शुरु हो गया। मामला राशि आवंटन और योजनाओं को लेकर हुआ। अधिकारियों व पंचायत समिति सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद बाद मामला शांत हुआ। यह बैठक एक बजे से शुरु होना था। लेकिन दो बजे तक उप प्रमुख अमित कुमार समेत अन्य अधिकांश पंचायत समिति सदस्य आयोजित बैठक में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दिया गया। इस बैठक में शामिल होने के लिए प्रमुख शोभा भारती,बीडीओ सोनिया ढनढननिया,मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कई पंचायत समिति व जनप्रतिनिधि ही शामिल हुए थे। इधर, उप प्रमुख अमित कुमार ने कहा इस प्रखंड में 11 पंचायत हैं,और 15 पंचायत समिति सदस्य हैं। आरोप है कि प्रखंड प्रमुख शोभा भारती ने अपने कार्यकाल में योजनाओं के वितरण में अनियमितता और राशि का बंदरबांट किया गया है। जो जांच का विषय है। प्रखंड प्रमुख ने अपने चहेते पंचायत समिति सदस्यों को योजना का लाभ दिया है। जबकि अधिकांश पंचायत समिति सदस्यों को योजनाओं का लाभ देने से वंचित कर दिया है। जबकि सरकारी प्राविधान के मुताबिक सभी सदस्यों को योजनाओं का सामान्य रुप से आवंटित करना है। यह बैठक वितीय वर्ष मार्च 2026 तक होना चाहिए था, लेकिन सात अप्रैल 2026 को बैठक रखा गया, जो नियमानुसार नहीं है। इस बाबत बीडीओ ने कहा कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित की गई है।



## सम्मान समारोह आयोजित कर उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर मैट्रिक एवं इंटर में सफल उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रभारी बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार ने इंटर कला बोर्ड परीक्षा में जिला में तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा मीसा भारती समेत अन्य सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के बावजूद बारून में राशन वितरण सुचारू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)**। ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के बावजूद बारून प्रखंड में जन वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण सुचारू रूप से जारी रहने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पिछले तीन महीनों से राशन मिलने में हो रही परेशानी के बाद अब स्थिति सामान्य होती दिख रही है। फेयर प्राइस डीलर संघ (बी टीम) के अध्यक्ष वृहस्पत सिंह ने बताया कि ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के कारण गोदाम से समय पर अनाज नहीं मिल पा रहा था, जिससे डीलरों को खाद्यान्न की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते उपभोक्ताओं को पिछले तीन माह का राशन मिलने में कठिनाई हो रही थी और हजारों लोग प्रभावित थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन ने पहल की। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरजीत कुमार के सहयोग से मार्च माह के राशन का शत-प्रतिशत उठाव गोदाम से सुनिश्चित किया गया, जिसके बाद जन वितरण विक्रेताओं द्वारा कार्डधारकों के बीच समय पर राशन वितरण किया गया।

हड़ताल के बावजूद वितरण व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ग्रामीणों प्रदीप यादव (नरारी खुर्द), उमेश यादव, गुड्डू यादव (किस्मत कर्मा), कैल पासवान, जदुनी पासवान (बागी), कमला पासवान, मदन पासवान, विनोद पासवान, अशोक पासवान (सदुरी) ने प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें समय पर राशन मिल गया है। राशन उपलब्ध होते ही डीलरों द्वारा सूचना दी गई और सभी ने अपने-अपने कार्ड के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त किया। ज्ञात हो कि ट्रक यूनियनों की हड़ताल के कारण आपूर्ति श्रृंखला अक्सर प्रभावित होती है, जिससे राशन वितरण में बाधा उत्पन्न होती है। हालांकि इस बार प्रशासन की सूझबूझ और तत्परता से हड़ताल का असर बारून क्षेत्र में नहीं पड़ा और व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

## अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु दिया गया स्टडी किट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार सरकार युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा नियोजन सेवा के विस्तार योजना के तहत जिला नियोजनालय, नालंदा के तत्वाधान में 111 अभ्यर्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट प्रदान की गई। जिसमें से यूपीएससी के - 06, बीपीएससी के -37, बिहार एसआई एवं बिहार पुलिस के 09, बीएसएससी के 33, रेलवे एवं एसएससी के 19 अभ्यर्थियों को स्टडी किट का वितरण किया गया। अब तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 162 स्टडी किट का वितरण किया जा चुका है। टूल किट के लाभुकों को टूल किट का वितरण अगले सप्ताह में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस योजना हेतु वर्ष 2026-27 हेतु भी फार्म जमा लिए जा रहे हैं, जिसके लाभ हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के पास जिला नियोजनालय नालंदा से न्यूनतम छह माह पूर्व का निबंधन होना आवश्यक है, तथा उनकी वार्षिक आय तीन लाख रूपये से कम होना चाहिए। इन योजनाओं का लाभ ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता देते हुए 18-40 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थी को स्टडी किट एवं टूल किट में से केवल एक का लाभ मिलेगा तथा पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी पुनः इस योजना के पात्र नहीं होंगे। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय का दूरभाष सं0 06112359276 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।



## अलग-अलग छापेमारी में चार लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि भगवानपुर से वारंटी देवनंदन यादव एवं रघुनंदन यादव को गिरफ्तार किया गया है। अमरपुर से टुनटुन चौहान को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह राजेबीघा गांव से मच्छर यादव उर्फ अजय कुमार को एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य समारोह 19 अप्रैल को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में आगामी अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) को औरंगाबाद के सम्राट अशोक भवन में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समिति के आयोजक मंडल विकास काली एवं अनूप मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले भर से श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मृत्युंजय कुमार झा (अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड) एवं काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक सह शाहपुर विधायक राकेश ओझा उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश एवं जिले के कई प्रमुख नेता और गणमान्य लोग भी समारोह में भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता रामानुज पांडेय (अध्यक्ष, चाणक्य परिषद एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष) ने की, जबकि संचालन साहित्यकार धनंजय जयपुरी ने किया। बैठक में आयोजन को सफल बनाने हेतु विस्तृत रूपरेखा तय की गई। अध्यक्ष रामानुज पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम का अवतार धर्म की स्थापना और अत्याचार के अंत के लिए हुआ था। वे वेद एवं शस्त्र-शास्त्र के महान ज्ञाता और गुरु माने जाते हैं, जिन्होंने विभिन्न युगों में धर्म की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर देव प्रखंड प्रमुख मनीष राज पाठक ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों अशोक पांडेय, योगेश मिश्रा, अमरेंद्र पांडेय, प्रिंस दूबे, उज्ज्वल रंजन, आशुतोष पाठक, विनय, प्रमोद रंजन, हरि पांडेय, दीपक ओझा, विभांशु मिश्रा, रौशन पाठक, रुद्र तिवारी, अक्षय गिरी, रौशन मिश्रा, बंटू दुबे सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया।



# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 'वाक फॉर द हेल्थ' कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर वाक फॉर द हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य, आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर ए के राय, सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष डॉ नलनी रंजन सिंह, जिले के सभी वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सक बुद्धीजीवी ने ट्रैफिक चौक से पैदल मार्च करते हुए कचहरी चौक नगर थाना चौक काली स्थान चौक होते हुए प्रमिला चौक स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भवन में पैदल मार्च का समापन किया। तत्पश्चात वहां उपस्थित आमजनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर खुद को स्वस्थ रखने के लिए पैदल चलने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर बेगूसराय जिले के डीएम ने कहा कि वाक फॉर द हेल्थ का आयोजन करने के लिए मैं आईएमए के अध्यक्ष डॉ ए के राय, सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह एवं जिले के सभी चिकित्सकों को धन्यवाद देता हूं कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी ने आमलोगों को यह बताया है कि स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए हमें अपने दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर पैदल भी चलना पड़ेगा उन्होंने कहा कि पैदल चलने से कई बीमारियों से हम बच सकते हैं और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। वहीं इस अवसर पर सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आज के समय में व्यस्त जीवनशैली, गलत खान-पान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में चलना और दौड़ना सबसे सरल, सस्ते और प्रभावी व्यायाम हैं, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं। विश्वजिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने कहा कि आईएमए के द्वारा वॉक पर द हेल्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे हम सभी ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित कई गंभीर बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं और आईएमए के द्वारा यह जागरूकता प्रयास आम लोगों के हित में किया गया है जिसके लिए मैं आई एम ए की पूरी टीम को धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार आई एम ए के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करता है। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर ए के राय ने कहा कि मैं और मेरे साथ कई बुजुर्ग चिकित्सा उम्र की इस पराव पर भी पैदल यात्रा करके आम लोगों को यह बताना चाहता हूं कि केवल दवा खाकर ही हम स्वस्थ नहीं रह सकते स्वस्थ रहने के लिए हमें कुछ नियमों का पालन करना पड़ेगा जिसमें से पहले नियम सुबह उठकर कुछ देर पैदल चलना भी है साथ ही साथ स्वास्थ्य के अनुकूल भोजन का सेवन करें योग करें व्यायाम करें इससे हम स्वस्थ रह सकते हैं। मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा डॉक्टर के के सिंह डॉक्टर रामप्रवेश प्रसाद सिंह डॉ रामाश्रय सिंह आईएमए के अध्यक्ष वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ए के राय वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शशी भूषण डा रामरेखा डा रामजतन सिंह डॉ रामाश्रय सिंह डॉक्टर नलनी रंजन सिंह डॉक्टर के के सिंह डाक्टर रामप्रवेश प्रसाद डॉक्टर वी के झा डा अभिलाषा डॉक्टर दीपक कुमार डॉ ललन कुमार डॉक्टर रोशन कुमार इएनटी डॉ रोशन कुमार फिजिशियन संयुक्त सचिव डॉक्टर डॉ अमोद कुमार डॉक्टर संजय कुमार स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंजू चौधरी डॉक्टर मृणालिनी डॉक्टर सपना भारती डॉक्टर अनुकंपा डॉक्टर गीता डा हीरा कुमार डॉक्टर आदित्य अशोक डाक्टर रूपक सभी ने अपने विचार रखे और आम लोगों को स्वस्थ करें प्रति जागरूक रहने की अपील की मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के और से शैलेश कुमार उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीआईजी के जाम में फंसने पर पुलिस ने सड़क से हटवाया सिलेंडर

**जमालपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गैस आपूर्ति को लेकर सिलेंडर के साथ सड़क पर आक्रोश व्यक्त कर रहे उपभोक्ता से जहां अल्बर्ट रोड थोड़ी देर के लिए जाम रहा जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़। वहीं दूसरी ओर ईस्ट कॉलोनी से मुंगेर जा रहे डीआईजी के काफिले को भी थोड़ी देर जाम क्लियर करवाने को लेकर रुकना पड़ा। सड़क पर डीआईजी के गाड़ी रुकने के बाद ईस्ट कलोनी पुलिस जब तक हरकत में आती तब तक डीआईजी के बॉडीगार्ड गाड़ी से उतरकर स्वयं सड़क पर रखे गए सिलेंडर को हटाकर डीआईजी के गाड़ी को आगे बढ़ाया।

### सड़क जाम मामले में दो पर कार्रवाई

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ईस्ट कालोनी थाना क्षेत्र के अल्बर्ट रोड स्थित शिव पर्वती गैस एजेंसी में गैस कालाबाजारी को लेकर सड़क पर उतरे उपभोक्ता पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। कार्रवाई के तहत दो को हिरासत में लिया गया था। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह विधि व्यवस्था को भंग करने एवं सड़क जामकर आवागमन प्रभावित मामले में दो पर कार्रवाई की जा रही है। इधर पुलिस के इस कार्रवाई से गैस उपभोक्ता में खास नाराजगी एवं आक्रोश देखा जा रहा है।

### ट्रेनों का विलंब से हो रहा परिचालन

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमालपुर स्टेशन पर ट्रेनों का विलंब से परिचालन जारी होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। दुमका पटना एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे विलम से परिचालन हुआ। वही गरीब रथ, कामाख्या गया, फरक्का एक्सप्रेस, पटना मालदा, हावड़ा जयनगर जैसे कई महत्वपूर्ण ट्रेन अपने निर्धारित समय से 30 मिनट से डेढ़ घंटा विलम से परिचालन हुआ।

### पटरी मेंटेनेंस का कार्य जारी

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेल परिचालन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर जमालपुर एवं भागलपुर रेल खंड पर पटरी मेंटेनेंस कार्य तेजी से जारी है। रेलवे बड़ी पुल के नीचे ट्रैक मेंटेनेंस सरकारी को सावधानी पूर्वक करते कर्मचारी देखे गए। इधर मेंटेनेंस कार्य से परिचालन प्रभावित न हो इसको लेकर कई तरह की सावधानी पूर्वक कार्य करते कर्मचारी देखे गए।

### दिवंगत मंत्री की पुण्यतिथि कल

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के दिवंगत मंत्री उपेंद्र प्रसाद वर्मा का छठी पुण्यतिथि सादा समारोह आयोजित कर जमालपुर में मनाई जाएगी। समर्थक प्रभाकर चौरसिया ने बताया कि दिवंगत मंत्री अपने कार्यकाल में जमालपुर विधानसभा में जो विकास की लंबी लकीर खींची थी वह आज भी अजय अमर है। उनकी पुण्यतिथि को मना कर हम अपने नेता को याद कर उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे।

### चार कृषि साख सहयोग समिति में होगा चुनाव

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के चार कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) में होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद, कार्यकारिणी सदस्यों ने नाजिर रसीद कटाना शुरू कर दिया है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि पहसारा पश्चिमी, पहसारा पूर्वी, विष्णुपुर तथा समसा पैक्स के अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। 8 अप्रैल एवं 9 अप्रैल को अभ्यर्थियों के द्वारा नामजदगी का पर्चा दाखिल किया जाएगा। 10 अप्रैल एवं 11 अप्रैल को दाखिल नामजदगी के पर्चे की संवीक्षा की जाएगी। 13 अप्रैल को नाम वापसी के बाद शेष अभ्यर्थियों को प्रतीक चिह्न आवंटित किया जाएगा। 20 अप्रैल को मतदान तथा मतदान के उपरांत उसी दिन मतगणना की जाएगी और विजय की घोषणा की जाएगी। 22 अप्रैल को विजयी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

# माउंट लिट्रा स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** मंगलवार को माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ शीतल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता और सही खान-पान को अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से व्यायाम करने और जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। वहीं डॉ मनीष देवा ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे, तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को समय पर भोजन करने, पर्याप्त नींद लेने और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि सभी छात्र-छात्राएँ अपने जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाकर एक बेहतर और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# स्कूली बच्चों के बीच बांटी गईं पाठ्य सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नये शैक्षणिक सत्र के आरंभ होते ही प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तक एवं अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। प्राथमिक विद्यालय नाथबागर, इसफा, अनुसूचित बागर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर, चकमुजफ्फर, चक्का, प्राथमिक विद्यालय इनैया, वृन्दावन, टेकनपुरा, शेखपुरा, नवसृजित रजाकपुर, डुमरिया, मध्य विद्यालय रजाकपुर, छतौना, डफरपुर पूर्वी एवं पश्चिमी, महेशवाड़ा, पहसारा वभनगामा सहित कई विद्यालयों में योजनाबद्ध तरीके से पुस्तक वितरण कार्य संपन्न कराया गया। प्रधानाध्यापकों ने बताया कि वार्षिक मूल्यांकन में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को उनकी कक्षा के अनुरूप पाठ्य पुस्तकें एवं अभ्यास पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि सत्र की शुरुआत में ही किताबें मिलने से बच्चों को पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और वे शुरू से ही पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी कर सकेंगे। विद्यालयों में पुस्तक वितरण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने, समय पर होमवर्क करने तथा पुस्तकों की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी बताया गया कि किताबें बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं, इसलिए उनका सही उपयोग बेहद जरूरी है। पुस्तक वितरण के साथ ही सभी विद्यालयों में पढ़ाई-लिखाई का कार्य भी सुचारू रूप से शुरू कर दिया गया है। शिक्षकों द्वारा कक्षा संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे शैक्षणिक माहौल फिर से जीवंत हो उठा है और छात्र पूरे उत्साह के साथ अपने भविष्य को संवारने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# नशीले पदार्थ के साथ युवक धराया

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को व्यवहार न्यायालय के मुख्य द्वार पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एक युवक को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खम्मार गांव निवासी लखन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह हाल ही में आर्म्स एक्ट के एक मामले में लगभग नौ महीने तक जेल में रहने के बाद एक सप्ताह पूर्व ही रिहा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार उसका भाई पीयूष कुमार उर्फ गोलू पिछले करीब एक वर्ष से जेल में बंद है और मंगलवार को उसकी न्यायालय में पेशी थी। इसी सिलसिले में लखन कुमार कोर्ट परिसर पहुंचा था। न्यायालय गेट पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी आने-जाने वालों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को लखन कुमार की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से निट्ज़ासेन की गोलियां, रेक्सकॉफ डीएक्स कफ सिरप, भांग सहित अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए। घटना के बाद नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाना भेज दिया, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में सदर डीएसपी आनंद कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# जमालपुर में गैस आपूर्ति को लेकर महिला उपभोक्ता उतरीं सड़क पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर में गैस आपूर्ति मामले में हो रहे कालाबाजारी के खिलाफ जनता जनप्रतिनिधि के साथ उपभोक्ता गोलबंद हो रहे हैं। मंगलवार को गैस आपूर्ति नहीं होने एवं शिव पर्वती गैस एजेंसी के मनमानी पूर्ण रवैया के खिलाफ महिला पुरुष उपभोक्ता सिलेंडर लेकर सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा किया। गैस आपूर्ति को लेकर हो रहे हंगामा की सूचना जैसे ही ईस्ट कलोनी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंच कर मामले को शांत करने को लेकर उपभोक्ता का आक्रोश का शिकार पुलिस को भी होना पड़ा। एजेंसी के बाहर सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपभोक्ता का एक ही कहना था कि हम लोग नंबर लगाने के बाद भी गैस नहीं मिलता लेकिन होटल रेस्टोरेंट चाय नाश्ता के दुकान में गैस कैसे उपलब्ध हो जाता है। शिव पर्वती गैस एजेंसी में ही गैस की कीमत क्यों है और किसी एजेंसी में ऐसा क्यों नहीं होता है। एजेंसी मालिक एवं के मैनेजर कर्मचारी गैस की कालाबाजारी करके उपभोक्ता को परेशान करने में लगे हैं। इधर एजेंसी में लगभग 1 घंटे तक महिलाओं एवं पुरुष उपभोक्ता के आक्रोश को शांत करने के दिशा में ईस्ट कलोनी सकारात्मक पहल किया जिसका नतीजा निकला की गैस एजेंसी को तुरंत खुलवाया गया। इधर गैस को लेकर आक्रोशित उपभोक्ता ने इसकी शिकायत सदर एसडीओ को फोन लगाकर करना चाहा तो उन्होंने फोन को रिसीव नहीं किया। इसके बाद उपभोक्ता ने जिलाधिकारी इस दिशा में पहल की मांग किया है। जबकि जिलाधिकारी निखिल धनराज ने गैस आपूर्ति मामले को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में कार्रवाई करने की बात कही है।

# 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन' विषय पर प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विषय 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन' है। सात दिवसीय युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पटना द्वारा प्रायोजित है। प्रशिक्षण का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं के लिए किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 200 प्रशिक्षुओं जिसमें मुंगेर एवं खगड़िया जिले से 100 एसडीआरएफ प्रशिक्षित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र का औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, विश्वविद्यालय के कुलगीत और राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के साथ हुआ। आगंतुक अतिथियों का स्वागत शॉल, बाल वृक्ष और मोमेंटो प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में ट्रेनिंग माड्यूल का अनावरण किया गया। उद्घाटन सत्र में सबसे पहले प्रशिक्षण का विषय प्रवेश कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार ने समाज में एनएसएस की भूमिका का वर्णन किया। युवाओं को सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक किया। विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्र ने विश्वविद्यालय में एक्स्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटीज में छात्रों की सहभागिता में संवर्धन की चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में समाज में वैचारिक आपदा पर अपना दर्शन प्रकट किया। इसके अलावा विश्वविद्यालय में एनएसएस को जीवंत करने के लिए एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने युवाओं को संबोधन करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार सरकार की रोजगारोन्मुखी है। उन्होंने इस कार्यक्रम के प्रायोजक बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मो वारिस खान आईएएस के प्रति आभार प्रकट किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार ने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान कहा कि एनईपी-2020 के अंतर्गत चार वर्षीय यूजी सीबीसीएस में एईसी-3 में आपदा जोखिम प्रबंधन पाठ्यक्रम के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय में लागू है। वैश्विक समकालीन समय में आपदा प्रबंधन अधिक प्रासंगिक हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत थ्योरी और प्रैक्टिकल में समन्वय स्थापित होगा। इस प्रशिक्षण के बाद छात्र-छात्राओं में आपदा प्रबंधन के कौशल का विकास होगा। मंच संचालन डॉ चंदन कुमार ने किया।

# बंदी दरबार का आयोजन कर कैदियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** मंडल कारा मुंगेर में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में बंदी दरबार सह डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय मत्स्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जेल अधीक्षक किरण निधि, जिला मत्स्य पदाधिकारी मनीष रस्तोगी सहित अन्य उपस्थित थे। डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज का यह प्रशिक्षण आप सबों के लिए अत्यंत ही प्रभावशाली सिद्ध होगा। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर आप सभी इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। अपराध की दुनिया का परित्याग कर आप सभी समाज की मुख्य धारा से जुड़ें तथा इस प्रशिक्षण का हर हाल में लाभ उठाएं। मत्स्य पालन एक ऐसा रोजगार है, जिसमें आपको कम लागत में अधिक लाभ का फायदा मिल सकता है, जिसे कैश क्रॉप भी कहते हैं। जब भी आपको पैसे की जरूरत हो, अपने तालाब की मछली बेचिये और तत्काल पैसे कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध की दुनिया दलदल के समान है। इस लिए अपराध की दुनिया से खुद को विमुक्त करें तथा समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर न सिर्फ अपना बल्कि अपने परिवार को भी एक नया भविष्य प्रदान करें। उन्होंने जेल अधीक्षक से कहा कि इस तरह के गुणकारी प्रशिक्षण का आयोजन और भी विभाग से संपर्क कर करा सकते हैं, ताकि बंदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा उसका लाभ मिल सके। जेल में रहने वाले दिव्यांग बंदियों को देख उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस सप्ताह दिव्यांग मेडिकल कैम्प लगाने के निदेश दिए। कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा बंदियों द्वारा बनाए गए आर्ट एंड क्राफ्ट साइट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों द्वारा बनाए गए अद्भुत कलाकारी की सराहना करते हुए उन्हें इस तरह के कार्य में निपुण कराने हेतु प्रशिक्षण दिलाने की भी बात कही। बंदियों द्वारा वेस्टेज सामग्रियों से अयोध्या राम मंदिर की आकृति, कुतुब मीनार, मंडल कारा की आकृति, टेबल लैम्प सहित अन्य कलाकृति बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बंदियों को इस तरह के क्राफ्ट बनाने हेतु और भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आप सभी बंदियों को यदि कोई समस्या हो तो सीधे बताएं, उसका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में निःशुल्क की गई आंखों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमालपुर (मुंगेर)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नयागांव जमालपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में लायंस क्लब ऑफ जमालपुर आदर्श के तत्वाधान में आंखों की जांच को लेकर शिविर लगाया गया। शिविर में वर्ग तीसरी से वर्ग दसवीं तक के 106 छात्र एवं छात्राओं के आंखों की जांच की गई। जिसमें 44 विद्यार्थियों के नेत्र में दोष पाया गया। अब इन सभी विद्यार्थियों के आंखों के दोषों का संपूर्ण कंप्यूटराइज्ड चेकअप इसी सप्ताह में जिला के नेत्र चिकित्सक डॉ सुभाष बल्लभ विजेता के द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। लायंस क्लब के चेयरपर्सन लायंस रतन घोष एवं डॉ सुमन रजा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना और विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना है। मौके पर सचिव लायंस मधु सिंह, पूर्व सचिव लायंस सुमन रजा, कोषाध्यक्ष लायंस सोनी रजा, लायंस अंशु मिश्रा, साईं शंकर, अमित कुमार, सोहन सिंह, राहुल जयकर, मनीष मधुकर, सरस्वती विद्या मंदिर के प्राचार्य राजेश कुमार, आचार्या रिंकी कुमारी, आचार्य राजीव कुमार रंजन, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा एवं सचिव दिलीप पासवान आदि उपस्थित थे।

# भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ

## सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहने वाले लोगों तक पहुंचना भाजपा का लक्ष्य : जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भाजपा चली गांव की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ मेहदौली पंचायत के भरडीहा में मंगलवार को हुई। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने गांव में पहुंचकर आम लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का मुख्य लक्ष्य गांव के उन लोगों तक पहुंचना है। जो अब तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय समेत सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक हर हाल में पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य विभाग के मंत्री सुरेंद्र मेहता, जिला महामंत्री कुंदन भारती, मंडल अध्यक्ष हेमंत चौधरी और भाजपा नेता निरंजन कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है और बिहार में भी विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर युवा, किसान, मजदूर, महिलाओं और बुजुर्गों से बात करें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।मंत्री ने बताया कि सरकार पशुपालन और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी और मछली पालन पर सब्सिडी दे रही है, जिससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। सरकार गरीब गुरबा के हित में कार्य कर रही है। सभी कार्यकर्ता इनलोगों के लिए खड़ा रहें। सरकार आपके लिए खड़ा रहेगा।

### एनएसएस शिविर में नारी साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम

**बरौनी।** एपीएसएम कॉलेज बरौनी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन नारी साक्षरता विषय पर परिचर्चा किया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर रामागर सर के कुशल नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण एवं साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया। जिन्होंने जुलूस को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया। यह जुलूस महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर राजवाड़ा होते हुए हाजीपुर असुरारी गाँव तक पहुँचा और पुनः वापस महाविद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुआ। नारों के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया गया कि नारी की शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नारी शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को इस दिशा में प्रेरित करना था। इस जुलूस में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें वैभव, अवनीप्रया, अर्पिता, निधि, मीनाक्षी, आशीष, लक्ष्मी, शालिनी, अमीषा, खुशी, गुड़िया, निशा, खुशी मिश्रा, अस्तुति, निधि झा, विक्की, सचिन, सुमन, विकास सहित अनेक छात्र-छात्राएँ शामिल थे। कार्यक्रम ने न केवल स्वयंसेवकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया, बल्कि समाज में नारी साक्षरता और सशक्तिकरण के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया। यह आयोजन निश्चित रूप से एक सशक्त और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एआई और डिजिटल परिवर्तन पर मंथन

## उच्च शिक्षा में तकनीकी बदलाव पर संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शाहपुर।** श्रीत्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय शाहपुर में यूनिसेफ बिहार एवं इंडियन चैंबर आफ कामर्स बिहार राज्य परिषद के सहयोग से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बहुविषयी सम्मेलन का भव्य शुभारंभ मंगलवार को हुआ। सम्मेलन का विषय बिहार में उच्च शिक्षा का कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल परिवर्तन, चुनौतियां, अवसर एवं नीतिगत निहितार्थ रखा गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. डा. गुलाब फलाहारी ने स्वागत भाषण में कहा कि यह सम्मेलन उच्च शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो अकादमिक वातावरण को नई दिशा देगा। इस दौरान अतिथियों का सम्मान एवं स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों को तकनीकी नवाचार अपनाने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल नामित सदस्य संतोष तिवारी ने शिक्षा में नीतिगत हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करते हुए एआई को भविष्य की शिक्षा का आधार बताया। कुलसचिव डा. रामकृष्ण ठाकुर ने विश्वविद्यालय प्रशासन में डिजिटल प्रणाली के उपयोग से कार्यकुशलता बढ़ने की बात कही। वहीं पूर्व कुलसचिव प्रो. रणविजय कुमार सिंह ने प्रशासनिक सुधारों में डिजिटल परिवर्तन की भूमिका को अहम बताया। सीसीडीसी प्रो. अनुज रजक ने महाविद्यालयों में डिजिटल संसाधनों के विस्तार पर बल दिया। प्राक्टर प्रो. लाल बाबू सिंह ने तकनीक के साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों के संतुलन की आवश्यकता बताई। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश राय ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय पर जोर दिया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अवध बिहारी सिंह ने डिजिटल विभाजन की समस्या उठाते हुए समावेशी नीतियों की आवश्यकता बताई। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. लतिका वर्मा ने एआई के मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर चर्चा की। एमएम महिला कालेज आरा के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र प्रताप पालित ने महिला शिक्षा में डिजिटल अवसरों के विस्तार पर बल दिया। एसपी जैन कालेज सासाराम के प्राचार्य प्रो. नवीन कुमार ने शिक्षा में नवाचार और कौशल विकास को जरूरी बताया।

# एनटीपीसी कहलगांव में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भागलपुर।** जिले के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना के जीवन ज्योति अस्पताल में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित दो प्रमुख कार्यक्रमों में कहलगांव एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अस्पताल कर्मियों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने तथा समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।इधर इस परियोजना के आवासीय परिसर में प्रातःकालीन वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल, एजीएम मनोरंजन सारंगी, सीएमओ डॉ. सुष्मिता सिंह सहित अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मचारी उत्साह के साथ शामिल हुए। इसके आलावे सीआईएसएफ के जवानों की भी सक्रिय सहभागिता रही। परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल ने नियमित वॉकिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक शारीरिक गतिविधि अत्यंत आवश्यक है। आज के भाग-दौड़ में फिट एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाना आवश्यक हो गया है। सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह ने स्वस्थ जीवन के लिए वॉकिग को आवश्यक बताते हुए सभी को अपनाने की अपील की। वहीं दूसरी ओर जीवन ज्योति अस्पताल के द्वारा निकट के एकचारी गांव के दलित बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जयेंद्र एवं डॉ. सागर और चिकित्सा टीम ने करीब तीन सौ लोगों का चेकअप किया। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाइयां भी मुहैय्या कराई गईं।

# भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुन भाव विभोर हुए भक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चरपोखरी।** प्रखण्ड अन्तर्गत सोनबरसा गॉव स्थित तोताद्री मठ के लक्ष्मी नारायण मंदिर में वैकुंठ वासी श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के 38 वें पुण्यतिथि के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ अनवरत जारी है। इस अवसर पर व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी दयानन्द शास्त्री के मुखारविंद से कृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुन हर श्रोता भावविभोर हो गए। स्वामी जी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म बेला का अत्यन्त भावपूर्ण भाषा में वर्णन करते हुए बताया कि किस तरह से दुष्ट कंस के द्वारा उनके पिता औऱ माता को जेल में यातनाएं दी जाती थी लेकिन उनके जन्म के समय चमत्कार हुआ और भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ। इस दौरान पूज्य श्री स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने पुष्प वर्षा के बीच गाजे बाजे के साथ कान्हा के आगमन का स्वागत किया। कृष्ण जन्म के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज ने कहा कि जब समाज में कंस रुपी अधर्म अत्याचार और अहंकार अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच जाता है तब ईश्वर का अवतार होता है। उन्होंने बताया कि जैसे ही कृष्ण का जन्म हुआ कारागार के दरवाजे स्वतः खुल गए और पहरेदार सो गए। यह इस बात का प्रतीक है कि जब हृदय में परमात्मा का प्राकट्य होता है तो मोह माया के बंधन स्वतः कट जाते हैं। भगवान का आधी रात को प्रकट होना दर्शाता है कि घोर अज्ञान के अंधकार में भी ज्ञान की एक किरण पूरे संसार को अलौकिक कर सकती है। कथा के दौरान महाराज श्री ने मनुष्य जीवन की सार्थकता पर विशेष विस्तार से चर्चा की उन्होंने कहा कि केवल सांस लेना जीवन नहीं बल्कि बोध के साथ जीना ही वास्तविक जीवन है।

# 250 लीटर देसी शराब बरामद

## चांदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई

### दो मोटरसाइकिलें जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चाँदी थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने खनगांव गांव के समीप सोन नदी के किनारे बांध रास्ते से 250 लीटर देशी शराब बरामद की है। हालांकि, मौके का फायदा उठाकर शराब कारोबारी फरार हो गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर अवैध देशी शराब को बिक्री के उद्देश्य से लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खनगांव के पास घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान आठ बोरे में बंद करीब 250 लीटर देशी शराब बरामद की गई। दो मोटरसाइकिल भी जब्त कर थाना लाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही कारोबारी अंधेरे और सुनसान इलाके का फायदा उठाकर फरार हो गया। फिलहाल उसकी पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा, शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। किसी भी कीमत पर इस अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। बहुत जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस मामले में पुलिस ने तीन नामजद अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोन नदी के किनारे और दियारा क्षेत्रों में अवैध शराब की तस्करी लंबे समय से सक्रिय रही है। ऐसे में पुलिस अब इन इलाकों में लगातार गश्त और सघन छापेमारी अभियान चला रही है, जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# सड़क सुरक्षा को बनाया जाए राष्ट्रीय आंदोलन

### देहरादून में विश्व स्वास्थ्य दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**देहरादून।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर देहरादून के संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन और मैटरनिटी सेंटर में स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और जन-जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश बंसल, सांसद, पद्मश्री कन्हैया लाल पोखरियाल, साहित्यकार, डॉ. एस. एन. सिंह, ऑर्थोपीडिक सर्जन, पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय, प्रसिद्ध ऑर्थोपीडिक सर्जन, और डॉ. गौरव संजय, ऑर्थोपीडिक सर्जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष एम्स गुवाहाटी के पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 1.5 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़क सुरक्षा को राष्ट्रीय आंदोलन बनाया जाए, इसे शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए और एम्स संस्थानों को रोड सेफ्टी नॉलेज सेंटर के रूप में विकसित किया जाए। मुख्य अतिथि सुबोध उनियाल ने उत्तराखंड सरकार की दो नई नीतियों की घोषणा की: विशेषज्ञ डॉक्टर पहाड़ी क्षेत्रों में छह महीने के रोटेशन पर सेवाएं देंगे और उनके परिवार के लिए देहरादून और हल्द्वानी में आवासीय सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। विशिष्ट अतिथि नरेश बंसल ने कहा कि नियमों का पालन न होने के कारण दुर्घटनाएं जारी हैं और कहा, केवल स्वस्थ पीढ़ी ही विकसित भारत का सपना साकार कर सकती है। पद्मश्री कन्हैया लाल पोखरियाल ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। डॉ. एस. एन. सिंह ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। डॉ. गौरव संजय ने 'वन हेल्थ' अवधारणा समझाते हुए मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के आपसी संबंध और स्वच्छ वायु, सुरक्षित जल, पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पद्मश्री कल्याण सिंहरावत ने कहा कि सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय श्री योगेश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक समाज बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज, नामांकन आज से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** जिला पदाधिकारी बांका के आदेश एवं सहकारिता विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में जिले में पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में चांदन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी वारणे पैक्स के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो चुकी गई। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ अंजेश कुमार एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ओंकार कुमार ने बताया कि नामांकन आगामी 8 अप्रैल व 9 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 11 व 12 अप्रैल को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, जबकि 13 अप्रैल को नामांकन वापसी के साथ अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न (प्रतिक) आवंटित किया जाएगा। मतदान आगामी 20 अप्रैल को प्रातः काल 7 बजे से दोपहर 4:30 बजे तक कराया जाएगा, वहीं उसी दिन प्रखंड परिसर स्थित ट्रायसम भवन में मतगणना व परिणाम घोषित किये जाएंगे। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ओंकार कुमार ने बताया कि नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के लिए कुल 20 एन आर (नामांकन रसीद) कटाए गए। साथ ही उन्होंने बताया कि एक पैक्स में अध्यक्ष सहित कुल 12 सदस्यों का चुनाव होना है। प्रशासन द्वारा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीडीओ अंजेश कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही संभावित प्रत्याशियों के बीच हलचल तेज हो गई है। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष हेमराज यादव एवं पूर्व पैक्स सह व्यापार मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु बरनवाल सहित अन्य दावेदार मतदाताओं, खासकर किसानों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जनसंपर्क अभियान करने में जुट गए हैं। इसी बीच दूसरी और कुछ किसानों में मतदाता सूची से नाम गायब होने को लेकर आक्रोश भी देखा जा है। मंझली गांव के मतदाता कैशव यादव मपिता- यमुना यादव ने बताया कि वे चांदवारी पैक्स समिति के सदस्य रहे हैं तथा 11 की रसीद के आधार पर दक्षिणी बार्ने पैक्स से जुड़े थे। उन्होंने वर्ष 2014 के पैक्स चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग भी किया था, बावजूद इसके इस बार उनका नाम मतदाता सूची से गायब कर दिया गया है। इस संबंध में उन्होंने चांदन बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी अंजेश कुमार को अवगत कराया गया है। इस पर बीडीओ अंजेश कुमार ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की निर्धारित समय अवधि समाप्त हो चुकी है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि पैक्स चुनाव संपन्न होने के बाद नियमानुसार नाम जोड़ दिया जाएगा।

# सक्षम वर्ग के लोग भी शिक्षा के विकास में दें योगदान : डा. भवेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**छपरा।** प्रसिद्ध शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य स्व डॉ. जय किशोर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर बलदेव सिंह उच्च विद्यालय त्रिलोकचक में एक वार्षिक स्कॉलरशिप योजना की शुरुआत की गई। यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर मेधावी छात्रा दिशा कुमारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन (बिहार बोर्ड 12वीं में 90 प्रतिशत अंक एवं विद्यालय टॉपर) के लिए पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि यह पहल केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि उन छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। उन्होंने समाज के सक्षम वर्ग से ऐसी पहल को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. सिंह की धर्मपत्नी मीरा सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि ह्लकोई भी बेटी केवल अभाव के कारण अपनी पढ़ाई न छोड़े। इस अवसर पर उनके परिवार की ओर से ईश मेला स्थित काली मंदिर के लंबित निर्माण कार्य हेतु एक लाख रुपये का दान भी दिया गया। मंदिर निर्माण समिति में मुखिया गुड्डेश्वर सिंह, चंदन सिंह, लड्डू कुमार, अंगद कुमार, देवांशु कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में सहयोग मिलेगा और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। स्व डॉ. सिंह के पुत्र नंदन सिंह ने कहा कि वे अपने पिता के अधूरे कार्यों और उनके शैक्षणिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी विद्यालय का छात्र होने के नाते यह पहल उनके लिए भावनात्मक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डॉ. सिंह के तीनों पुत्रों एवं उनके पौत्र सत्यार्थ भी उपस्थित थे।

# भाजपा में युवाओं को मिलता है नेतृत्व का अवसर : ऋषभ राज सिंह

## युवा नेता ऋषभ ने राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा (भोजपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता ऋषभ राज सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा से उनके आवास पर शिष्टाचार एवं आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों युवा नेताओं के बीच कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान ऋषभ राज सिंह ने संगठन में युवाओं की भूमिका को और सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक मंच है, जहां युवाओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं, जिसे और गति देने की आवश्यकता है। वहीं ऋतुराज सिन्हा ने भी युवा कार्यकर्ताओं की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि देशभर में युवाओं के लिए रोजगार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं, सबका साथ सबका विकास के थीम पर कार्य हो रहा है। उन्होंने संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने पर विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने युवा नेताओं को सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। वही इस संक्षिप्त मुलाकात के दौरान आगामी चुनावी रणनीतियों, जनसंपर्क अभियान और पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, युवाओं को डिजिटल माध्यमों के जरिए जोड़ने और संगठन को तकनीकी रूप से मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के अंत में ऋषभ राज सिंह ने ऋतुराज सिन्हा का मार्गदर्शन प्राप्त करने पर आभार व्यक्त किया और संगठन के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। बता दें कि ऋषभ राज बड़हरा के पूर्व विधायक आशा देवी और कुंवर सेना अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के पुत्र है। ऋषभ इन दिनों राजनीति में काफी सक्रिय है, क्षेत्रीय सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढकर शामिल हो रहे है। खासकर भोजपुर जिले में भाजपा को मजबूत करने, संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में दिन रात युवा नेता ऋषभ राज सिंह सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# दारोगा खमस चौधरी कांड में तीन आरोपित दोषी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश (नवम) गौरव आनंद की अदालत ने जिले के बहुचर्चित दारोगा शहादत कांड में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। हालांकि सजा के बिंदु पर अभी फैसला सुरक्षित रखा गया है। न्यायालय ने सजा सुनाने के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है।यह मामला नावकोठी थाना कांड संख्या 185/2023 से जुड़ा है। न्यायालय ने इस कांड में आरोपित रितेश कुमार, मनीष कुमार एवं कृष्ण कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (2), 353 एवं 323 के तहत दोषी पाया है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विपिन राय ने कुल नौ गवाहों की गवाही प्रस्तुत की। गवाहों के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध आरोप सिद्ध माना। अभियोजन के अनुसार, 19-20 दिसंबर 2023 की रात्रि में नावकोठी थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी उस क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना के आलोक में पुलिस अवर निरीक्षक खामस चौधरी तीन होमगार्ड जवानों के साथ छतौना स्थित बूढ़ी गंडक नदी पुल के समीप वाहन जांच में जुटे थे। इसी क्रम में देर रात एक कार वहां पहुंची। पुलिस को देखते ही कार सवारों ने तेज गति से वाहन चलाते हुए भागने का प्रयास किया। इस दौरान वाहन ने पुलिस अवर निरीक्षक खामस चौधरी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वे सड़क किनारे गिर पड़े और उनका सिर पत्थर से टकरा गया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना में एक होमगार्ड जवान भी घायल हो गया था। घटना के संबंध में नावकोठी थाना प्रभारी परशुराम सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ किया था। जांच के उपरांत आरोप पत्र दाखिल किया गया जिसके बाद मामले की सुनवाई न्यायालय में चल रही थी। मृतक पुलिस अवर निरीक्षक खामस चौधरी मधुबनी जिले के निवासी थे। उनकी ड्यूटी के दौरान हुई मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई थी। अब इस मामले में सजा को लेकर अंतिम निर्णय 15 अप्रैल को सुनायी जाएगी।

# बीडीओ ने पंचायत सेवकों के साथ की बैठक

**चांदन (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड आई टी प्रोद्योगिकी भवन चांदन के सभागार में आज मंगलवार को बीडीओ अंजेश कुमार ने ग्राम पंचायत के सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य रूप से विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें सोलर लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, फैमिली आईडी, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि कल्याणकारी योजना शामिल थे। बीडीओ अंजेश कुमार सभी ग्राम सचिवों व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करें।साथ ही उन्होंने जोर दिया कि इन योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जिसके लिए सभी अधिकारी शासनादेश के अनुसार प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अवनिस कुमार, लेखापाल सुरज कुमार, हर्षवर्धन कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार पंचायत सेवक चंदन कुमार, आशीष कुमार, रंधीर कुमार, कल्याण नीरज सहित सभी पंचायत व पंचायत कर्मी मौजूद थे।

# जोगबनी रेलवे स्टेशन का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मालीगांव गुवाहाटी के महाप्रबंधक चेतन श्रीवास्तव ने जोगबनी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, पार्किंग स्टैंड तथा समग्र स्टेशन क्षेत्र के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिसके लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। इस अवसर पर कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर प्रभात रंजन सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय से प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सह प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी उत्तम प्रकाश भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेशन के विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

# समाज के समग्र विकास के लिए अब और मजबूती से काम करेगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस

**पटना में दो बड़े आयोजनों की शानदार सफलता से अंतरराष्ट्रीय संस्था का बढ़ा उत्साह | ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने सभी विशिष्ट अतिथियों और सहयोगियों के प्रति जताया आभार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/औरंगाबाद।** महादेवी वर्मा सम्मान समारोह तथा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बिहार में हुई पहली बैठक की शानदार सफलता से उत्साहित ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कायस्थों के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ाने के लिए अब और सशक्त होकर काम करेगा। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रवक्ता कमल किशोर ने आज यहां कहा कि महादेवी वर्मा सम्मान समारोह ने सामाजिक, बौद्धिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक एकजुटता का विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों समेत अन्य कई देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप हासिल हुआ। इससे यह साबित हुआ कि पूरी दुनिया में छायावाद की





सबसे मजबूत स्तंभ एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित महादेवी वर्मा की स्मृति में आयोजित होने वाला यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन है। जीकेसी के प्रमुख पदाधिकारियों ने पांच अप्रैल को बापू टावर सभागार में आयोजित महादेवी वर्मा सम्मान समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार सरकार के मंत्रियों श्रवण कुमार, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर समेत कई आयोगों के अध्यक्षों, विधान पार्षदों और विशिष्ट अतिथियों की गौरवपूर्ण उपस्थिति के लिए विशेष आभार जताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता का भी एक विशिष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कायस्थ जाति अपने साथ-साथ समाज की सभी जातियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर चलती है और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। श्री प्रसाद, श्रीमती रंजन एवं श्री किशोर ने कहा कि पूर्व वरिष्ठ आइएएस अधिकारी एवं बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गिरीश चंद्र लाल, मेजर जनरल अनुज माथुर तथा सेवानिवृत्त आइएएस श्यामजी सहाय को महादेवी वर्मा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया है। कार्यक्रम में ऐसी विशिष्ट हस्तियों की मौजूदगी से आयोजन की खूबसूरती बढ़ी। इसके साथ ही महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान जिन 22 विभूतियों को प्रदान किया गया, वे अपने-अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर हैं। कॉन्फ्रेंस ने आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय तथा पटना की पूरी टीम के पदाधिकारियों नवीन कुमार, दीपक कुमार अभिषेक, लाला सौरभ वर्मा, धनंजय प्रसाद, निलेश रंजन, नम्रता आनंद, अनिल कुमार दास, आशुतोष ब्रजेश, मुकेश महान समेत सभी सदस्यों को विशिष्ट सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## औरंगाबाद विधायक ने सीएम योगी से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौश्रान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को औरंगाबाद जिले के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र सूर्य मंदिर देव का प्रतीक चिन्ह स्मृति स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर की ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विधायक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के



विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने देव सूर्य मंदिर में आयोजित होने वाले छठ महापर्व और अन्य धार्मिक आयोजनों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री को वहां पधारने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए समय की उपलब्धता के अनुसार देव सूर्य मंदिर आने की सहमति जताई। उन्होंने औरंगाबाद की सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है।

## बाल यौन उत्पीड़न मामले का अभियुक्त दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने मामले में अभियुक्त को दोषी करार किया गया है। मामले में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने देव थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र अभियुक्त को दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि सासाराम के रहने वाले अभियुक्त शशीभुषण कुमार को भादंवि धारा -366 और 12 पॉक्सो एक्ट में दोषी ठहराते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया। सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि 15 अप्रैल 2026 निर्धारित किया गया है। श्री मेहता ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने अपने पिता को 20 मई 2024 की शाम बताया कि शौच के लिए जा रहे हैं लेकिन वापस नहीं लौटी तो खोजबीन के दौरान पता चला कि अमुक मोबाइल नंबर के व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर कर बाइक से भगा ले गया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस जांच में मोबाइल लोकेशन से पता चला कि दोनों राजस्थान में है। पुलिस दबाव से बरामद पीड़िता को एक माह बाद परिजनों को सौंप दिया गया था।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी कर्मियों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस केंद्र में मंगलवार को 'लाइन डे' का आयोजन बड़े ही सुव्यवस्थित और अनुशासित माहौल में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने लाइन डे पर सभी पदाधिकारियों और जवानों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उसका शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल की कार्यक्षमता को बढ़ाना, अनुशासन को सुदृढ़ करना तथा दैनिक कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक है कि हर पुलिसकर्मी अपने कार्यों को ईमानदारी, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ निभाए। उन्होंने थानों में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और साफ-सफाई पर भी ध्यान देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस बल का मनोबल ऊंचा रहना बहुत जरूरी है। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि जवानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



## विभिन्न मामलों में फरार पांच वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि विशुनपुरा गांव निवासी नागेंद्र राम (पिता बनवारी राम) तथा कारा टोला दूबे बिगहा निवासी राकेश कुमार (पिता स्व. उपेंद्र सिंह) के विरुद्ध दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था। जारी वारंट के आलोक में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा देवकली गांव निवासी धीरेंद्र सिंह (पिता स्व. व्यास सिंह), उनकी पत्नी समता देवी तथा श्री गोरेया निवासी पवन कुमार (पिता अजय सिंह) के विरुद्ध भी वारंट जारी था। पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत इन तीनों को भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में फरार अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।

## महामाया कॉलेज में डीएलएड के नए सत्र का शुभारंभ, प्रशिक्षुओं में उत्साह

**आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को कॉलेज की ओर से दी जाएगी हर संभव सहायता**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के देवकली स्थित महामाया कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डीएलएड प्रथम वर्ष सत्र 2025S27 की कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों की औपचारिक शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत इंडक्शन प्रोग्राम के साथ हुई, जिसमें नव आगंतुक प्रशिक्षुओं को कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, प्राचार्य दुर्गा सिंह एवं दुर्गेश कुमार मिश्र ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक बनना एक



गौरवपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक समाज को दिशा देने का कार्य करता है और उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पहले ही दिन कॉलेज परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने शिक्षक बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाते हुए इस पेशे को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनाने का संकल्प लिया। कॉलेज के शिक्षकों धीरज कुमार, बृजेश कुमार, शुभम कुमार, यश कुमार, प्रमोद कुमार, अजीत कुमार एवं अमित कुमार ने परिचय सत्र के दौरान पाठ्यक्रम, लेसन प्लान, प्रशिक्षण एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, कॉलेज के संस्थापक विनय प्रसाद ने उम्मीद जताई कि इस सत्र के विद्यार्थी न केवल अच्छे शिक्षक बनेंगे, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कॉलेज की ओर से हर संभव सहायता दी जाती है ताकि कोई भी छात्र आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। अंत में उन्होंने सभी छात्रों से नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि अनुशासन और निरंतरता ही सफलता की कुंजी है जिससे पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## साइबर पुलिस ने रिकवर किये एक लाख से अधिक रूपये, विभिन्न मामलों में 17 गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती मामले में एक, हत्या के प्रयास में चार, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 35 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 27.50 लीटर देसी शराब, 240 लीटर स्प्रिट, 2 बाइक, एक ट्रैक्टर, एक मोबाइल फोन, 100 सीएफटी बालू, 250 बोतल, 2170 ढक्कन एवं 170 स्टिकर बरामद किया गया है। 208 वारंट एवं तीन कुर्की का निष्पादन किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1076 वाहनों की जांच की गई जिसमें 266500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 120000 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## अग्नि सुरक्षा को ले चलाया विशेष जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुमंडल अग्निशमालय औरंगाबाद क्षेत्र में घनी आबादी वाले इलाकों में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मियों के सहयोग से अवैध विद्युत वायरिंग एवं ट्रांसफॉर्मरों पर ओवरलोड की स्थिति की जांच की गई। अभियान का नेतृत्व सहायक अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी कुंदन कुमार ने किया। उनके साथ अग्निक हरेराम सिंह एवं अग्निक चालक आलोक कुमार भी मौजूद रहे। जांच अभियान के तहत शहर के प्रमुख एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों साईं मंदिर क्लब रोड, शनि मंदिर क्लब रोड, सोशल क्लब, मुन्ना बैटरी के पास, गुप्ता हॉल सराय रोड, पोस्ट ऑफिस के पास सब्जी मंडी, ओल्ड जीटी रोड, नवाडीह रोड, एमजी रोड, बॉम्बे बाजार, वी-मार्ट एवं वी2 के आसपास, रमेश चौक, कचहरी परिसर, नगर थाना क्षेत्र तथा कर्मा रोड वन विभाग के समीप सहित कुल 22 स्थानों पर सघन जांच की गई। अभियान के दौरान सभी ट्रांसफॉर्मरों पर लोड की स्थिति का आकलन किया गया तथा अवैध वायरिंग की पहचान कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से सुरक्षित विद्युत उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि लापरवाही से अग्नि दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे ताकि संभावित अग्निकांड की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



## लंबित गैस बुकिंग की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6743 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6665 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 07 अप्रैल 2026 तक जिला में कुल 117 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## मनचलों की खैर नहीं, अभया ब्रिगेड पूरी तरह हुई सक्रिय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षा को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने जिले के सभी थाना क्षेत्र में छात्राओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता और सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को नरारीकला खुर्द थाना अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साईबर अपराध से बचाव, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त जीवन, महिला सशक्तिकरण संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के अनुसार इस अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी, त्वरित सहायता हेतु गठित अभया ब्रिगेड तथा पुलिस से संपर्क के प्रभावी माध्यमों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, उपलब्ध कानूनी सहायता तथा पुलिस की त्वरित सेवाओं से जोड़ना है ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में वे बिना झिझक पुलिस सहायता प्राप्त कर सकें। सभी थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए सतत कार्यरत हैं। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता हेतु डायल 112 की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है, जिसके माध्यम से पीड़ित तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसकी भी जानकारी भी उपस्थित छात्रों को दी गई है। स्कूल के इर्द-गिर्द अब कोई भी रोमियो घूमते नजर आए तो उनका अब खैर नहीं है लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले पर भी पुलिस की विशेष नजर है। साथ ही स्कूल की छात्राओं को बताया जा रहा है कि अगर आपके साथ किसी भी तरह का कोई अप्रिय घटना या परेशान कर रहा है तो आप तुरंत थाने पहुंचे और महिला डेक्स पर शिकायत करें। डायल 112 पर भी कॉल कर सकते हैं पुलिस फौरन पहुंचेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

**विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन**

## स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति : डॉ शोभा रानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के जसोइया स्थित शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम में एएनएम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता, पोषण, रोग-निवारण और स्वस्थ जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत







किए। प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी सत्र (2023-25) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ज्योति कुमारी द्वितीय और नगमा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संस्थान की चेयर पर्सन डॉ शोभा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने छात्राओं को न केवल अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के शिक्षकों ने भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली से उत्पन्न बीमारियों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता बताई। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और छात्राओं की रचनात्मकता ने सभी को प्रभावित किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्थान परिवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर चलाया वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर मंगलवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर संचालित किया गया। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। जांच के दौरान सड़क पर गुजरने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों को रोककर बारीकी से जांच-पड़ताल की गई। अभियान के तहत पुलिस टीम ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट उपयोग, ट्रिपल लोडिंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा चारपहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट उपयोग की भी विशेष रूप से पड़ताल की गई। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए वाहनों की डिक्की, कागजात और आवश्यकतानुसार यात्रियों की भी जांच की गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार वाहन जांच का मुख्य मकसद आम लोगों को परेशान करना नहीं बल्कि उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित करना है।